हिन्दी दैनिक

# प्रत्यूष नवबिहार

जोहार

रांची संस्करण

रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित

www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com

रांची • सोमवार • 09.02.2026 • वर्ष : 16 • अंक : 195 • पृष्ठ : 12 • आमंत्रण मूल्य : ~~3 रुपये~~ 2 रुपये

# आतंकवाद पर नो डबल स्टैंडर्ड्स नो कंप्रोमाइज : प्रधानमंत्री मोदी

## भारत-मलेशिया साझेदारी को मिलेगी नई गति

एजेंसी

**पुत्राजाया :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को मलेशिया दौरे के दूसरे दिन कहा कि मलेशिया में भारत के श्रमिकों के संरक्षण के लिए सोशल सिक्योरिटी एग्रीमेंट, पर्यटन के लिए ग्रेटिस ई-वीजा तथा डिजिटल इंटरफेस यूपीआई का मलेशिया में लागू होना जैसे कदम दोनों देशों के नागरिकों के जीवन को सरल बनाएंगे। उन्होंने कहा कि आज की चुनौतियों का समाधान करने के लिए वैश्विक संस्थानों में सुधार आवश्यक है। भारत-मलेशिया शांति के सभी प्रयासों का समर्थन करते रहेंगे और आतंकवाद के मुद्दे पर दोनों देशों का संदेश स्पष्ट है- नो डबल स्टैंडर्ड्स, नो कंप्रोमाइज। मलेशिया की प्रशासनिक और न्यायिक राजधानी पुत्राजाया में मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम के साथ संयुक्त प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत और मलेशिया के संबंध अत्यंत विशेष हैं। दोनों देश समुद्री पड़ोसी हैं और सदियों से उनके लोगों के बीच गहरे और आत्मीय संबंध रहे हैं। आज मलेशिया भारतीय मूल की आबादी वाला दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा देश है, जो दोनों देशों के बीच मानवीय रिश्तों की मजबूती को दर्शाता है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि पिछले वर्ष वह आसियान से जुड़े कार्यक्रम के लिए मलेशिया नहीं आ पाए थे, लेकिन आज वर्ष 2026 की पहली विदेश यात्रा में मलेशिया आकर उन्हें अत्यंत प्रसन्नता हो रही है। बीते कुछ वर्षों में भारत-मलेशिया संबंधों ने नई गति पकड़ी है, जिसमें प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम का विशेष योगदान रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि दोनों देशों के बीच ऊर्जा, अवसंरचना और विनिर्माण क्षेत्रों में सहयोग मजबूत हुआ है। डिजिटल अर्थव्यवस्था, बायोटेक और आईटी में आपसी निवेश बढ़ा है, जबकि पर्यटन और लोगों के बीच संपर्क भी गहरे हुए हैं। इन उपलब्धियों से प्रेरित होकर दोनों देशों ने साझेदारी को अभूतपूर्व गति और गहराई देने का निर्णय लिया है। सुरक्षा के क्षेत्र में सहयोग को लेकर प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत और मलेशिया काउंटर टेररिज्म, इंटेलिजेंस शेयरिंग और समुद्री सुरक्षा में आपसी सहयोग को और मजबूत करेंगे। रक्षा सहयोग को भी और व्यापक बनाया जाएगा। एआई और डिजिटल टेक्नोलॉजी के अलावा सेमीकंडक्टर, स्वास्थ्य और खाद्य सुरक्षा के क्षेत्रों में साझेदारी को आगे बढ़ाने पर सहमति बनी है। प्रधानमंत्री ने कहा कि सीईओ फोरम आयोजित होने से व्यापार और निवेश के नए अवसर खुले हैं और दोनों देश रणनीतिक विश्वास के जरिए आर्थिक परिवर्तन का रास्ता बनाएंगे। उन्होंने मलेशिया में भारतीय प्रवासियों से मुलाकात का जिक्र करते हुए कहा कि लगभग 30 लाख भारतीय प्रवासी दोनों देशों के बीच एक लिविंग ब्रिज हैं। उनके कल्याण के लिए उठाए गए कदम भारत-मलेशिया संबंधों को मानवीय आधार प्रदान करते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत और मलेशिया को तमिल भाषा के प्रति साझा प्रेम भी जोड़ता है। मलेशिया में तमिल की मजबूत और जीवंत उपस्थिति शिक्षा, मीडिया और सांस्कृतिक जीवन में स्पष्ट रूप से दिखाई देती है। दृश्य-श्रव्य सहयोग से फिल्म और संगीत, विशेषकर तमिल फिल्में, दोनों देशों के लोगों को और करीब लाएंगी। उन्होंने कहा कि युवाओं के लिए यूनिवर्सिटी एक्सचेंज, स्टार्टअप कनेक्ट और स्किल डेवलपमेंट के अवसर बढ़ाए जा रहे हैं। बढ़ते द्विपक्षीय संबंधों को समर्थन देने के लिए मलेशिया में नया भारतीय कांसुलेट खोलने का भी निर्णय लिया गया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि इंडो-पैसिफिक क्षेत्र वैश्विक विकास का इंजन बनकर उभर रहा है। भारत, आसियान के साथ पूरे इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में विकास, शांति और स्थिरता के लिए प्रतिबद्ध है और आसियान सेंट्रलिटी को प्राथमिकता देता है। उन्होंने मलेशिया की सफल आसियान अध्यक्षता के लिए प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम को बधाई दी। प्रधानमंत्री ने कहा कि दोनों देशों ने सहमति जताई है कि आसियान-भारत व्यापार समझौते (आईटीजीए) की समीक्षा शीघ्र पूरी की जानी चाहिए। क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर सार्थक चर्चा हुई है। वैश्विक अस्थिरता के मौजूदा माहौल में भारत और मलेशिया की बढ़ती मित्रता दोनों देशों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।



## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 26 फरवरी को जमशेदपुर में, श्री जगन्नाथ मंदिर की रखेंगी आधारशिला

**जमशेदपुर :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 26 फरवरी को जमशेदपुर में प्रस्तावित श्री जगन्नाथ मंदिर और आध्यात्मिक केंद्र की आधारशिला रखेंगी। इस अवसर पर विधिवत भूमि पूजन भी किया जाएगा। यह जानकारी श्री जगन्नाथ आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक धर्मार्थ केंद्र न्यास के प्रबंध न्यासी एस.के. बेहरा ने शनिवार को दी। एस.के. बेहरा ने बताया कि राष्ट्रपति द्वारा मंदिर परिसर की आधारशिला रखे जाने के साथ ही न्यास की इस महत्वाकांक्षी परियोजना की औपचारिक शुरूआत होगी। उन्होंने कहा कि मंदिर की संपूर्ण संरचना को तैयार होने में लगभग चार वर्ष का समय लगेगा, हालांकि न्यास की प्राथमिकता आध्यात्मिक केंद्र को पहले पूरा कर उसे शीघ्र संचालित करने की है। प्रबंध न्यासी के अनुसार यह आध्यात्मिक केंद्र शोधार्थियों और विद्यार्थियों के लिए एक महत्वपूर्ण केंद्र के रूप में विकसित किया जाएगा। यहां आध्यात्मिक विज्ञान, संस्कृति और विरासत से जुड़े अध्ययन एवं शोध को प्रोत्साहन मिलेगा, जिससे युवाओं को नैतिक और बौद्धिक दिशा मिल सकेगी। उन्होंने बताया कि करीब 2.5 एकड़ क्षेत्र में बनने वाला यह मंदिर पूरी तरह पत्थरों से निर्मित होगा। मंदिर की वास्तुकला में पारंपरिक शैली और उत्कृष्ट शिल्पकला का विशेष ध्यान रखा जाएगा। आध्यात्मिक केंद्र और मंदिर के गर्भगृह को समय पर पूरा करने के लिए निर्माण कार्य तेजी से जारी है। एस.के. बेहरा ने यह भी बताया कि इस परियोजना की नींव उस समय पड़ी थी, जब द्रौपदी मुर्मू झारखंड की राज्यपाल थीं और उसी दौरान इसके लिए भूमि का आवंटन किया गया था।

## ग्रामीण विकास विभाग के दर्जन भर इंजीनियरों को ईडी का सम्मन

**रांची :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने ग्रामीण विकास विभाग में कमीशनखोरी के मामले में दर्जन भर इंजीनियरों को सम्मन जारी किया है। इन्हें अलग-अलग तारिखों को पूछताछ के लिए हाजिर होने को कहा गया है। ग्रामीण विकास विभाग में कमीशनखोरी की रकम की मनी लाउंड्रिंग के आरोप में 22 के खिलाफ पीएमएलए के विशेष न्यायाधीश की अदालत में आरोप पत्र दायर किया जा चुका है। जानकारी के मुताबिक ईडी ने ग्रामीण विकास विभाग में विकास योजनाओं के क्रियान्वयन के दौरान कमीशन वसूली के पूरे चेन पर कार्रवाई करने के उद्देश्य से आगे की जांच शुरू की है। इस दौरान विभाग से संबंधित दर्जन भर इंजीनियरों समन जारी किया गया है। इसमें कार्यपालक अभियंता, सहायक अभियंता और कनीय अभियंता शामिल है। ग्रामीण विकास विभाग मे अब तक की जांच के दौरान ईडी को इस बात की जानकारी मिली थी कि टेंडर प्रक्रिया में ठेकेदारों से पैसा वसूल कर बड़े अधिकारियों तक पहुंचाया जाता है। ईडी ने इस वसूली के इस चेन में शामिल लोगों का पता लगाने के लिए पूछताछ की प्रक्रिया फिर से शुरू की है। उल्लेखनीय है कि ग्रामीण विकास विभाग में ठेकेदारों से वसूली के मामले में अब तक की जांच के बाद पीएमएलए के विशेष न्यायाधीश की अदालत में तीन आरोप पत्र दायर किया जा चुका है। इसमें आरोपितों की संख्या 22 है। जांच के दौरान विभाग के तत्कालीन मंत्री आलमगीर आलम, मंत्री के आप्त सचिव संजीव लाल, करीबी जहांगीर आलम, मुख्य अभियंता बिरेंद्र राम, आलोक रंजन सहित कुछ अन्य को गिरफ्तार किया गया था। आरोपितों की सूची मे संजीव लाल की पत्नी रीता लाल, बिरेंद्र राम की पत्नी राजकुमारी, पिता गेंदा राम सहित मामले से जुड़े चार्ड अकाउंटेंट और हवाला कारोबारी शामिल है।

## एक नजर

### पंजाब में सात हजार हथियार लाइसेंस होंगे रद

**पंजाब :** पंजाब में संगठित अपराध और गैंगस्टर गतिविधियों पर लगाम कसने के लिए पुलिस प्रशासन सख्त कदम उठाने जा रहा है। इसी के तहत डीजीपी गौरव यादव द्वारा करीब 7 हजार हथियार लाइसेंस रद्द करने के आदेश दिए गए हैं। जानकारी के अनुसार इन लाइसेंसों की दोबारा जांच की जाएगी और नियमों में खामियां पाए जाने पर उन्हें रद्द किया जाएगा। रविवार को चंडीगढ़ में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान डीजीपी गौरव यादव ने बताया कि पंजाब को अपराध और गैंगस्टर नेटवर्क से मुक्त करना पुलिस की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि विदेशों में बैठे गैंगस्टरों को भारत लाने के लिए केंद्र सरकार के सहयोग से आवश्यक प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इसके साथ ही पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के कामकाज की भी समीक्षा की जाएगी, ताकि कानून व्यवस्था को और मजबूत किया जा सके। डीजीपी ने बताया कि हाल ही में चलाए गए ऑपरेशन 'प्रहार' के पहले चरण की शुरूआत 20 जनवरी को की गई थी। इस अभियान के तहत अब तक 5,290 लोगों को गिरफ्तार किया गया, जबकि 2,973 लोगों के खिलाफ एहतियाती हिरासत की कार्रवाई की गई। वहीं, पूछताछ के बाद 5,413 लोगों को रिहा किया गया। उन्होंने स्पष्ट किया कि अवैध गतिविधियों पर सख्ती के तहत करीब 7 हजार हथियार लाइसेंस रद्द किए जाएंगे, जिससे राज्य में अपराध पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया जा सके।

### दिल्ली में फ्लाईओवर पर खड़ी कार में मिले तीन शव

**दिल्ली :** बाहरी दिल्ली के पीरागढ़ी फ्लाईओवर पर रविवार को एक कार के अंदर एक महिला सहित तीन लोगों के शव बरामद किए गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि फ्लाईओवर पर खड़ी एक कार के संबंध में पीसीआर कॉल प्राप्त हुई थी। उन्होंने बताया कि घटनास्थल पर पहुंचने पर आपातकालीन कर्मियों को कार के अंदर तीन लोग मृत मिले, जिसके बाद पुलिस और फॉरेंसिक टीम को सूचित किया गया और इलाके को घेर लिया गया। पुलिस के अनुसार, मृतकों में दो पुरुष और एक महिला शामिल हैं। पुलिस ने बताया कि शवों पर कोई बाहरी चोट के निशान नहीं थे और कार में सभी कीमती सामान सुरक्षित था। प्रथम दृष्टया यह मामला आत्महत्या का प्रतीत होता है। हालांकि, मौतों के कारणों का पता लगाने के लिए विस्तृत जांच जारी है।

### हुमायूं कबीर का बड़ा एलान : बंगाल में निकलेगी 'बाबरी यात्रा'

**मुर्शिदाबाद :** पश्चिम बंगाल के भरतपुर विधानसभा से विधायक हुमायूं कबीर ने ऐलान किया है कि बाबरी मस्जिद के निर्माण कार्य की शुरूआत आगामी 11 फरवरी से की जाएगी। इसके ठीक अगले दिन यानी 12 फरवरी से वे बाबरी यात्रा की शुरूआत करेंगे, जो राज्य के कई हिस्सों से होकर गुजरेगी। इस यात्रा के जरिए उत्तर से दक्षिण बंगाल को जोड़ने का संदेश देने की कोशिश की जा रही है। इस संबंध में रविवार को मुर्शिदाबाद में आयोजित एक पत्रकार सम्मेलन में हुमायूं कबीर ने विस्तृत जानकारी दी। हुमायूं कबीर पहले ही मुर्शिदाबाद के बेलडांगा में बाबरी मस्जिद के निर्माण की घोषणा कर चुके हैं।

## किसानों के हित सर्वोपरि, ट्रेड डील से भारतीय कृषि उत्पादों को कोई नुकसान नहीं : शिवराज



एजेंसी

**भोपाल :** केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भारत और अमेरिका के बीच हुई अंतरिम ट्रेड डील को ऐतिहासिक बताया। उन्होंने कहा कि यह डील पूरी दुनिया को यह संदेश देती है कि भारत की नीति समझौते की है, समझौते में झुकने की नहीं। इस समझौते में ऐसा कोई भी उत्पाद शामिल नहीं है, जिससे भारतीय किसानों को नुकसान पहुंचे। किसानों के हित सर्वोपरि हैं, उन पर कोई आंच नहीं आने दी जाएगी। केंद्रीय कृषि मंत्री चौहान रविवार को अपने भोपाल स्थित आवास पर भारत और अमेरिका के बीच हुई अंतरिम ट्रेड डील को लेकर पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि संतुलित रणनीति अपनाकर सकारात्मक संवाद करते हुए यह ट्रेड डील की गई है। डिप्लोमेसी मतलब राष्ट्र प्रथम, डेवलपमेंट यानी विकसित भारत की दिशा में भारतीय कदम बढ़ाने लिए ट्रेड डील बड़ा आधार है। भारतीय कृषि और किसान की सारी चिंताओं का समाधान इस ट्रेड डील में किया गया है। यह डील हमारे कृषि उत्पादों को नए अवसर प्रदान करती है। उन्होंने कहा कि भारतीय कृषि और किसान को सर्वोपरि रखा गया है। यूपीए की सरकार में भारतीय कृषि अर्थव्यवस्था 11वें स्थान पर थी और अब हम तीसरे स्थान पर पहुंचने की ओर तेजी से अग्रसर हैं। हमारे वो सारे कृषि उत्पाद, जो हमारे किसानों की मूल ताकत है, उन सबको इस समझौते से बाहर रखा गया है। उन्होंने कहा कि भारत और अमेरिका के बीच हुई ट्रेड डील अपने आप में ऐतिहासिक और अभूतपूर्व है। यह भारतीय अर्थव्यवस्था को नई ऊँचाइयाँ और गति देने वाली है। यह समझौता केवल व्यापारिक समझौता नहीं है, बल्कि भारत की बढ़ती वैश्विक प्रतिष्ठा का भी प्रतीक है। उन्होंने कहा कि यह ट्रेड डील डिप्लोमेसी, डेवलपमेंट और डिग्निटी का एक उत्तम उदाहरण है। यह ट्रेड डील हमारे किसानों को न केवल पूरी तरह से सुरक्षित रखती है, बल्कि हमारे कृषि उत्पादों को नए अवसर प्रदान करती है।

## कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई पर मुख्यमंत्री सरमा ने लगाया पाकिस्तानी लिंक का आरोप

एजेंसी

**गुवाहाटी :** मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्व सरमा ने रविवार को असम कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष और लोकसभा में कांग्रेस के उपनेता गौरव गोगोई से जुड़े पाकिस्तान लिंक के आरोपों को बेहद गंभीर बताते हुए कहा कि किसी वर्तमान सांसद का नाम सामने आने से यह मामला सामान्य जांच से कहीं आगे निकल जाता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पाकिस्तानी नागरिक अली तौकीर शेख और कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई की पत्नी एलिजाबेथ गोगोई से जुड़े आरोप राष्ट्रीय सुरक्षा और राजनीतिक दृष्टि से अत्यंत संवेदनशील हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि जब संसद का एक सदस्य, वह भी विपक्ष का वरिष्ठ नेता, ऐसे मामलों में नामजद होता है, तो इसकी गंभीरता कई गुना बढ़ जाती है। डॉ. हिमंत बिस्व सरमा राजधानी दिसपुर के लोक सेवा भवन में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि मामले की शुरूआती जांच असम पुलिस की विशेष जांच टीम (एसआईटी) ने की थी, जिसके बाद सीआईडी पुलिस थाने में औपचारिक मामला दर्ज किया गया। एसआईटी की रिपोर्ट पर विचार के बाद राज्य मंत्रिमंडल इस निष्कर्ष पर पहुंचा कि मामले की प्रकृति और दायरा ऐसा है, जिसकी जांच किसी केंद्रीय एजेंसी से कराई जानी चाहिए। इसी के तहत केस को आगे की कार्रवाई के लिए गृह मंत्रालय को भेजने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने कहा कि मंत्रालय से सकारात्मक जवाब मिलने के बाद मामला औपचारिक रूप से केंद्र सरकार को सौंप दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई की पाकिस्तानी दूतावास यात्रा को लेकर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि जब वह स्वयं असम में निवेश आकर्षित करने के लिए सिंगापुर में थे, तभी एक तस्वीर वायरल हुई थी, जिसमें गोगोई युवाओं के एक समूह के साथ दिल्ली स्थित पाकिस्तानी दूतावास जाते दिखाई दे रहे थे। डॉ. हिमंत बिस्व सरमा के अनुसार, उस समय भारत में पाकिस्तान के उच्चायुक्त रहे अब्दुल बासित भी वहां मौजूद थे। उन्होंने स्वीकार किया कि शुरूआत में उन्हें यह तस्वीर फर्जी लगी, लेकिन बाद में कांग्रेस नेताओं द्वारा ही इसे सही ठहराए जाने के बाद जांच का दायरा बढ़ाया गया। राष्ट्रीय भावना का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने कारगिल युद्ध में शहीद हुए असम के कैप्टन जिन्टू गोगोई का उदाहरण दिया और कहा कि पाकिस्तान को लेकर देश की भावनाएं और राष्ट्रीय सुरक्षा पर रुख सभी को भली-भांति ज्ञात है। मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्व सरमा ने यह भी आरोप लगाया कि पाकिस्तानी नागरिक अली तौकीर शेख, जो अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत की आलोचना करता रहा है, उसे कांग्रेस नेतृत्व वाली यूपीए सरकार के दौरान 13 बार भारत आने की अनुमति दी गई। उन्होंने दावा किया कि यह सभी यात्राएं उस समय हुईं, जब गौरव गोगोई और उनकी पत्नी एलिजाबेथ गोगोई सत्ता तंत्र से जुड़े हुए थे। उन्होंने यह भी कहा कि 2014 के बाद केंद्र में सरकार बदलते ही शेख की भारत यात्राएं पूरी तरह बंद हो गईं।

## समान नागरिक संहिता का विचार अच्छा है : डॉ. मोहन भागवत

एजेंसी




**मुंबई :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने रविवार को मुंबई में कहा कि समान नागरिक संहिता का विचार अच्छा है। विविधता में भी हमारा कोई विरोध नहीं है। यदि समानता से देश की एकता मजबूत होती है तो हमारा उसे समर्थन है। उन्होंने यह भी कहा कि स्वातंत्र्यवीर विनायक दामोदर सावरकर को भारत रत्न मिला तो उस सम्मान का सम्मान ही बढ़ेगा। संघ प्रमुख डॉ. भागवत आज राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्थापना के 100 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर मुंबई में आयोजित 'नए क्षितिज' कार्यक्रम के दूसरे दिन के दूसरे सत्र को संबोधित कर रहे थे। संघ प्रमुख ने अपने संबोधन में कहा कि समान नागरिक संहिता का विचार अच्छा है। विविधता में भी हमारा कोई विरोध नहीं है। यदि समानता से देश की एकता मजबूत होती है तो हमारा उसे समर्थन है। उसके लिए संघर्ष की स्थिति पैदा न हो। उत्तराखंड राज्य ने समान नागरिक संहिता के संबंध में पहले प्रस्ताव किया, फिर लोगों के सुझाव मांगे, तीन लाख सुझाव आए। उसके बाद उन्होंने कानून बनाया। कानून बन जाना पर्याप्त नहीं है। कानून का पालन होना चाहिए। इस सबके बावजूद हम विविधता में एकता के पक्षधर हैं। हम एक समाज है, हमें अल्पसंख्यक और बहुसंख्यक मानकर विचार नहीं करना चाहिए। अलग-अलग होने पर हम सब अल्पसंख्यक ही हैं। संघ प्रमुख डॉ. भागवत ने कहा कि बुद्ध ने अपने धर्म को भी सनातन धर्म ही कहा है। हिन्दू अपने आप में कोई धर्म नहीं है। सनातन धर्म की दो शाखाएँ-वैदिक धर्म और बौद्ध धर्म हैं। आज जो इस्लाम का स्वरूप दिख रहा है, वह मोहम्मद साहब का इस्लाम नहीं है। आज जो ईसाइयत है, वह ईसा मसीह की ईसाइयत नहीं है। आज का इस्लाम और ईसाइयत उनकी आध्यात्मिक अवधारणा को छोडकर राजनीतिक वर्चस्व के रास्ते पर चल निकले हैं। वे सच्चे इस्लाम और सच्ची ईसाइयत की ओर लौटें, इसकी आवश्यकता है। हिंदू को सबको अपनेपन और शांति की बात करनी है। हिंदू के बारे में बस इतना हो जाए कि इनका कोई बाल-बाँका नहीं कर सकता। उन्होंने कहा कि आज के दौर में कोई एकाकी नहीं रह सकता, अन्तरराष्ट्रीय स्तर पर डील करनी ही पड़ती है। उसमें कुछ लेना पड़ता है तो कुछ छोडा भी पड़ता है। अपने हित में क्या है, इसका ध्यान रखना ही चाहिए। हमें विश्वास है कि वर्तमान समय में उसका ध्यान रखा ही गया होगा। पिछले 10 वर्षों का जो एडमिनिस्ट्रेशन है, वह अड़नेवाला और तन कर खड़ा रहने वाला है। ज्ञान तो सारी दुनिया से आना चाहिए, परंतु जो लेना है, परिक्षण करके लेना चाहिए। बिना अपने देश की आकांक्षा, परंपरा और किसानों के हित को जाने, नया है इसलिए बराबर स्वीकार कर लेना ठीक नहीं। इसलिए हमारा संवेदनशील होना ठीक है। उन्होंने कहा कि भाजपा के सत्ता में आने से हमारे अच्छे दिन शुरू हुए, ऐसा नहीं है। बल्कि उसका उल्टा है। हम राम मंदिर के पक्ष में खड़े हुए, जो राजनीतिक पक्ष उस पक्ष में खड़े हुए, उसको लाभ हुआ। बाकी दलों के लोग साथ नहीं आए। आपातकाल, गुरूजी जन्मशती, राम मंदिर आंदोलन का आदि के माध्यम से आप सभी के सहयोग और स्वयंसेवकों के पुरूषार्थ से ही हमारे अच्छे दिन आए हैं। उसका लाभ हमारा समर्थन करने वालों को मिला है। कम्युनिस्ट पार्टी का 100 वर्षों में विस्तार नहीं हुआ, यह प्रश्न उनसे पूछना चाहिए। अगर वे हमसे आकर पूछते हैं, तो हम उनका मार्गदर्शन करने को तैयार हैं। सिद्धांतहीन राजनीति चल जाती है, इसलिए चलाते हैं। जब पता चलेगा कि नहीं चलेगी तो वे करना बंद कर देंगे। संस्कृत बोलनी चाहिए, भाषा वही जीवित रहती है, जो चलन में रहती है। जेन जी भी यह समझ रही है कि आइडेंटिटी नाम की एक चीज है। हम नई पीढ़ी को उनकी भाषा में अपनी थाती सौंप सकते हैं क्या? क्या जो हिन्दुत्व हम उन्हें सौंपना चाहते हैं, वह हिन्दुत्व हम समझ चुके हैं।

## मणिपुर : अलग-अलग अभियानों में उग्रवादी संगठनों के तीन कैडर गिरफ्तार

एजेंसी

**इंफाल :** राज्य में जबरन वसूली और आपराधिक गतिविधियों में शामिल लोगों को पकड़ने के लिए इंटेलिजेंस आधारित कॉम्बिंग, घेराबंदी और तलाशी अभियान बड़े पैमाने पर चलाए जा रहे हैं। मणिपुर पुलिस मुख्यालय की तरफ से आज जारी बयान के अनुसार शनिवार को सुरक्षा बलों ने प्रीपाक (प्रो) के एक सक्रिय जबरन वसूली करने वाले कैडर, सगोलसेम जॉयचंद्र सिंह (47) उर्फ बुंगचा, जो काकवा मखा नामेइरकपम लीकाई का रहने वाला है, को इंफाल पूर्वी जिले के इरिलबंग थाना क्षेत्र के कोंगबा नंदेइबम लीकाई इलाके से गिरफ्तार किया गया। उसके पास से एक मोबाइल फोन, 40 रुपये समेत एक बटुआ और एक आधार कार्ड बरामद किया गया। इसी दिन सुरक्षा बलों ने प्रीपाक के एक सक्रिय कैडर, सेराम मणिमतुम मीतेई उर्फ मणि (20) को गिरफ्तार किया गया। आरोपित इंफाल पश्चिम जिला के सेकमाई थानांतर्गत सेन्जम खुनौ मयाई लीकाई का रहने वाला है। उसे उसके घर से गिरफ्तार किया गया। उसके पास से एक मोबाइल फोन जब्त किया गया। वहीं, अन्य एक अभियान में सुरक्षा बलों ने काकचिंग जिला के काकचिंग थानांतर्गत काकचिंग लमखाई इलाके से एक जबरन वसूली करने वाले केवाकेएल कैडर तखेलंबम मोहन सिंह (31) को गिरफ्तार किया गया। आरोपित काकचिंग जिला के पल्लेल मानिंग लीकाई का रहने वाला है। उसके पास से एक मोबाइल फोन जब्त किया गया। उल्लेखनीय है कि सुरक्षा बल जिलों के सीमावर्ती और संवेदनशील इलाकों में तलाशी अभियान और एरिया डोमिनेशन जारी रखे हुए हैं। इसी कड़ी में शनिवार को मणिपुर के अलग-अलग जिलों में, पहाड़ों और घाटी दोनों में, कुल 114 नाके/चेकपॉइंट लगाए गए, हालांकि किसी को हिरासत में नहीं लिया गया।

## एक नजर

### गैर मजरूआ जमीन मुद्दे पर आज अहम बैठक



**बड़कागांव** : किसान संघर्ष समिति के बैनर तले आज सूर्य मंदिर प्रांगण में पकरी बरवाडीह कोल माइंस परियजना विस्थापित एवं प्रभावित क्षेत्र अंतर्गत गैर मजरूआ जमीन को लेकर बड़कागांव प्रखंड के ग्रामीणों की अहम बैठक की जाएगी। उक्त आशय की जानकारी किसान संघर्ष समिति के सचिव डॉक्टर बालेश्वर महतो ने दी है।

### पहली बार भव्य बिजनेस कॉन्क्लेव 09 फरवरी को व्यापारियों, उद्यमियों और स्टार्टअप्स को मिलेगी नई दिशा




**बरही** : बरही की धरती पर पहली बार भव्य बिजनेस कॉन्क्लेव का आयोजन होने जा रहा है, जिससे क्षेत्र के व्यापारियों, उद्यमियों और युवा स्टार्टअप्स को नई दिशा मिलने की उम्मीद है। यह कार्यक्रम 09 फरवरी, सोमवार को बरही स्थित बरही टाउन हॉल में आयोजित किया जाएगा। जिसमें शहर और आसपास के क्षेत्रों के व्यापारियों का स्वागत किया जाएगा। कॉन्क्लेव में प्रतिष्ठित विशेषज्ञ और उद्योग जगत से जुड़े वक्ता अपने अनुभव साझा करेंगे। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता ह्रब्रोकन प्रॉमिसेसह्र के लेखक मृत्युंजय शर्मा होंगे। इसके साथ ही प्रमुख वक्ताओं में बिजनेस कंसल्टेंट पंकज सोनी, सीए कंसल्टेंट अभिषेक कुमार , प्रसिद्ध व्यवसायी आशीष कुमार तथा बिजनेस एडवाइजर रंजीत चंद्रवंशी शामिल रहेंगे, जो आधुनिक बिजनेस मॉडल, वित्तीय प्रबंधन, मार्केटिंग रणनीतियों और नए निवेश अवसरों पर विस्तार से जानकारी देंगे। इस कॉन्क्लेव का मुख्य उद्देश्य बरही जैसे छोटे शहरों में व्यापार की अपार संभावनाओं को पहचान दिलाना और स्थानीय व्यापारियों को नए युग की तकनीकों व योजनाओं से जोड़ना है। विशेषज्ञों के मार्गदर्शन से व्यापारियों को अपने व्यवसाय के विस्तार, बेहतर प्रबंधन और प्रतिस्पर्धात्मक बाजार में मजबूत पहचान बनाने के लिए व्यावहारिक सुझाव मिलेंगे, जिससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलने की उम्मीद है। यह आयोजन बरही के देवचंदा मोड़ स्थित श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल की देखरेख में किया जा रहा है। इस अवसर पर स्कूल के प्राचार्य कैलाश कुमार ने कहा, ह्लबरही जैसे छोटे शहरों में व्यापार की अपार संभावनाएं हैं।

# 101 जोड़ों का ऐतिहासिक सामूहिक विवाह उत्सव, सिद्धू-कान्हु मैदान में सजी शाही बारात, भावुक हुए सांसद मनीष जायसवाल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग** : सात फेरों से बंधा जन्मों का ये बंधन, प्यार से रब ने है जोड़ा प्रीत का दामन...। सिद्धू-कान्हु मैदान रामगढ़ में अभूतपूर्व सांसद सामूहिक विवाह उत्सव- 2026 का यह दृश्य जेहन में सदैव यादगार रहेगा। खासकर उन 101 जोड़ों को, जिन्होंने और उनके परिजनों ने कभी कल्पना तक नहीं की होगी कि उनके दूल्हे इस कदर सजी-धजी कार में बैंड, बाजा, बारात के साथ रंग-बिरंगी आतिशबाजियों के बीच झूमते-गाते और नाचते उनके साथ सात फेरे लेंगे। राज्य के महामहिम राज्यपाल समेत कई गणमान्य हस्तियां उनके शादी में शामिल होकर उन्हें सदा सुहागन रहने का आशीर्वाद देंगे और प्रसिद्ध गायक, अभिनेता और सांसद मनोज तिवारी



मृदुल एवं झारखंड के प्रसिद्ध लोकगायक सजनी मोर फेम दीपक तिर्की मंच से अपने सुरों से समां बांधेंगे और नृत्य कर धमाल मचाएंगे। प्रसिद्ध म्यूजिकल फेरे स्पेशल राघव पंडित और उनकी टीम शादी का रस्म अदायगी करायेंगे और लाखों लोग उनके विवाह का साक्षी बनेंगे। लेकिन यह शाही शादी हकीकत में तब्दील थी। दरअसल हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल इन 101 गरीब घरानों की बेटियों के लिए किसी मसीहा से कम नहीं थे। इन जोड़ों को शाही शादी के सपने दिखाए और फिर उनके ख्वाब को पंख भी लगाए। बेटियों के कन्यादान और फिर शादी के बाद विदाई के दौरान मसीहा सांसद मनीष जायसवाल विचलित और भावुक हो गए। नव वर-वधू से कहा कि जिंदगी में कभी किसी चीज की जरूरत हो, इस भाई, इस बेटे को जरूर याद कर लेना। यह मनीष सदैव हाथ जोड़े, शीश नवाए आपके लिए खड़ा मिलेगा। उन्होंने विदाई के वक्त दुल्हनों को बेटी की तरह घर बसाने और दूल्हों को पत्नी एवं परिवार की जिम्मेदारी का भी एहसास कराया और नवजीवन बेहतर ढंग से चलाने का आग्रह किया ।वास्तव में इनमें कुछ ऐसे जोड़े जिनके नेत्र की रोशनी चली गई। कई दिव्यांग थे। कुछ ऐसे लोग थे, जिन्हें दो जून की रोटी भी मुश्किल से मयस्सर हो रही। इन सभी 101 जोड़ों के सुखी दांपत्य जीवन के लिए सांसद मनीष जायसवाल ने गृहस्थ बसाने के साथ जिंदगी चलाने के लिए इलेक्ट्रिक रिक्शा के साथ दर्जनों प्रकार के साजो-सामान के साथ विदाई किया ताकि उनकी आगे की गृहस्थी भी हंसी-खुशी फूले-फले और सुखमय तरीके से चल सके। विवाह समारोह का खास लम्हा रहा जब 101 जोड़ों का जयमाला सितारा आकृति में हुआ और पोपर्स का धमाल एवं जमकर आतिशबाजी हुई। बारात में छऊ नृत्य, झूमर, शहनाई, ढोल वादन, नगाड़े और मांदर के थाप, ताशा की तड़तड़ाहट और बाघ, भालू के साथ हाथों में सर्प प्रदर्शन करते अलग अलग भेष में सजे लोग करतब दिखा रहे थे। हजारीबाग के आर्ष कन्या गुरुकुल की विदुषियों के भगवा रंग के कपड़ों संग बारात में शामिल होना बारात के ओज को बढ़ा रहा था ।

## सरस्वती विद्या पीठ पब्लिक स्कूल के संचालकों ने एसडीपीओ से की शिष्टाचार भेंट



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बरही** : कोनरा बरही में संचालित सरस्वती विद्या पीठ पब्लिक स्कूल के संचालक गौरव कुमार एवं प्राचार्य गौतम कुमार ने रविवार को एसडीपीओ अजीत कुमार बिमल से उनके आवास पर शिष्टाचार मुलाकात की और उन्हें सम्मान स्वरूप उनकी सेवा ही लक्ष्य अंकित तस्वीर भेंट की। इस दौरान राष्ट्रीय मानवाधिकार एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष कृष्णा प्रजापति भी मौजूद रहे। दोनों भाइयों ने एसडीपीओ श्री बिमल से विद्यालय संचालन, शिक्षण पद्धति, बच्चों में गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा, सहित संस्कार, अनुशासन आदि विषयों पर चर्चा की। मौके पर एसडीपीओ ने दोनों को विद्यालय के सफल संचालन का मूलमंत्र दिया। साथ ही कहा कि विद्यालय को शिक्षा का व्यापार नहीं बल्कि ज्ञान का मंदिर के रूप में जाना जाना चाहिए। आप सब बच्चों में नैतिक चरित्र निर्माण कार्य करें। बच्चों में समय की महत्व तथा अभिभावक शिक्षक गोष्ठी पर जोर दें। समय समय पर गतिविधि आधारित कार्यक्रम करते रहें। ताकि उनकी प्रतिभा में निखार आ सके।

## ब्रह्म समाज में 'माघ उत्सव' का आयोजन श्रद्धालुओं ने सर्वोच्च ब्रह्म को अर्पित की श्रद्धांजलि

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग** : हजारीबाग में नवजागरण का आरंभिक संस्था, 1867 में स्थापित "हजारीबाग ब्रह्म समाज" में रविवार को "माघ उत्सव" का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सर्वोच्च सत्ता को श्रद्धांजलि अर्पित करने हेतु शास्त्रों का पाठ और ब्रह्म संगीत का गायन हुआ। ज्ञात हो की 1828 में राजा राममोहन राय द्वारा स्थापित ब्रह्म समाज की स्थापना दिवस को ही "माघ उत्सव" के रूप में प्रत्येक वर्ष मनाया जाता है। कोलकाता के ब्रह्म समाज से आए सुप्रतिमा चक्रवर्ती आचार्य की भूमिका में ईश्वर आराधना का संचालन किए। गायन की प्रस्तुति दो अलग-अलग दल के द्वारा किया गया। पहले दल में कोलकाता से आए सुप्रतिम चक्रवर्ती के साथ एलोरा चक्रवर्ती, जयश्री दे



तथा सुपर्णा नंदी तथा दूसरे दल में हजारीबाग के तापसी दास एवं सुलगना के द्वारा रविंद्रसंगीत के साथ कई अन्य ब्रह्म संगीत प्रस्तुत किए गए। उपस्थित समूह को संबोधित करते हुए आचार्य सुप्रतिम चक्रवर्ती ने बताया की हजारीबाग के समाज में पुनर्जागरण के उद्देश्य से जदुनाथ मुखर्जी ने अपनी ही जमीन उपलब्ध करा कर ब्रह्म समाज की स्थापना की थी। कुछ ही वर्षों में हजारीबाग ब्रह्म समाज तत्कालीन बंगाल प्रांत में पुनर्जागरण का एक प्रमुख केंद्र के रूप में अपनी पहचान बना ली। इस दरमियान ब्रह्मानंद केशव चंद्र सेन एवं कालांतर में गुरुदेव रविंद्रनाथ टैगोर का हजारीबाग ब्रह्म समाज में आगमन हुआ। उन्होंने बताया की समाज के प्रयासों से 1930 के दशक में हजारीबाग में हरिजन समाज की शिक्षा के लिए उनके मोहल्ले में छह विद्यालय खोले गए।

## जेवरात लूट कांड को लेकर स्वर्णकार व्यवसायिक संघ ने दुकाने रखी बंद

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बड़कागांव** : 7 फरवरी को सुबह लगभग 8:45 बजे बड़कागांव दैनिक बाजार में नंदिनी ज्वेलर्स के दुकान खोलने के दौरान संचालक प्रभु सोनी के हाथ से 22 लाख रुपए की जेवरात को लुटेरों के द्वारा लूट कर भाग जाने एवं भागने के क्रम में ग्रामीण को गोली मारकर घायल कर देने मामले को लेकर बड़कागांव प्रखंड स्वर्णकार व्यावसायिक संघ ने कड़ा विरोध जताया। रविवार को बड़कागांव प्रखंड मुख्यालय के तमाम ज्वेलर्स दुकान एवं बर्तन दुकान ने दुकान बंद रख अपराधियों को जल्द से जल्द पकड़ने की मांग की है। प्रखंड मुख्यालय में कुल सभी सभी 40 दुकाने बंद रही,इस दरमियान पत्रकारों को संबोधित करते बड़कागांव स्वर्णकार समाज के प्रखंड अध्यक्ष राम सेवक सोनी ने कहा कि गांव देहात शहर राज्य देश कहीं भी हो स्वर्णकार समाज के लोग सुरक्षित नहीं हैं ,



अपराधियों के द्वारा निशाना बनाया जा रहा है। जिस पर पुलिस प्रशासन को विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है, हम समाज के लोग प्रशासन से सुरक्षा की मांग करते हैं ,दिनदहाड़े जेवरात की लूट और अपराधियों को पकड़ने गए सुधीर सोनी को दिनदहाड़े अपराधियों द्वारा गोली मारकर घायल कर देना यह व्यवस्था की नाकामी है। अपराधियों का मनोबल काफी बढ़ गया है पुलिस प्रशासन को इस ओर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। आज सोमवार को भी स्वर्णकार संघ के द्वारा देर शाम कैंडल मार्च निकालकर विरोध प्रदर्शन कार्यक्रम किया जाएगा। मौके पर रामसेवक सोनी, प्रभु सोनी, सरोज सोनी,मुकेश वर्मा,रूपेश सोनी, विकास सोनी, दीपक वर्मा, रवि सोनी, आशीष कुमार,ब्रजेश वर्मा,सिकंदर सोनी, गुड्डू सोनी, गिरधर सोनी, पंकज सोनी, दिप्पू सोनी, जदवीर सोनी, ईश्वरी साव, अनिल सोनी, धीरेन सोनी, शंभू सोनी, शिबू सोनी, प्रमोद वर्मा,बबलू सोनी, मनोज सोनी, बसंत सोनी, कैलाश सोनी, कृष्ण सोनी, बालेश्वर सोनी, रोहित सोनी, सरजू सोनी, संतोष सोनी, देव कुमार सोनी, भजन साव, लखन साव, प्रकाश सोनी, राजु सोनी, कटक साव दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## पारिवारिक मिलन कार्यक्रम के साथ सेवा सप्ताह कार्यक्रम का हुआ समापन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बरही** : आरएसएस की ओर से 2 फरवरी से आयोजित सेवा सप्ताह कार्यक्रम का समापन रविवार को पारिवारिक मिलन कार्यक्रम के साथ संपन्न हो गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय सेवा प्रमुख त्रिवेणी साव ने बताया कि संघ संस्थापक डॉ हेडगेवार के जन्मशताब्दी वर्ष से सेवा विभाग एवं सेवा समूह के 10 संगठन और हजारों न्यास अपने वंचित, पीड़ित, उपेक्षित एवं अभावग्रस्त समाज बन्धुओं के बीच शिक्षा, स्वास्थ्य, सामाजिक, स्वावलंबन आयामों में संस्कार एवं सामाजिक समरसता निर्माण हेतु कार्यरत है। झारखण्ड प्रांत के योजना अनुसार सेवा सप्ताह का आयोजन विगत २ फरवरी 26 से 8 फरवरी तक व्यावसायी शाखाओं के स्वयंसेवकों के माध्यम चल रहा है। इसी कड़ी सप्तम व समापन दिवस पर रविवार को भामाशाह विद्या मंदिर के सभागार में आयोजित पारिवारिक सेवा मिलन



समारोह डॉ हेडगेवार आगासे स्मृति सेवा न्यास से 5 संस्कार केन्द्र, विद्या भारती से दो सरस्वती संस्कार केन्द्र,एकल अभियान से दो एकल विद्यालय एवं सेवा क्षेत्र में दायित्वधारी और कुछ सेवा भावी दम्पति शामिल हुए। इसके अतिरिक्त इस कार्यक्रम में 63 मातृशक्ति, पुरुष एवं बच्चों के खण्ड सेवा प्रमुख राजु कुमार मौजूद रहे। उक्त कार्यक्रम में खण्ड कुटुम्ब प्रबोधन संयोजक राजेन्द्र केशरी, बसंत सिंह, भामाशाह के प्रधानाचार्य रजनीश पाण्डेय, प्रिंस रविशंकर, सोमनाथ कुमार, नितेश कुमार,योगेश्वर साव, सुरेन्द्र कुमार, अरूण झा एवं अन्य बन्धु भगिनी सम्मिलित हुए।

### डिवाइन पब्लिक स्कूल में 10 वीं एवं 12वीं के विद्यार्थियों के लिए विदाई सह आशीर्वाद कार्यक्रम का आयोजन

# लक्ष्य निर्धारण कर किया गया मेहनत से मंजिल की प्राप्ति संभव : अजीत कुमार बिमल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बरकट्ठा** : बरकट्ठा प्रखंड अंतर्गत गंगपाचो स्थित सीबीएसई बोर्ड से प्लस टू तक मान्यता प्राप्त डिवाइन पब्लिक स्कूल में वर्ग दशम व बारहवीं के छात्र छात्राओं के लिए विद्यालय परिवार की ओर से विदाई सह आशीर्वाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता निदेशक आईपी भारती एवं संचालन रविकांत चौधरी ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ वरीय अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अजित कुमार बिमल, बरकट्ठा थाना प्रभारी पंकज सिंदुरिया, राष्ट्रीय मानवाधिकार एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष कृष्णा प्रजापति,





निदेशक आईपी भारती, प्राचार्य सायन मुखर्जी, वरीय शिक्षक मुरली महतो ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। विद्यालय के निदेशक आईपी भारती ने मुख्य अतिथि सहित सभी अतिथियों को प्रतीक चिन्ह भेंट कर एवं अंगवस्त्र के साथ स्वागत एवं सम्मान किया। विद्यालय की बच्चियों के द्वारा स्वागत नृत्य प्रस्तुत किए गए। मौके पर विद्यालय के 10 वीं से 12वीं तक के शिक्षकों को विद्यालय की स्मृति चिन्ह, प्राचार्य सायन मुखर्जी के द्वारा दिया गया। इसके साथ ही स्कूल से पासआउट 10 वीं एवं 12वीं के विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह देकर मुख्य एवं अन्य अतिथियों के द्वारा हौसला वर्धन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि वरीय एसडीपीओ अजीत कुमार बिमल ने कहा कि लक्ष्य निर्धारण कर यदि ईमानदारी पूर्वक मेहनत की जाय तो निश्चित मंजिल मिलेगी। अभी परीक्षा है इसलिए परीक्षा पर फोकस करें। लेकिन पढ़ाई एवं तैयारी रूटीन समय सारणी के अनुसार करें। ताकि परीक्षा में किसी तरह की स्वास्थ्य समस्या नहीं आए। बरकट्ठा थाना प्रभारी पंकज सिंदुरिया ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि आने वाले समय में बहुत सी कठिनाई आएगी, उस पर अपने गुरुजनों के आशीर्वाद और परिश्रम के बल पर विजय प्राप्त करना है। राष्ट्रीय मानवाधिकार एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष कृष्णा प्रजापति ने कहा कि आप भले ही विद्यालय से विदा ले रहे हैं लेकिन आप विद्यालय के परिवेश एवं शिक्षकों से विदा नहीं ले पाएंगे। आप इतनी अच्छी तरह से परीक्षा दें कि झारखंड स्तर पर आपका नाम रोशन हो। उन्होंने विद्यालय के निदेशक की शिक्षा के प्रति समर्पण की सराहना की। विद्यालय निदेशक आई पी भारती ने कहा कि मेरे प्यारे छात्रों, मेरे अपने अनुभव के अनुसार आपको अपने जीवन में बहुत सी कठिन चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा उसे अपने आत्मविश्वास से जीतना होगा।

## संक्षिप्त खबरें

### रंजीत कुमार सांसद प्रतिनिधि के नेतृत्व में सांसद सामूहिक विवाह समारोह सैकड़ो महिला पुरुष हुए शामिल



**बड़कागांव** : सांसद प्रतिनिधि रंजीत कुमार के नेतृत्व में बड़कागांव प्रखंड से सैकड़ो महिला पुरुष के साथ 101 जोड़ो सांसद सामूहिक विवाह रामगढ़ के लिए रवाना हुए। सांसद प्रतिनिधि रंजीत कुमार ने कहा 101 जोड़ो सांसद सामूहिक विवाह में सभी को श्रृंगार का सेट दिया गया जैसे की शादी के लड़का और लड़की का दोनों शादी का कपड़ा का सेट श्रृंगार सामान का सेट और सम्मान सामग्री में रोजगार हेतु 101 जोड़ों को टोटो ई रिश्ता दिया गया और लड़का लड़की की जरूरत के समान सभी प्रकार का भी दिया गया ।रंजीत कुमार एवं प्रवीण महतो ने नव दंपति को घूम घूम कर सभी को आशीर्वाद दिए और आने वाला कल के लिए मंगलमय हो इसी को शुभकामनाएं देते हुए आशीर्वाद दिए मुखिया संघ अध्यक्ष सह सांसद प्रतिनिधि रंजीत कुमार मंडल अध्यक्ष शिव शंकर उर्फ.शिबू प्रवीन महतो किशोर महतो सुजीत महतो,तुलसी राणा उदय मेहता दामोदर मेहता, इत्यादि सभी मंडल के प्रतिनिधि उपस्थित हुए।

### अज्ञात महिला का शव मिलने से इलाके में सनसनी, जांच में जुटी पुलिस



**बरही** : बरही थाना क्षेत्र के बरियट्ठा मोड़ के समीप रविवार सुबह अज्ञात महिला का शव मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृत महिला का उम्र करीब 30 वर्ष आंकी जा रही है। फिलहाल शव का कोई पहचान नहीं हो सका है, शव मिलने की सूचना पाकर बरही थाना प्रभारी विनोद कुमार अपने दल बल के साथ मौके पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर बरही अनुमंडलीय अस्पताल भेज दिया, जहां से पोस्टमार्टम के लिए शव को सदर अस्पताल हजारीबाग भेज दिया गया। वहीं पुलिस पूरे मामले की गहन जांच में जुट गई है, महिला की मौत किन परिस्थितियों में हुई है यह अभी तक स्पष्ट नहीं हो सका है। इस संबंध में विनोद कुमार ने बताया कि प्रथम दृष्टया महिला विक्षिप्त प्रतीत हो रही है। हालांकि पुलिस आस – पास मद क्षेत्रों में महिला की पहचान को लेकर पूछताछ कर रही है और आमजन से भी सहयोग की अपील की गई है।

### महाशिवरात्रि पर ब्रह्मा कुमारीज संस्थान ने निकाली झांकी, शिव को पूजा



**बरही** : ब्रह्माकुमारीज संस्थान के सेवा केंद्र पटना रोड,धोबी मुहल्ला के द्वारा रविवार को महा शिवरात्रि महोत्सव एवं 90 वीं त्रिमूर्ति शिव जयंती पर्व पर शिव ध्वजारोहण कर शोभायात्रा निकाला गया। शोभायात्रा पटना रोड, गया रोड, हजारीबाग रोड और धनबाद रोड सहित धोबी मोहल्ला ,नहर साइड में घुमाया गया। कार्यक्रम के शिव एवं शंकर का झांकी भी निकाली गई। सभी भाई बहनों ने शिव बाबा का ध्वजारोहण कर सभी ने प्रतिज्ञा कर शिव बाबा की आज्ञा पर चलने का दर्शन संकल्प लिया। भोलेनाथ शिव पर अपने मन की बुराइयों को चढ़ाने का दृढ़ संकल्प किया। कार्यक्रम में केंद्र में आने वाले भाई–बहन को ब्लेसिंग कार्ड और प्रसाद भी दिया गया। इस अवसर पर रांची से आए राजयोगी बीके रामदेव ने कहा कि ब्रह्माकुमारीज में मनाया जाने वाला महाशिवरात्रि पर्व अनेकों रहस्य लिए हुए हैं। ब्रह्माकुमारीज संस्थान का स्थापना कर्ता निराकार परमपिता शिव परमात्मा ही है। उन्होंने कहा कि जब–जब सृष्टि पर पांच विकार काम, क्रोध,लोभ, मोह, अहंकार व्याप्त होता है तब तब सृष्टि पर परमात्मा शिव अवतरित होकर नई दुनिया सतयुगी सृष्टि की स्थापना करते हैं। शिव परमात्मा के अवतरण दिवस को शिवरात्रि के नाम से जाना जाता है। परमात्मा पिता का दिव्य कर्तव्य कलयुगी दुनिया को महा परिवर्तन करना और हर एक मनुष्य आत्माओं में देवी संस्कार भरना। पिछले 90 वर्षों से सभी आत्माओं में देवी संस्कार भर रहे हैं। अंतिम समय में हम सभी मनुष्य आत्माओं को देवी गुण धारण कर अपना भाग्य बना लेना चाहिए। बरही सेवाकेंद्र की संचालिका ब्रह्माकुमारी रीना ने शिव ध्वज के सम्मुख प्रतिज्ञा करते हुए कहा कि हम हर परिस्थिति में सदा अचल अटल रहना चाहिए ।कहा कि सच्चे दिल और साफ दिल से भोलेनाथ शिव बाबा को हम सहज ही खुश कर सकते है।

### ठंड में राहत की पहल, झामुमो नेताओं ने जरूरतमंदों के बीच किया कंबल वितरण



**चौपारण** : प्रखंड अंतर्गत दादपुर पंचायत के ग्राम बनियाचक अमरोल, बरजा दास केंदुआ तथा चयकला पंचायत के हरिजन टोला में रविवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के पूर्व जिला उपाध्यक्ष वीरेंद्र राणा एवं जिला उपाध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा अब्दुल सलाम के संयुक्त प्रयास से गरीब, असहाय एवं जरूरतमंद परिवारों के बीच कंबल का वितरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान दोनों नेताओं ने कहा कि ठंड के इस दौर में जरूरतमंदों की सहायता करना हम सभी का नैतिक एवं सामाजिक दायित्व है। समाज के कमजोर वर्ग को राहत पहुंचाकर ही सच्ची सेवा की जा सकती है। उन्होंने कहा कि झामुमो सदैव जनसेवा और सामाजिक सरोकारों के प्रति प्रतिबद्ध रही है तथा भविष्य में भी इस प्रकार के सेवा कार्य लगातार जारी रहेंगे। कंबल वितरण कार्यक्रम में पंचायत अध्यक्ष राजेश राणा, अरशद अली, मुख्तार आलम, जफीर ड्राइवर सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## एक नजर

### एकता कमेटी का निःशुल्क मेडिकल कैंप संपन्न

**रांची :** भारतीय एकता कमेटी, रांची के तत्वावधान में रविवार को टैंक रोड स्थित मुख्य कार्यालय परिसर में निःशुल्क चिकित्सा शिविर सह दवा वितरण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। शिविर में विभिन्न बीमारियों से पीड़ित जरूरतमंद लोगों की स्वास्थ्य जांच की गई और उन्हें आवश्यक परामर्श एवं दवाइयां निःशुल्क उपलब्ध कराई गईं। इस अवसर पर भारतीय एकता कमेटी के संस्थापक अध्यक्ष गुलाम मुस्तफा और सचिव रामेश्वर राम ने कहा कि मानवता की सेवा ही सबसे बड़ी सेवा है। जरूरतमंद और असहाय बीमार लोगों की सहायता करना समाज के प्रत्येक व्यक्ति का नैतिक दायित्व है। उन्होंने कहा कि ऐसे शिविरों के माध्यम से गरीब और जरूरतमंद लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि मेडिकल कैंप में बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर स्वास्थ्य जांच कराई और डॉक्टरों से परामर्श लिया। शिविर में मरीजों को उनकी बीमारी के अनुसार दवाइयां भी निःशुल्क प्रदान की गईं। मेडिकल कैंप में डॉ. एन. आबदीन, डॉ. एन. के. झा, डॉ. जमील अख्तर, डॉ. अमित कुमार सहित अन्य डॉक्टरों ने अपनी सेवाएं दीं। कार्यक्रम के सफल आयोजन में कमेटी के सदस्यों और स्वयंसेवकों का सराहनीय योगदान रहा।

### वैलेंटाइन डे पर रिलीज होगा रोमांटिक म्यूजिक वीडियो 'सावन कर मौसम'

**रांची :** वैलेंटाइन डे के अवसर पर रिलीज होने वाले रोमांटिक म्यूजिक वीडियो सावन कर मौसम का टीजर रविवार को रांची में आधिकारिक रूप से अर्थ म्यूजिक के यूट्यूब चैनल पर जारी किया गया। टीजर के रिलीज होते ही दर्शकों के बीच इसे लेकर खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। प्रोजेक्ट के निमार्ता देवपूजन ठाकुर ने बताया कि यह म्यूजिक वीडियो प्रेम, भावनाओं और ग्रामीण परिवेश की सादगी व खूबसूरती को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि सावन कर मौसम दर्शकों को एक भावनात्मक और आत्मीय अनुभव देने का वादा करता है। अर्थ म्यूजिक प्रस्तुत इस म्यूजिक वीडियो का निर्देशन सुंदरम ओझा ने किया है। निर्देशक सुंदरम ओझा ने बताया कि वीडियो में मुख्य भूमिकाओं में आशा सिंह और देवा नजर आ रहे हैं, जिनकी केमिस्ट्री टीजर में ही दर्शकों का ध्यान आकर्षित कर रही है। खेतों, हरियाली, प्रकृति और सावन के मनोरम माहौल में फिल्माया गया यह गीत प्रेम की मासूमियत, अपनापन और सादगी को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत करता है। इस गीत को अपनी मधुर आवाज दी है गायक मिंटू ने, जबकि संगीत जयकांत और श्रीकांत द्वारा तैयार किया गया है।

### झारखंड में तापमान 2-3 डिग्री बढ़ोतरी की संभावना

**रांची :** राजधानी रांची सहित झारखंड के विभिन्न जिलों में 10 फरवरी से आंशिक बादल छाने की संभावना है। इसके प्रभाव से राज्य में अधिकतम और न्यूनतम तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस तक की बढ़ोतरी हो सकती है। यह जानकारी मौसम विभाग ने रविवार को दी। मौसम विभाग के अनुसार, फिलहाल राज्यभर में पछुआ हवाएं (उत्तर-पश्चिम दिशा से) चल रही हैं, जिसके कारण तापमान में उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। वहीं सोमवार से हिमालयी क्षेत्र में पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने की संभावना है, जिसका असर आने वाले दिनों में झारखंड के मौसम पर पड़ सकता है। रविवार को रांची और आसपास के इलाकों में दिनभर मौसम साफ रहा। ठंडी हवाएं मध्यम गति से चलती रहीं, जिससे लोगों को ठंड का एहसास हुआ, हालांकि धूप में हल्की गर्मी भी महसूस की गई।

# अनगड़ा में अवैध हथियार फैक्टरी का भंडाफोड़, एक गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची :** रांची के अनगड़ा पुलिस ने अवैध हथियार फैक्टरी का खुलासा करते हुए एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित का नाम नारायण लोहरा बताया गया है। इसके पास से देशी अवैध निर्मित हथियार 19 पीस, अर्ध निर्मित हथियार चार पीस सहित अन्य उपकरण बरामद किए गए हैं। रांची के ग्रामीण एसपी प्रवीन पुष्कर ने शनिवार को बताया कि एसएसपी राकेश रंजन को मिली गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने अनगड़ा थाना क्षेत्र के सीताडीह गांव में संचालित हो रही एक अवैध हथियार फैक्टरी का खुलासा किया है। इस छापेमारी में पुलिस ने भारी मात्रा में बने और अर्धनिर्मित हथियारों के साथ एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि अनगड़ा के सीताडीह गांव में एक व्यक्ति अपने घर के भीतर अवैध रूप से हथियारों का निर्माण कर रहा है और उन्हें बाजार में खपाने की तैयारी में है। सूचना की गंभीरता को देखते हुए एसएसपी के निर्देश पर एक विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए संदिग्ध ठिकाने पर छापेमारी की। छापेमारी के दौरान पुलिस तब हैरान रह गई जब आरोपित के घर की तलाशी ली गई। आरोपित नारायण लोहरा ने पुलिस से बचने के लिए हथियारों को घर के पीछे बने शौचालय के नीचे छिपाकर रखा था। सघन तलाशी के बाद पुलिस ने वहां से हथियारों का जखीरा और उसे बनाने के उपकरण बरामद किए। पूछताछ में यह बात सामने आई है कि पकड़ा गया आरोपित इन देसी हथियारों को अपराधियों और असामाजिक तत्वों को 10,000 से 15,000 रुपये में बेचा करता था। पुलिस अब उन खरीदारों का पता लगा रही है। जो इस फैक्ट्री से हथियार सप्लाई लेते थे।

## मईयां सम्मान योजना से जुड़ी महिलाओं को मिलेगा 20 हजार का आसान लोन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**रांची :** झारखंड सरकार मईयां सम्मान योजना से जुड़ी महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाने जा रही है। योजना से लाभान्वित करीब 50 लाख महिलाओं को अब बैंकों के माध्यम से स्वरोजगार के लिए 20-20 हजार रुपये तक का आसान ऋण उपलब्ध कराया जा सकता है। इस प्रस्ताव को लेकर राज्य सरकार तेजी से आगे बढ़ रही है। शनिवार को प्रोजेक्ट भवन में वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर की अध्यक्षता में राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति की अहम बैठक हुई, जिसमें भारतीय रिजर्व बैंक, नाबार्ड सहित विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधि शामिल हुए। बैठक के दौरान योजना के क्रियान्वयन को लेकर राज्य सरकार और बैंकों के बीच सैद्धांतिक सहमति बन गई। प्रस्तावित योजना को वर्तमान में संचालित मईयां सम्मान योजना से जोड़ा जाएगा। इसके तहत महिलाओं को मिलने वाली 2,500 रुपये की मासिक सहायता राशि को आधार बनाकर उन्हें स्वरोजगार गतिविधियों से जोड़ने की रणनीति तैयार की जा रही है। सरकार इस योजना को आगामी बजट में शामिल कर सकती है। साथ ही इसे औपचारिक रूप से अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस यानी 8 मार्च को लॉन्च करने का प्रस्ताव भी रखा गया है। योजना के नाम को लेकर मुख्यमंत्री से विमर्श किया जाएगा। सूत्रों के मुताबिक इसका संभावित नाम मुख्यमंत्री मईयां उद्यम योजना हो सकता है।

## उत्पाद विभाग की छापेमारी में नकली विदेशी व महुआ शराब की खेप जब्त, तीन गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची :** नगर निकाय चुनाव के मद्देनजर अवैध शराब कारोबार के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत उत्पाद विभाग की टीम ने तमाड़ और बुंडू थाना क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए भारी मात्रा में नकली विदेशी शराब, बीयर, देसी शराब और अवैध महुआ शराब जब्त की है। इस दौरान एक छोटा पिकअप वैन (जेएच01सीएम 8239) से अवैध शराब की खेप पकड़ी गई, जबकि अलग-अलग स्थानों से कुल तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया गया है। उत्पाद विभाग से रविवार को मिली जानकारी के अनुसार, सहायक आयुक्त उत्पाद के निर्देश पर गुप्त सूचना के आधार पर तमाड़ एवं बुंडू थाना क्षेत्र में छापेमारी की गई। छापेमारी के क्रम में परासी रोड पर एक पिकअप वैन को रोककर तलाशी ली गई, जिसमें भारी मात्रा में अवैध शराब बरामद हुई। इस मामले में मौके से दो आरोपितों को गिरफ्तार किया गया। उत्पाद विभाग के अधिकारियों ने बताया कि जब्त शराब में 38.13 लीटर नकली विदेशी शराब, 15.6 लीटर बीयर, 5.7 लीटर देसी शराब, 120 लीटर अवैध महुआ शराब तथा 600 किलोग्राम जावा महुआ शामिल है। इसके अलावा, एक अन्य स्थान पर छापेमारी कर अवैध महुआ शराब के एक विक्रेता को भी गिरफ्तार किया गया। कार्रवाई के दौरान उत्पाद विभाग की टीम ने दो अवैध महुआ शराब भट्ठियों को ध्वस्त कर दिया। वहीं, एक फरार आरोपित के विरुद्ध संबंधित धाराओं के तहत अभियोग दर्ज किया गया है। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि अवैध शराब के निर्माण, भंडारण और बिक्री पर सख्त नजर रखी जा रही है और चुनाव अवधि के दौरान ऐसी कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। उत्पाद विभाग ने आम जनता से अपील की है कि यदि कहीं भी अवैध शराब का निर्माण या बिक्री हो रही हो, तो इसकी सूचना विभाग को दें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके।

## रांची में आजसू का मिलन समारोह, सुदेश महतो ने लोगों को दिलाई पार्टी की सदस्यता

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची :** ऑल झारखंड स्टूडेंट यूनियन (आजसू) की ओर से खेलगांव के खटंगा में रविवार को आयोजित मिलन समारोह में पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने बड़ी संख्या में महिलाओं, युवाओं और समाजसेवियों को अंगवस्त्र पहनाकर पार्टी की सदस्यता दिलाई। मिलन समारोह को संबोधित करते हुए सुदेश कुमार महतो ने कहा कि झारखंड राज्य आज विकास के रास्ते से भटक चुका है। खनिज संपदा से समृद्ध होने के बावजूद राज्य की पहचान अब लेबर स्टेट के रूप में बनती जा रही है, जो चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि राज्य को फिर से सही दिशा में ले जाने के लिए युवाओं को आगे आकर नेतृत्व संभालने की आवश्यकता है। सुदेश महतो ने कहा कि आजसू पार्टी से लगातार युवा जुड़ रहे हैं, जिससे संगठन लगातार मजबूत हो रहा है। युवाओं की सक्रिय भागीदारी ही राज्य के नवनिर्माण की मजबूत नींव रख सकती है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर झारखंड के विकास और सशक्तिकरण के लिए काम करने का आह्वान किया। इस मौके पर पार्टी के केंद्रीय मुख्य प्रवक्ता डॉ. देवशरण भगत, केंद्रीय महासचिव दीपक महतो, केंद्रीय सचिव जितेंद्र सिंह, रांची जिला अध्यक्ष सह जिला परिषद सदस्य संजय महतो, युवा आजसू के प्रदेश संयोजक गदाधर महतो, रांची महानगर अध्यक्ष अमित यादव सहित पार्टी के कई वरिष्ठ पदाधिकारी, कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में समर्थक मौजूद थे।

## हरमू रोड श्याम मंदिर में भक्तों ने चढ़ाया पवित्र ध्वजा निशान

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची :** फाल्गुन मास खाटू नरेश का पवित्र महीना माना जाता है। श्री खाटूधाम के श्री श्याम मंदिर सहित हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में भी विभिन्न भक्तगण व्यक्तिगत रूप से अथवा सामूहिक रूप से श्री खाटू नरेश का पवित्र ध्वजा निशान अर्पित करते हैं । इसी क्रम में आज श्री श्याम मंदिर हरमू रोड में धुर्वा, पिस्कामोड़ एवं नेवरी विकास से आए अनेक श्याम प्रेमियों ने श्याम ध्वजा निशान बाबा श्री श्याम को अर्पित किया। सर्वप्रथम प्रातः 6:00 बजे धुर्वा से आए लगभग 60 निशान धारियों ने बाबा श्याम के दरबार में निशान ध्वजा चढ़ाया। अपराह्न 11:00 बजे पिस्कामोड़ के श्याम प्रेमियों का दल झूमते नाचते गाते हुए बाबा के दरबार में निशान अर्पण किया। श्याम प्रेमियों ने फल प्रसाद मेवा का भोग लगाया ।12:15 के आरती के बाद प्रातः काल से ही नेवरी से निकले हुए श्याम प्रेमियों का दल श्री श्याम मंदिर हरमू रोड पहुंचा। सभी स्थानों से आए निशान धारियों के स्वागत में मंडल के अध्यक्ष गोपाल मुरारका महामंत्री गौरव अग्रवाल एवं कोषाध्यक्ष मनोज खेतान मंदिर में शामिल हुए। श्री श्याम मित्र मण्डल रांची की ध्वजा निशान शोभा यात्रा 25 फरवरी को है।

# शहीद सोमा उरांव की पुण्यतिथि पर मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने दी श्रद्धांजलि

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची :** झारखंड की कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की रविवार को अपने विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत मांडर प्रखंड के शकरपदा गांव में शहीद स्वर्गीय सोमा उरांव की पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में शामिल हुईं। इस दौरान उन्होंने शहीद सोमा उरांव की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया और उनके बलिदान को श्रद्धापूर्वक स्मरण किया। श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि देश की रक्षा में अपने प्राण न्योछावर करने वाले वीर जवानों के प्रति समाज को हमेशा विशेष सम्मान और संवेदना रखनी चाहिए। उन्होंने शहीद की पत्नी द्वारा विपरीत परिस्थितियों के बावजूद बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि शिक्षा ही एक सशक्त, जागरूक और विकसित समाज की मजबूत नींव होती है। मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार शहीद परिवारों और उनके गांवों के सर्वांगीण विकास के लिए विभिन्न योजनाओं के माध्यम से निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग द्वारा किसानों को आत्मनिर्भर और समृद्ध बनाने के उद्देश्य से अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही हैं, ताकि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ किया जा सके। मौके पर यह भी बताया गया कि हवलदार स्वर्गीय सोमा उरांव ने 8 फरवरी 2010 को जम्मू-कश्मीर के गुलमर्ग में देश की सेवा करते हुए अपने प्राण न्योछावर किए थे। उनके बलिदान की स्मृति में प्रत्येक वर्ष उनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। श्रद्धांजलि सभा में शहीद की पत्नी पूनिया उरांव, मांडर प्रखंड अध्यक्ष मंगा उरांव, पौलूस तिर्की, बंधु टोप्पो, लालू तिर्की, कलीम अंसारी, कुर्बान अंसारी, राजू मिंज, विनोद तिर्की, कुंदन तिर्की, मनोज तिर्की, कलिंदर तिर्की सहित राजकीयकृत उत्क्रमित उच्च विद्यालय के प्रधानाध्यापक, शिक्षक, बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### अब 15 फरवरी तक खुला रहेगा लोक भवन का उद्यान



**रांची :** राज्यपाल महोदय ने लोक भवन, राँची उद्यान को आम नागरिकों के भ्रमण हेतु पूर्व निर्धारित तिथि में विस्तार करते हुए इसे 15 फरवरी, 2026 तक खुला रखने का निदेश दिया है। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने राज्य के नागरिकों में लोक भवन, राँची उद्यान देखने के प्रति उत्साह एवं बढ़ती सहभागिता को ध्यान में रखते हुए पूर्व निर्धारित अवधि (2 फरवरी से 8 फरवरी, 2026) को आगामी एक सप्ताह के लिए विस्तारित करने का निदेश दिया है। अब लोक भवन, राँची उद्यान 15 फरवरी, 2026 तक आम नागरिकों के भ्रमण एवं परिदर्शन हेतु खुला रहेगा। उद्यान भ्रमण का समय पूर्व की भाँति प्रतिदिन पूर्वाह्न 10 बजे से अपराह्न 3 बजे तक निर्धारित है। लोक भवन उद्यान का भ्रमण करने के इच्छुक नागरिक लोक भवन के गेट संख्या 2 से सुरक्षा जाँचोपरांत अपराह्न 1 बजे तक प्रवेश कर सकते हैं।

### गणतंत्र दिवस परेड में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मां शारदा संगीत संस्थान के कलाकार सम्मानित




**रांची :** गणतंत्र दिवस परेड के अवसर पर नई दिल्ली के कर्तव्य पथ पर आयोजित राष्ट्रीय समारोह में पंचायती राज मंत्रालय, झारखंड की झांकी में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले रांची स्थित मां शारदा संगीत संस्थान के कलाकारों को सम्मानित किया गया। इसी उपलब्धि की खुशी में रिलेशंस की ओर से रविवार को हरमू रोड स्थित मां शारदा संगीत संस्थान परिसर में एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन कर कलाकारों को रांची में भी सम्मानित किया गया। समारोह में रिलेशंस के निदेशक आशुतोष द्विवेदी ने कहा कि 26 जनवरी 2026 को आयोजित गणतंत्र दिवस परेड में मां शारदा संगीत संस्थान (न्यास) के कलाकारों ने पंचायती राज मंत्रालय की झांकी के माध्यम से प्रधानमंत्री स्वामित्व योजना को अत्यंत प्रभावशाली और आकर्षक ढंग से प्रस्तुत किया। झांकी के जरिए ग्रामीण क्षेत्रों के लगभग तीन करोड़ लोगों को मालिकाना हक, संपत्ति कार्ड वितरण और बैंकों से आसान ऋण सुविधा जैसे महत्वपूर्ण विषयों को सशक्त रूप से दर्शाया गया, जिसे दर्शकों और गणमान्य अतिथियों ने खूब सराहा। पंचायती राज मंत्रालय की ओर से टीम लीडर अजय कुमार के नेतृत्व में श्वेता रानी, रुचि, संगिनी श्रेया, नीतीश भारद्वाज, प्रगति, अलीशा, रितु, स्निग्धा, अमन गुप्ता, प्रवीण पटकता, आकाश, मनप्रीत, आदित्य, अमन, अभिजीत, गौतम और पीयूसर गुरु सहित कई कलाकारों ने झांकी में सहभागिता निभाई। मां शारदा संगीत संस्थान के संस्थापक मणिकांत निराला और सचिव अजय कुमार पिछले 25 वर्षों से राज्य और केंद्र स्तर पर सांस्कृतिक सेवाएं दे रहे हैं। उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष भी संस्थान की झांकियों को राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम और द्वितीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। रांची में आयोजित इस सम्मान समारोह में नीतू देवी, अशोक कुमार, राजू दुबे सहित कई गणमान्य व्यक्ति, कलाकार और संस्थान से जुड़े लोग उपस्थित रहे।

### बुद्धा पब्लिक स्कूल में वार्षिक खेल पुरस्कार वितरण का हुआ आयोजन



**सिल्ली:** बुद्धा पब्लिक स्कूल सिल्ली में कक्षा नर्सरी से दसवीं तक के सभी विजेताओं के बीच वार्षिक खेल पुरस्कार वितरण का आयोजन किया गया। प्रथम पुरस्कार स्वर्ण पदक, द्वितीय पुरस्कार रजत पदक और तृतीय पुरस्कार के रूप में कांस्य पदक विजेताओं के बीच दिया गया। वहीं नर्सरी से कक्षा 2 तक के विद्यार्थियों को प्रथम पुरस्कार में लंच बॉक्स, द्वितीय पुरस्कार पानी बोतल एवं तृतीय पुरस्कार पेंसिल बॉक्स उपहार स्वरूप दिया गया। क्रिकेट और फुटबॉल मैचों के विजेताओं को ट्रॉफी प्रदान कर उन्हें सम्मानित किया गया। क्रिकेट में राजकिशोर ने मैन ऑफ द मैच का खिताब हासिल किया जिन्हें स्मृति चिन्ह देकर पुरस्कृत किया गया साथ ही फुटबॉल में लड़कियों की टीम से सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी रुपाली कुमारी को पुरस्कार देकर उनके मनोबल को बढ़ाया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के निदेशक रणधीर कौशिक ने कहा कि खेल प्रतियोगिता से बच्चों में आपसी सामंजस्य, प्रेम, विश्वास और प्रगाढ़ रिश्ता स्थापित होता है साथ ही उन्होंने बच्चों को देश का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित भी किया। विद्यालय के प्राचार्य वी सुधीर राव ने बच्चों को खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने का संदेश दिया। कार्यक्रम को संपन्न कराने में जितेंद्र महतो, नकुल बड़ाईक, अंजलि साहू, स्मिता कुमारी, प्रिया दुबे, राहुल भद्रा,सुषमा सिंह, लंकेश्वर, विपुल राय,महादेव एवं प्रतिमा का सराहनीय योगदान रहा।

### सिल्ली में दिशोम गुरु शिबू सोरेन मेमोरियल टूर्नामेंट संपन्न, पवन इलेवन बनी चैंपियन



**सिल्ली :** स्वर्गीय सुनील महतो स्टेडियम, सिल्ली में दिशोम गुरु शिबू सोरेन मेमोरियल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। इस टूर्नामेंट में 8 टीमों ने भाग लिया। विजेता टीम पवन इलेवन, रामगढ़ की टीम हुई जिसे 50000/- रुपये की पुरुस्कार प्रदान की गई। उप विजेता गोंझू ब्रदर्स रही जिसे 30000/- रुपये की इनाम राशि प्रदान की गई। सरना यूनाइटेड और लोवादाग फुटबॉल क्लब सेमी फाइनल की विजेता रही। दोनों टीमों को 11000/- रुपये की राशि प्रदान की गई। मुख्य अतिथि सिल्ली के विधायक अमित महतो ने संबोधित करते हुए कहा की स्टेडियम का इस्तेमाल खेल के विकास के लिए करने हेतु मैं प्रतिबद्ध हूँ। खेल का मैदान खिलाड़ियों के लिए है। खेल के विकास के लिए मैं सदा सदा प्रयासरत रहूँगा। विशिष्ट अतिथि ज़िला परिषद्, सिल्ली पूर्वी की सदस्य लक्ष्मी कुमारी और थ्रो बॉल एसोसिएशन, झारखंड के अध्यक्ष वेदान्त कौस्तव थे। लक्ष्मी कुमारी ने कहा खेल का मैदान में खेल भावना होना चाहिए। राजनीति से ऊपर का विषय है। वेदान्त कौस्तव ने कहा इस मैदान में खेल के आयोजन लगातार होना चाहिए। खेल का विकास मेरी प्रतिबद्धता में शामिल है और हमेशा खिलाड़ियों के साथ खड़ा रहूँगा। आयोजन को सफल बनाने में समीर ठाकुर और मजैन बेदिया सहित सैकड़ों युवा शामिल थे।

# नगर परिषद चुनाव: भाजपा समर्थित प्रत्याशी पंकज वर्णवाल के समर्थन में बैठक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**झुमरीतिलैया :** आगामी झुमरी तिलैया नगर परिषद चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी समर्थित अध्यक्ष पद के प्रत्याशी पंकज वर्णवाल को टॉर्च (बैटरी टॉर्च) छाप पर भारी मतों से विजयी बनाने के उद्देश्य से कार्यकताओं की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में चुनावी रणनीति, संगठनात्मक मजबूती और आगामी कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान सभी कार्यकताओं ने एकजुट होकर चुनावी मैदान में पूरी ताकत से उतरने का संकल्प लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष अनूप जोशी ने किया,जबकि संचालन मण्डल अध्यक्ष नवीन चौधरी ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष अनूप जोशी ने कहा कि पार्टी समर्थित प्रत्याशी पंकज वर्णवाल को बैटरी टॉर्च छाप



पर अधिक से अधिक मत दिलाकर भारी बहुमत से नगर परिषद अध्यक्ष बनाना हम सभी का लक्ष्य है। उन्होंने कार्यकताओं को निर्देश दिया कि आगामी दो दिनों के भीतर प्रत्येक बूथ पर 25-25 कार्यकताओं की समिति का गठन कर उसकी सूची नगर अध्यक्ष को उपलब्ध कराएं, ताकि चुनावी अभियान को और अधिक प्रभावी व मजबूत बनाया जा सके।और भारतीय जनता पार्टी अपने समर्थित प्रत्याशी को चुनाव जीता सके । अध्यक्ष पद के प्रत्याशी पंकज वर्णवाल ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने उन पर जो विश्वास जताया है, वे उसे पूरी ईमानदारी, निष्ठा और समर्पण के साथ निभाएंगे। उन्होंने कहा कि यदि जनता उन्हें सेवा का अवसर देती है तो वे जनता के साथ कदम से कदम मिलाकर नगर परिषद क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए कार्य करेंगे। नगर परिषद से जुड़ी किसी भी समस्या के समाधान के लिए लोग सीधे उनसे संपर्क कर सकते हैं, समस्याओं का त्वरित और पारदर्शी समाधान सुनिश्चित किया जाएगा।चुनाव समिति के संयोजक नीतीश चन्द्रवंशी ने कहा कि झारखण्ड सरकार केवल लूट खशोट में लगी हुई है इसलिए नगर परिषद पर हमारा उम्मीदवार विजयी होगा तो शहर का चाहूमुँखी विकास होगा और जनता का हर काम आसान होगा इसलिए सभी कार्यकताओं से आग्रह है अपने अपने बूथों से पंकज वर्णवाल को विजयी बनाना है । निवर्तमान नगर परिषद अध्यक्ष प्रकाश राम ने अपने संबोधन में कहा कि अपने कार्यकाल के दौरान 28 वार्डों में पानी, सड़क, नाली और सफाई जैसी बुनियादी सुविधाओं के विकास पर प्राथमिकता के साथ कार्य किया गया। जो योजनाएं अधूरी रह गई हैं, उन्हें भाजपा समर्थित प्रत्याशी पंकज वर्णवाल के नेतृत्व में पूरा किया जाएगा। उन्होंने जनता को भरोसा दिलाया कि 28 वार्डों से जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिए भारतीय जनता पार्टी नेता और कार्यकर्ता और पंकज वर्णवाल सदैव उपलब्ध रहेंगे। बैठक में उपस्थित नेताओं एवं कार्यकताओं ने एक स्वर में भाजपा समर्थित प्रत्याशी को विजयी बनाने का संकल्प लिया तथा घर-घर जाकर जनसंपर्क अभियान को तेज करने का निर्णय लिया। कार्यक्रम का समापन चन्दन चक्रवर्ती ने "जय श्रीराम,जय भाजपा" के नारों के साथ किया । इस अवसर पर वीरेंद्र सिंह, मानिकचंद सेठ, सुभाष मोदी, जूही दास गुप्ता, देवनारायण मोदी सहित कई नेताओं ने कार्यकताओं को संबोधित किया। वहीं दिनेश्वर प्रसाद, चंदन बरनवाल, रवि कुमार गुप्ता एवं राजेश कुमार राणा समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## सिमडेगा नगर परिषद के लिए मतदान कर्मियों का प्रथम रेंडमाइजेशन संपन्न



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**सिमडेगा :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह- उपायुक्त सिमडेगा कंचन सिंह की अध्यक्षता में 16-सिमडेगा नगर परिषद क्षेत्र के लिए मतदान कर्मियों का प्रथम रेंडमाइजेशन सफलतापूर्वक संपन्न कराया गया। यह प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी ढंग से ठक्ळ झारखंड राज्य इकाई द्वारा तैयार किया गया ओपन इलेकॉन सॉफ्टवेयर के माध्यम से की गई। सिमडेगा नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत कुल 37 मतदान केंद्र निर्धारित किए गए हैं। इन मतदान केंद्रों के सुचारु, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण संचालन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से प्रत्येक पद के लिए 125 प्रतिशत मतदान कर्मियों का चयन रेंडमाइजेशन के माध्यम से किया गया। प्रथम चरण में कुल 230 मतदान कर्मियों का रेंडमाइजेशन किया गया, जिन्हें निर्वाचन कार्य के विभिन्न दायित्व सौंपे जाएंगे। रेंडमाइजेशन प्रक्रिया के दौरान यह सुनिश्चित किया गया कि मतदान दलों में सभी श्रेणी के कर्मियों की संख्या समान एवं संतुलित रहे। इस क्रम में प्रत्येक श्रेणी में 125-125 प्रतिशत कर्मियों का समुचित आवंटन किया गया। इससे मतदान दलों की संरचना मजबूत होगी और चुनाव प्रक्रिया पारदर्शी व व्यवस्थित रूप से संपन्न कराई जा सकेगी।

## जी.ई.एल चर्च ऐडेगा मंडली में भव्य समारोह आयोजित

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**कोलेबिरा :** प्रखंड अंतर्गत ऐडेगा पंचायत स्थित जी.ई.एल चर्च ऐडेगा मंडली सह पास्टोरेट में गिरजाघर संस्कार दिवस, पास्टोरेट स्थापना दिवस एवं पादरी भवन संस्कार स्मरण दिवस के अवसर पर भव्य समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में मसीही विश्वासी एवं गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। समारोह की अगुवाई ऐडेगा पास्टोरेट के चेयरमैन पादरी एस. गुड़िया ने की।कार्यक्रम से पूर्व विशेष मिस्सा पूजा का आयोजन किया गया। इसके बाद महिला संघ की सदस्यों द्वारा पारंपरिक ढोल-नगाड़ों के साथ नृत्य करते हुए अतिथियों का स्वागत किया गया तथा उन्हें फूल माला पहनाकर मंच तक लाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कोलेबिरा विधायक नमन बिक्सल कोनगाड़ी उपस्थित रहे।



अपने संबोधन में विधायक ने कहा कि हम सभी को प्रभु यीशु द्वारा बताए गए मार्ग पर चलना चाहिए। उन्होंने कहा कि अपने पापों का अंगीकार कर पश्चाताप करें, नियमित रूप से चर्च जाएं और परमेश्वर के राज्य की खोज करें।ईश्वर ने हमें शांति का मार्ग दिखाया है,जिसे अपनाकर हमें अपने जीवन में आगे बढ़ना चाहिए। वहीं ऐडेगा पास्टोरेट के चेयरमैन पादरी एस. गुड़िया ने अपने संबोधन में कहा कि गिरजाघर केवल उपासना का स्थान नहीं बल्कि प्रेम,सेवा और एकता का केंद्र है। उन्होंने विश्वासियों से प्रभु के वचनों को अपने जीवन में उतारने और समाज में भाईचारे व शांति का संदेश फैलाने का आह्वान किया। इस अवसर पर कांग्रेस अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष रावेल लकड़ा, कांग्रेस प्रदेश सचिव फुल्केरिया डांग, कांग्रेस कोलेबिरा विधानसभा युवा अध्यक्ष अमृत डुंगडुंग, कांग्रेस मंडल महासचिव संतोष बा, संजय हेरेंज,सम्मानित संच एस. समद,पी. तिर्की सहित पास्टोरेट महिला संघ एवं युवा संघ के सभी पदाधिकारी और विभिन्न मंडलियों के मसीही विश्वासी गण उपस्थित थे।

## नगर निकाय चुनाव को लेकर पीठासीन व प्रथम मतदान पदाधिकारियों का प्रशिक्षण संपन्न

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**झुमरी तिलैया :** नगर परिषद एवं नगरपालिका चुनाव को सफल, स्वच्छ एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त कोडरमा ऋतुराज के आदेशानुसार पीठासीन पदाधिकारियों एवं प्रथम मतदान पदाधिकारियों का चरणबद्ध प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रथम पाली में पीठासीन पदाधिकारियों तथा दूसरी पाली में प्रथम मतदान पदाधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया। यह प्रशिक्षण प्रशिक्षण कोषांग के वरीय पदाधिकारी सह उप विकास आयुक्त रवि जैन के मार्गदर्शन में तथा प्रशिक्षण कोषांग के नोडल पदाधिकारी सह जिला शिक्षा अधीक्षक अजय कुमार की उपस्थिति में बाघीटांड स्थित अभियंत्रण महाविद्यालय के चार हॉल में संपन्न हुआ। मौके पर उप विकास आयुक्त रवि जैन ने पीठासीन



पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि मतदान सामग्री प्राप्त करते समय मतपेटिका, मतदाता सूची सहित सभी आवश्यक सामग्रियों का चेक लिस्ट के अनुसार भली-भांति मिलान अवश्य करें। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग के निर्देशों का अक्षरशः पालन करते हुए अपने दल के सभी सदस्यों के साथ समन्वय स्थापित कर शांतिपूर्ण मतदान कराना पीठासीन पदाधिकारियों की सर्वोच्च प्राथमिकता है। जिला शिक्षा अधीक्षक अजय कुमार ने कहा कि पीठासीन पदाधिकारी मतदान दल के नेतृत्वकर्ता होते हैं और उनकी अभिरक्षा में ही मतपेटिका रहती है। मतदान के दौरान मतपेटिका की सुरक्षा, निष्पक्ष मतदान संपन्न कराना तथा मतदान पश्चात सभी प्रपत्रों के साथ मतपेटिका को सुरक्षित रूप से स्ट्रांग रूम में जमा करना उनकी अहम जिम्मेदारी है। प्रशिक्षण के दौरान अलग-अलग कक्षों में मास्टर ट्रेनर सुदीप सहाय, अश्विनी तिवारी, मनोज चौरसिया एवं राजेश्वर पाण्डेय ने मतदान से एक दिन पूर्व, मतदान के दिन एवं मतदान के बाद किए जाने वाले कार्यों की विस्तृत जानकारी दी।

## भारत-अमेरिका व्यापार समझौता किसानों के लिए घातक : माकपा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**कोडरमा :** जैसे जैसे भारत और अमेरिका के बीच व्यापार समझौते का विवरण धीरे धीरे सामने आ रहा है, यह स्पष्ट होता जा रहा है कि भाजपा नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने तथाकथित 'अंतरिम समझौते' में संयुक्त राज्य अमेरिका के सामने व्यापक रियायतें दे दी हैं। ये रियायतें भारत की अर्थव्यवस्था, कृषि और राष्ट्रीय संप्रभुता के लिए गंभीर खतरा पैदा करती है। यह बात माकपा के राज्य सचिवमंडल सदस्य संजय पासवान ने कही। अपने बयान में उन्होंने कहा कि सार्वजनिक क्षेत्र में उपलब्ध आंशिक जानकारी के अनुसार भी, भारतीय सरकार ने अमेरिकी निर्यात जैसे फल, कपास, मेवे, सोयाबीन तेल और कुछ अन्य खाद्य एवं कृषि उत्पादों पर कोई शुल्क न लगाने पर सहमति दी है। यह निर्णय देश भर के लाखों सेब उत्पादकों, कपास और सोयाबीन किसानों की आजीविका को गंभीर



नुकसान पहुंचाएगा। हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर और अन्य राज्यों के सेब उत्पादक पहले से ही न्यूजीलैंड जैसे देशों के साथ पूर्व में हुए व्यापार समझौतों के कारण संकट झेल रहे हैं। अमेरिका के साथ यह नया समझौता उनकी आजीविका को और बर्बाद कर देगा। कपास किसान जो पहले से ही बढ़ती लागत और गहराते कृषि संकट से दबे हुए हैं, उन्हें भी इसी प्रकार की तबाही का सामना करना पड़ेगा। रिपोर्टों से यह भी संकेत मिलता है कि भारत सरकार ने खाद्य और कृषि उत्पादों पर नॉन-टैरिफ बैरियर्स को हटाने पर सहमति दी है।

## मारवाड़ी युवा मंच प्रेरणा शाखा ने गोशाला में गोसेवा का किया अनुकरणीय कार्य, चार पंखे भी कराए गए उपलब्ध



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**झुमरी तिलैया :** सेवा, संवेदना और संस्कार की त्रिवेणी को साकार करते हुए मारवाड़ी युवा मंच झुमरी तिलैया की प्रेरणा शाखा द्वारा गौ सेवा कार्यक्रम के अंतर्गत एक सराहनीय एवं प्रेरणादायी कार्य संपन्न हुआ। इस अवसर पर गोशाला में गौमाताओं के लिए बनाए जा रहे नए शेड के लिए चार पंखों उपलब्ध कराए गए, जिससे गर्मी के मौसम में गोवंश को राहत मिल सके।यह चारों पंखे स्वर्गीय ओमप्रकाश टिबडेवाल की पावन स्मृति में उनके परिवार की ओर से प्रदान किए गए। प्रेरणा शाखा ने इस सेवा कार्य को गौमाताओं की सुविधा और संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताते हुए इसे समाज के लिए अनुकरणीय उदाहरण बताया।कार्यक्रम के दौरान शाखा द्वारा नियमित रूप से किए जा रहे गोआहार वितरण के साथ-साथ गोवंश की देखभाल, स्वच्छता एवं सुविधाओं पर भी विशेष ध्यान दिया गया। गोशाला प्रबंधन ने मंच के इस सतत सहयोग के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे सेवा कार्यों से गोसंरक्षण को नई मजबूती मिलती है। इस अवसर पर प्रेरणा शाखा की ओर से स्वर्गीय ओमप्रकाश टिबडेवाल के सुपुत्र जितेंद्र टिबडेवाल का विशेष रूप से आभार प्रकट किया और कहा कि उनके परिवार द्वारा दिवंगत आत्मा की स्मृति में किया गया यह सेवा न केवल गोंमाताओं के लिए उपयोगी सिद्ध होगा, बल्कि समाज में सेवा और संस्कार की भावना को भी प्रबल करेगा। प्रेरणा शाखा की अध्यक्ष सारिका लड्ढा ने इस अवसर पर कहा कि गोसेवा भारतीय संस्कृति का अभिन्न अंग है।

## नेशनल पब्लिक स्कूल परसाबाद में विदाई समारोह, 10वीं एवं 12वीं के विद्यार्थियों को दी गई उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**जयनगर :** प्रखंड अंतर्गत परसाबाद में संचालित सीबीएसई से मान्यता प्राप्त नेशनल पब्लिक स्कूल में रविवार को कक्षा 10वीं एवं 12वीं के विद्यार्थियों के सम्मान में भावनात्मक विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों के शैक्षणिक सफर को याद करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामनाएं दी गईं। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना रहा। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि पूर्व प्रमुख जयप्रकाश राम, पासवा जिला अध्यक्ष बी.एन.पी. वर्णवाल, प्रदेश सचिव तौफिक सहित अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से फीता



काटकर किया। उद्घाटन के पश्चात विद्यालय प्रबंधन की ओर से सभी अतिथियों को माला पहनाकर एवं सॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि जयप्रकाश राम ने कहा कि यह विदाई समारोह विद्यार्थियों के जीवन के एक महत्वपूर्ण पड़ाव का प्रतीक है। शिक्षा ही वह माध्यम है, जो व्यक्ति को सही दिशा देती है। विद्यार्थी मेहनत, अनुशासन और नैतिक मूल्यों को अपनाकर अपने लक्ष्य की ओर अग्रसर हों। पासवा जिला अध्यक्ष बी.एन.पी. वर्णवाल ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि आज की प्रतिस्पर्धात्मक दुनिया में आत्मविश्वास और निरंतर प्रयास से ही सफलता मिलती है। असफलता से घबराने के बजाय उसे अनुभव बनाकर आगे बढ़ें। वहीं सचिव तौफिक ने अपने संबोधन में कहा कि आप सभी जहां भी जाएं, अपने माता-पिता, शिक्षकों और विद्यालय के संस्कारों को हमेशा याद रखें। आपकी सफलता ही समाज और क्षेत्र की पहचान बनेगी। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के नन्हे-मुन्ने बच्चों द्वारा प्रस्तुत नृत्य, कॉमेडी, गीत एवं अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने दर्शकों का मन मोह लिया। बच्चों की प्रस्तुतियों पर तालियों की गूंज से विद्यालय परिसर बार-बार गूंज उठा और कार्यक्रम में उत्साह का माहौल बना रहा। इस अवसर पर विद्यालय के निर्देशक मुश्ताक खान ने विदाई पा रहे विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हर छात्र हमारे लिए परिवार का हिस्सा है।

## एक नजर

### मां बाघचण्डी मंदिर कल्हाटोली में 3 दिवसीय धार्मिक हुआ आयोजन

**कोलेबिरा:** सभी जिला वासी एवं धर्म प्रेमी भाइयों एवं बहनों को सूचित किया जाता है कि सर्व शक्तिशाली ईश्वर की मनोकामना से हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी कोलेबिरा अंतर्गत आने वाला मां- बाघचण्डी मंदिर कल्हाटोली में 3 दिवसीय कार्यक्रम एवं अखंड हरी कीर्तन का आयोजन किया गया है। वही मां- बाघचण्डी मंदिर कोलेबिरा कल्हाटोली पूजा प्रबंधकारिणी समिति के लोगों ने बताया कि दिनांक 12.02.2026 गुरुवार को सुबह 08 बजे कलश यात्रा दिनांक 13.02.2026 शुक्रवार को अखंड हरी कीर्तन प्रारंभ सुबह 7:00 बजे से तथा रात्रि प्रवचन एवं इसके तत्पश्चात दिनांक 14.02.2026 शनिवार को दिन में 1:00 बजे हवन पूर्णाहुति एवं भंडारा होगा। अत: आप सभी धर्म प्रेमी सज्जन माताओं एवं बहनों इस पुनीत कार्यक्रम में शामिल होकर पुण्य के भागी अवश्य बनें।

### राज्य में कानून व्यवस्था की स्थिति चिंताजनक : नीलकंठ सिंह मुंडा

**खूंटी:** राज्य के पूर्व ग्रामीण विकास मंत्री नीलकंठ सिंह मुंडा रविवार को लांदुप पंचायत में आयोजित वनभोज कार्यक्रम में शामिल होकर स्थानीय ग्रामीणों और आदिवासी समुदाय के लोगों से मुलाकात की। इस अवसर पर ग्रामीणों से रूबरू होकर उनकी समस्याओं को सुना और क्षेत्र की वर्तमान परिस्थितियों पर गंभीर चिंता व्यक्त की। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों ने बताया कि आज उनकी समस्याओं को सुनने वाला कोई नहीं है। रोजगार के अभाव, विकास योजनाओं के ठप पड़ने और लगातार बढ़ते पलायन से लोग बेहद परेशान हैं। ग्रामीणों का कहना था कि सरकारी योजनाएं कागजों तक सीमित हैं और जमीनी स्तर पर उनका लाभ नहीं मिल पा रहा है। नीलकंठ ने कहा कि आदिवासियों और ग्रामीणों के अधिकारों की रक्षा करना सरकार की जिम्मेदारी है, लेकिन वर्तमान स्थिति इसके विपरीत नजर आती है। कानून व्यवस्था की स्थिति चिंताजनक होती जा रही है, जिससे आम लोगों में असुरक्षा का भाव बढ़ रहा है। लोगों को आजीविका के लिए पलायन करने को मजबूर होना पड़ रहा है, जो क्षेत्र के विकास के लिए गंभीर संकेत है। पूर्व मंत्री ने कहा कि सरकार केवल घोषणाएं कर रही है, जबकि धरातल पर कार्य नहीं दिख रहा है। भोली-भाली जनता को आश्वासनों के सहारे रखा जा रहा है, जिससे लोगों में निराशा बढ़ती जा रही है। उन्होंने कहा कि खूंटी की धरती उलगुलान और आंदोलन की धरती रही है, जहां से हमेशा अधिकारों की आवाज उठती रही है। यहां के लोग अपने अधिकारों के प्रति सजग हैं और अपनी बात मजबूती से रखना जानते हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### रणधीर वर्मा ट्रॉफी में टीम सिमडेगा ने खूंटी को 155 रनों से पराजित कर पहुंची सेमीफाइनल में




**सिमडेगा:** खेल की नगरी सिमडेगा के धुरंधरों ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि सिमडेगा की माटी में खेल के जुनून का अंडर करंट दौड़ता है। जिसे छूकर सिमडेगा के बच्चे मैदान फतह कर लेते है। धनबाद के जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में आज झारखंड क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित रणधीर वर्मा ट्रॉफी के क्वार्टर फाइनल में सिमडेगा की सीनियर क्रिकेट टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 42 ओवर में 10 विकेट खोकर 219 रन बनाए। सिमडेगा की तरफ से सबसे अधिक 50 रन हर्ष कुमार ने बनाए। जवाबी पारी खेलते हुए खूंटी की टीम 13 ओवर में महज 64 रनों में सिमट गई। सिमडेगा की तरफ से सबसे अधिक 06 विकेट जयप्रकाश यादव ने लिए। इस तरह खूंटी की टीम को 155 रनों से करारी शिकस्त देकर सिमडेगा की टीम सेमीफाइनल में अपनी जगह बनाई। इस टूनार्मेंट का सेमीफाइनल 10 फरवरी को और फाइनल मैच 12 फरवरी को खेला जाएगा। टीम सिमडेगा की जीत पर जेएससीए बोर्ड सदस्य श्रीराम पुरी, राजेश शर्मा, सिमडेगा जिला क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष बिजय पूरी सहित एसोसिएशन के तौकीर उस्मानी, शशि मिश्रा, अनूप प्रसाद, आशीष शास्त्री, सुहैब शाहिद, प्रेम गिरी, तसु, सुनील कुमार, सुनील सहाय, सुशील श्रीवास्तव, कमल शर्मा, दिलीप तिर्की, दीपक अग्रवाल, अनिल कुंडलना, सफीक खान, समी आलम सहित समिति के सभी सदस्यों ने टीम को बधाई दी।

### शिव चर्चा में उमड़ी श्रद्धालु भक्तों का उमड़ा जन सैलाब



**कोडरमा:** जिला अंतर्गत डोमचांच प्रखंड के मधुबन पंचायत भवन परिसर में एकदिवसीय शिव गुरु परिचर्चा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आरंभ जागरण भजन के साथ की गई। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न क्षेत्रों से उपस्थित लोगों के द्वारा भक्ति में शिव गुरु हैं से संबंधित भजन प्रस्तुत किए,जिससे आए हुए सभी शिष्य भक्ति मय में हो गए ।परिचर्चा में उपस्थित शिव शिष्य परिवार के जिला अध्यक्ष दिनेश कुमार के द्वारा साहब श्री एवं दीदी नीलम आनंद के उद्देश्य को लेकर आए और बताया गया कि शिव जन-जन के गुरु हैं आपका भी गुरु हो सकते हैं। भगवान शिव को गुरु स्वरूप को अपना गुरु बनाए। भगवान शिव को अपना गुरु बनाने में किसी भी धन दौलत की आवश्यकता नहीं है, भगवान शिव को अपना गुरु बनाने के लिए सिर्फ स्थाई शिव शिष्यता की आवश्यकता है। जिला अध्यक्ष श्री कुमार के द्वारा यह भी कहा गया कि भगवान शिव को अपना गुरु बनाकर अपने जीवन को सुख में बनाया जा सकता है ।साहब एवं दीदी के उपदेश को लेकर ही हम अपने क्षेत्र में गुरु कार्य कर सकते हैं । भगवान शिव को अपना गुरु बनाने के लिए साहब श्री के द्वारा बताए गए तीन सूत्र पहले में अपने गुरु भगवान शिव से दया मांगना, दूसरा सूत्र लोगों को बतलाना अर्थात चर्चा करना,तीसरा में अपने गुरु को नम: शिवाय मंत्र से प्रणाम निवेदित करना। कार्यक्रम में उपस्थित पुनाडीह से सुरेश पंडित के द्वारा बतलाया गया कि भगवान शिव के गुरु स्वरूप को अपने जीवन में उतारने का प्रयास किया जाए। कार्यक्रम के वक्ता मंटू कुमार नवादा के द्वारा बतलाया गया कि हम सबों को साहब श्री एवं दीदी के द्वारा बताए हुए रास्ते पर चलकर अपने-अपने क्षेत्र में गुरुकारय सभी लोग एक साथ होकर करेंगे। इस चर्चा में मुख्य रूप से मंटू पुरनाडीह,संगीता तमाए, अनीता डंडा जयनगर अन्य गुरु भाइयों के द्वारा अपना-अपना परिचर्चा किया और क्षेत्र में गुरु कार्य में और तेजी लाने की भी बात कही गई। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों से करीब 1000 से ज्यादा शिव भक्त उपस्थित हुई। इस दौरान लगभग 200 अधिक लोगों ने भगवान शिव को अपना गुरु बनाए।

### रितु सिंह को एनसीसी महानिदेशक का बैच पुरस्कार



**झुमरो तिलैया:** मेहनत, अनुशासन और देशभक्ति जब एक साथ चलें, तो साधारण पृष्ठभूमि से निकलकर भी असाधारण पहचान बनती है। शहर की एनसीसी कैडेट रितु सिंह ने ऐसा ही कर दिखाया है। राष्ट्रसेवा के प्रति समर्पण और उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए उन्हें एनसीसी महानिदेशक का प्रतिष्ठित बैच पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। जिले की एकमात्र 2025 बैच की कैडेट रितु सिंह को राष्ट्रीय कैडेट कोर में उत्कृष्ट योगदान के लिए एनसीसी महानिदेशक का बैच पुरस्कार प्रदान किया गया। यह सम्मान एनसीसी समूह मुख्यालय, पटना में आयोजित भव्य समारोह में दिया गया। इस अवसर पर एनसीसी बिहार एवं झारखंड निदेशालय के अपर महानिदेशक मेजर जनरल ए.एस. बजाज ने रितु सिंह को बैच पुरस्कार और प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर उनका हौसला बढ़ाया। पहले भी मिल चुके हैं बड़े सम्मान इससे पूर्व झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने भी रितु सिंह को ब्लेजर और प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया था। राज्यपाल के साथ नाश्ता और रात्रि भोज में शामिल होना उनके लिए अविस्मरणीय क्षण रहा। इसके अलावा बिहार के राज्यपाल द्वारा भी उन्हें सम्मानित किया जा चुका है, जो उनके निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन का प्रमाण है। गणतंत्र दिवस में निभाई अहम भूमिका रितु सिंह 28 दिसंबर को दिल्ली रवाना हुई थीं, जहां उन्होंने 26 जनवरी के गणतंत्र दिवस समारोह में सहभागिता की। यह अनुभव उनके जीवन का महत्वपूर्ण अध्याय बन गया, जिसने उनके भीतर देशसेवा के जज्बे को और मजबूत किया। संघर्ष से सफलता तक की प्रेरक कहानी माता-पिता के असमय निधन के बावजूद रितु सिंह ने कभी हार नहीं मानी। उनके पिता स्वर्गीय संजय सिंह और माता स्वर्गीय रीता सिंह से मिली सीख और आशीर्वाद आज भी उनकी सबसे बड़ी ताकत है। भावुक स्वर में रितु सिंह कहती हैं कि वह जो कुछ भी हैं, अपने माता-पिता की प्रेरणा से हैं। रक्षा सेवाओं का लक्ष्यरितु सिंह ने एनसीसी ह्यसीह्ल प्रमाण-पत्र की अंतिम परीक्षा देवघर में दी है। उनका सपना रक्षा सेवाओं में जाकर देश की सेवा करना है। उन्होंने कहा कि एनसीसी ने उन्हें अनुशासन, आत्मविश्वास और राष्ट्रभक्ति का मार्ग दिखाया है।

## एक नजर

### महापुरुष की शरण से ही संभव है भगवत्प्राप्ति : स्वामी युगल शरण



**रामगढ़ :** वृंदावन में प्रेम मंदिर की स्थापना से जुड़े आध्यात्मिक परंपरा के वरिष्ठ प्रचारक डॉ. स्वामी युगल शरण के मार्गदर्शन में ब्रज गोपिका सेवा मिशन द्वारा आयोजित 21 दिवसीय प्रवचन श्रृंखला आध्यात्मिक चेतना की ज्ञानधारा प्रवाहित कर रही है। इस श्रृंखला के अंतर्गत 9 फरवरी से प्रतिदिन प्रातः 7 बजे से 8:30 बजे तक ध्यान, रूपध्यान साधना और भजन-कीर्तन का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु सहभागी बन रहे हैं। प्रवचन श्रृंखला के नौवें दिन स्वामी युगल शरण ने ह्यमहापुरुषह्न विषय पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि प्रत्येक जीव स्वभाव से आनंद की खोज में निरंतर प्रयास करता है, लेकिन फिर भी वास्तविक आनंद प्राप्त नहीं कर पाता। इसका मुख्य कारण यह है कि जीव ने अनधिकार चेष्टा की है—अर्थात उसने कभी संत को संत रूप में स्वीकार नहीं किया और स्वयं ही भगवान को जानने का प्रयास करता रहा। उन्होंने कहा कि ईश्वर का अटल नियम है कि वह किसी जीव के साथ प्रत्यक्ष रूप से नहीं मिलते। भगवान की प्राप्ति के लिए माध्यम आवश्यक है और वह माध्यम महापुरुष होता है। संसार से विरक्ति और भगवत् शरणागति के पहले महापुरुष की शरण अनिवार्य है।

स्वामी युगल शरण ने बताया कि महापुरुष को समझने के लिए तीन प्रकार के ज्ञान आवश्यक हैं—माहात्म्य ज्ञान, संबंध ज्ञान और सेवा ज्ञान। यह ज्ञान वही दे सकता है जिसने स्वयं भगवान को प्राप्त कर लिया हो। इसी कारण वेद, भागवत और रामायण में संत और गुरु को सर्वोच्च स्थान दिया गया है। वेद का मंत्र—ह्यआचार्यवान पुरुषो हि वेदह्न—इस सत्य को स्पष्ट करता है कि आचार्य की शरण के बिना भगवत्ज्ञान संभव नहीं। उन्होंने कहा कि गुरु के पास जाते समय साधक को निश्चयात्मक बुद्धि के साथ जाना चाहिए, शंका और संदेह के साथ नहीं।

### सामाजिक समरसता का अनुपम उत्सव बना सांसद सामूहिक विवाह

**रामगढ़ :** रामगढ़ की धरती पर आयोजित 'सांसद सामूहिक विवाह उत्सव' ने इस वर्ष सामाजिक चेतना, मानवीय संवेदना और सामूहिक उत्तरदायित्व का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत किया। सिद्धू कान्हु मैदान में गूंजती शहनाइयों, भावनाओं से भरे विदाई क्षणों, लोकस्वर सम्राट मनोज तिवारी की संगीतमय प्रस्तुतियों और राघव पंडित के वैदिक मंत्रोच्चार के बीच 101 बेटियों ने नए गृहस्थ जीवन में प्रवेश किया। यह आयोजन केवल विवाह संस्कार तक सीमित नहीं रहा, बल्कि सामाजिक समरसता और लोककल्याण का जीवंत उत्सव बनकर उभरा। इस विराट आयोजन में राज्यपाल सहित प्रदेश और देश की कई विशिष्ट हस्तियों की उपस्थिति ने समारोह की गरिमा को और ऊंचा किया। 101 नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद के साथ सम्मान, आत्मनिर्भरता और सुरक्षित भविष्य का सामाजिक संबल प्राप्त हुआ। आयोजन के सूत्रधार हजारीबाग के सांसद मनीष जायसवाल ने जनप्रतिनिधित्व को संवेदना और सेवा से जोड़ते हुए यह सिद्ध किया कि राजनीति जब लोककल्याण का माध्यम बनती है, तब उसका प्रभाव समाज के हर वर्ग तक पहुंचता है। आयोजन स्थल की भव्य सजावट, अतिथियों के स्वागत, सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, बैठने की समुचित व्यवस्था और भोजन की उत्कृष्ट तैयारी—हर स्तर पर सुनियोजित और सुव्यवस्थित व्यवस्था देखने को मिली। आम नागरिकों, बारातियों और अतिथियों के लिए स्वादिष्ट एवं स्वच्छ भोजन की व्यापक व्यवस्था ने आयोजन को सेवा और सौहार्द का प्रतीक बना दिया।

# रचा गया मानवीय संवेदना का इतिहास, 101 बेटियों की शाही विदाई ने रुलाया और मुस्कुराया पूरा समाज

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रामगढ़ :** रामगढ़ के सिद्धू-कान्हु मैदान में आयोजित सांसद सामूहिक विवाह उत्सव-2026 ने समाज सेवा, संवेदना और समर्पण का ऐसा उदाहरण प्रस्तुत किया, जिसे वर्षों तक याद रखा जाएगा। इस ऐतिहासिक आयोजन में 101 नवयुगल एक साथ वैवाहिक बंधन में बंधे। सात फेरों के साथ शुरू हुआ यह नया जीवन उन परिवारों के लिए किसी सपने के सच होने जैसा था, जिन्होंने कभी शाही विवाह की कल्पना तक नहीं की थी। रंग-बिरंगी आतिशबाजी, बैंड-बाजा, लोकनृत्य, ढोल-नगाड़ों की गूंज और हजारों लोगों की मौजूदगी ने पूरे रामगढ़ को उत्सव के रंग में रंग दिया। लग्जरी कारों में सजी बारात, पारंपरिक नृत्य, संगीत और लोकसंस्कृति का अद्भुत संगम इस आयोजन को विशेष बना गया।

कन्यादान के क्षण में छलक उठे भाव, सांसद ने निभाया भाई और बेटे का फर्ज। इन 101 बेटियों की शादी केवल एक सामाजिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि एक भावनात्मक यात्रा थी। कन्यादान और विदाई के समय सांसद मनीष जायसवाल स्वयं भावुक नजर आए। उन्होंने नवविवाहित जोड़ों से कहा कि जीवन में कभी भी जरूरत पड़े तो वे उन्हें अपने भाई और बेटे के रूप में याद कर सकते हैं। उन्होंने बेटियों को सम्मान और सुरक्षा का भरोसा दिया तथा दूल्हों को जिम्मेदारी का बोध कराया।

दिव्यांग और जरूरतमंद जोड़ों के लिए नई शुरूआत। इन 101 जोड़ों में कई ऐसे थे जो दृष्टिहीन, दिव्यांग या अत्यंत आर्थिक कठिनाइयों से जूझ रहे थे। विवाह के साथ-साथ उनके भविष्य को सुरक्षित करने के लिए इलेक्ट्रिक रिक्शा, गृहस्थी का सामान और दैनिक जरूरतों की सामग्री भी भेंट की गई, ताकि उनका जीवन आत्मनिर्भर और सम्मानजनक बन सके। सितारा आकृति में जयमाला बना आकर्षण का केंद्र। समारोह का सबसे मनोहारी दृश्य तब देखने को मिला जब 101 जोड़ों की जयमाला एक साथ सितारा आकृति में संपन्न हुई। इस दौरान पोपर्स, आतिशबाजी और लोकवाद्य की गूंज ने माहौल को अविस्मरणीय बना दिया। छऊ नृत्य, झूमर, शहनाई, ताशा, मांदर और विभिन्न वेशभूषाओं में सजे कलाकारों ने बारात को लोकउत्सव का स्वरूप दे दिया। भव्य बारात ने मोहा रामगढ़ का मन। रविवार सुबह फुटबॉल मैदान से निकली सामूहिक बारात में हजारों लोग शामिल हुए। किसी दूल्हे की सवारी बीएमडब्ल्यू पर थी तो कोई थार और अन्य वाहनों पर सवार नजर आया। पूरे मार्ग पर फूलों की वर्षा, तालियों और स्वागत के बीच बारात सिद्धू-कान्हु मैदान पहुंची। हर व्यक्ति को ऐसा लग रहा था मानो उसके अपने घर की शादी हो। संगीत और मंत्रों से सजी विवाह की रस्में। कोलकाता से आए पंडित राघव और उनकी टीम ने पूरे विधि-विधान के साथ विवाह संपन्न कराया। मंत्रोच्चार और गीतों के माध्यम से विवाह की हर प्रक्रिया को सरल और भावनात्मक ढंग से प्रस्तुत किया गया। मंच से कलाकारों ने ऐसा समां बांधा कि पूरा परिसर आनंद से झूम उठा।

## विधायक सविता महतो समेत पांच विधायक बने कोल्हान विश्वविद्यालय सीनेट के सदस्य

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**ईचागढ़ :** झारखंड विधानसभा सचिवालय के पत्र संख्या 01/स्था-44/2020-91/वि0स्था दिनांक 20 जनवरी 2026 के आलोक में कोल्हान विश्वविद्यालय, चाईबासा की सीनेट में झारखंड विधानसभा के माननीय सदस्यों का नामांकन अधिसूचित किया गया है। जारी अधिसूचना के अनुसार कोल्हान विश्वविद्यालय की सीनेट के लिए छह विधायकों मंझगांव विधायक निरल पूर्ति (एसटी), ईचागढ़ विधायक सविता महतो (ओबीसी), जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी (एससी), चक्रधरपुर विधायक सुखराम उरांव, जगन्नाथपुर विधायक सोनाराम सिंकु, घाटशिला विधायक सोमेश चंद्र सोरेन को नामित किया गया है।अधिसूचना में कहा गया है कि नामित सदस्यों का कार्यकाल झारखंड राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम, 2000 (अनुकूलित) में निहित प्रावधानों के अनुसार तथा समय-समय पर किए गए संशोधनों के अनुरूप होगा। विश्वविद्यालय प्रशासन एवं शिक्षा जगत से जुड़े लोगों ने इस नामांकन को कोल्हान विश्वविद्यालय के शैक्षणिक एवं प्रशासनिक विकास के लिए महत्वपूर्ण बताया है।

## एक दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता में डीके इलेवन को पछाड़ कर जंगल सेना बने विजेता

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**ईचागढ़ :** प्रखंड क्षेत्र के पिलीद स्टेडियम में झारखंड युवा विकास मंच द्वारा आयोजित 26 वां एक दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता का रविवार को फाइनल मुकाबला डीके इलेवन एवं जंगल सेना उरूसुरू के बीच हुई। प्रतियोगिता का फाइनल खेला में समाजसेवी उमाकांत महतो, प्रल्हाद महतो, गणपति महतो, प्राचार्य उपेन महतो, अधिवक्ता महेंद्र कुमार महतो, दिलीप कुमार दास, महेश गोप, वरिष्ठ पत्रकार अरुण माझी, आंदोलनकारी राम प्रसाद महतो, वृन्दावन महतो आदि ने परिचय प्राप्त कर एवं राष्ट्रीय गीत के साथ शुभारंभ किया । खेल का बेहतर प्रदर्शन करते हुए जंगल सेना उरूसुरू ने डीके इलेवन को परास्त कर विजेता बना। उद्घाटन समारोह के बाद अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया। इस दौरान अतिथियों ने कहा कि खेल युवाओं में अनुशासन, आत्मविश्वास और आपसी भाईचारे की भावना को मजबूत करता है। ग्रामीण स्तर पर आयोजित इस तरह की प्रतियोगिताएं प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने का अवसर प्रदान करती हैं। आयोजन समिति की ओर से प्रथम विजेता टीम को एक लाख एक रुपए व ट्राफी , उप विजेता टीम को द्वितीय पुरस्कार 80 हजार एक रुपए व ट्राफी,तृतीय एवं चतुर्थ पुरस्कार के रूप में काटीया चांडिल एवं रोहित स्पोर्टिंग को 40-40 हजार रुपए देकर पुरस्कृत किया गया। प्रतियोगिता के सफल आयोजन में कमेटी एवं स्थानीय खेल प्रेमियों की अहम भूमिका रही। मौके , पूर्व मुखिया पंचानन पातर, गुरूचरण महतो, लम्बोदर महतो, विशेश्वर महतो, रमेश चन्द्र महतो, बलराम महतो, हाकिम चन्द्र महतो , सत्यजीत महतो आदि उपस्थित थे।

## वास्तु विहार टाउनशिप फेज-2 का भव्य भूमि पूजन सांसद और विधायक मनोज कुमार यादव रहे शामिल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग :** हजारीबाग के मुकुंदगंज क्षेत्र में रविवार को वास्तु विहार टाउनशिप फेज-2 का भव्य भूमि पूजन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उत्तर पूर्वी दिल्ली के सांसद मनोज तिवारी बतौर मुख्य अतिथि, जबकि बरही विधायक मनोज कुमार यादव विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। भूमि पूजन के साथ ही क्षेत्र के विकास को लेकर नई उम्मीदों का आगाज हुआ। इस अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए सांसद मनोज तिवारी ने कहा कि हजारीबाग तेजी से विकास की ओर बढ़ रहा है। आधुनिक टाउनशिप जैसी परियोजनाएं न सिर्फ आवास की समस्या को दूर करेंगी, बल्कि क्षेत्र की आर्थिक गतिविधियों को भी गति देंगी। उन्होंने वास्तु विहार टाउनशिप को बेहतर सुविधाओं के साथ विकसित करने की उम्मीद जताई और कहा कि इससे आम लोगों को गुणवत्तापूर्ण आवास मिलेगा। वहीं बरही विधायक मनोज कुमार यादव ने अपने संबोधन में क्षेत्रीय विकास पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि हजारीबाग और बरही क्षेत्र में सुनियोजित आवासीय परियोजनाएं समय की मांग हैं। वास्तु विहार टाउनशिप फेज-2 जैसे प्रोजेक्ट से स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर मिलेंगे और क्षेत्र का सर्वांगीण विकास होगा। विधायक मनोज यादव ने भरोसा दिलाया कि वे लगातार प्रयासरत हैं कि उनके क्षेत्र में बुनियादी सुविधाओं के साथ-साथ आधुनिक विकास कार्यों को प्राथमिकता मिले। कार्यक्रम के दौरान विधि-विधान से भूमि पूजन किया गया और उपस्थित जनसमूह ने इसे हजारीबाग के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। मौके वास्तु विहार के मैनेजिंग डायरेक्टर दिनेश तिवारी, जनरल मैनेजर दुबे जी, मुकुंद गंज वास्तु विहार के प्रोजेक्ट मैनेजर निशांत यादव सहित समारोह में बड़ी संख्या में स्थानीय लोग, गणमान्य नागरिक एवं आयोजन से जुड़े लोग मौजूद रहे।

## 12 घंटे में लापता दो नाबालिग बरामद, पुलिस की त्वरित कार्रवाई, चाइल्ड हेल्पलाइन को सौंपे गए बच्चे

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रामगढ़ :** भदानीनगर ओपी क्षेत्र के लपंगा बस्ती से लापता हुए दो नाबालिग बच्चों को पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए महज 12 घंटे के भीतर सकुशल बरामद कर लिया। दोनों बच्चों को रविवार को पतरातू रेलवे स्टेशन के समीप से खोज निकाला गया, जिसके बाद उन्हें चाइल्ड हेल्प लाइन के सुपुर्द कर दिया गया। इस संबंध में भदानीनगर ओपी प्रभारी अख्तर अली ने बताया कि 7 फरवरी की रात करीब 11 बजे दूरभाष के माध्यम से सूचना मिली थी कि लपंगा बस्ती निवासी असद अमान ,पिता मोहम्मद कलीम और अजान , पिता अब्दुल सहबाज, शाम के समय घर से एक साथ निकले थे, लेकिन देर रात तक वापस नहीं लौटे। सूचना मिलते ही पुलिस ने तत्काल सनहा संख्या 26/2026 दर्ज कर बच्चों की खोजबीन शुरू कर दी। पुलिस द्वारा लगातार की जा रही तलाश के दौरान 8 फरवरी को लगभग साढ़े ग्यारह बजे जानकारी मिली कि दो नाबालिग बच्चे पतरातू रेलवे स्टेशन के आसपास भटकते हुए देखे गए हैं। सूचना की पुष्टि होते ही पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मौके पर पहुंचकर दोनों बच्चों को सुरक्षित बरामद कर लिया। पुलिस पूछताछ में दोनों बच्चों ने बताया कि वे घूमने के उद्देश्य से डालटनगंज चले गए थे। पूछताछ के बाद नियमानुसार दोनों नाबालिगों को चाइल्ड हेल्प लाइन को सौंप दिया गया, ताकि आगे की प्रक्रिया पूरी की जा सके। पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई से परिजनों ने राहत की सांस ली और भदानीनगर ओपी की सक्रियता की सराहना की।

# 17 फरवरी से शुरू होगी सीबीएसई बोर्ड परीक्षा, प्राचार्य विवेक प्रधान ने विद्यार्थियों को दिए अहम सुझाव

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रामगढ़ :** सीबीएसई की कक्षा 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षा 17 फरवरी से प्रारंभ होने जा रही है। परीक्षा को लेकर विद्यार्थियों की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। एडमिट कार्ड भी जारी किए जा चुके हैं। परीक्षा से ठीक पहले छात्रों को आवश्यक सावधानियों और मानसिक रूप से मजबूत रहने के लिए श्री अग्रसेन स्कूल, भुरकुंडा के प्राचार्य विवेक प्रधान ने महत्वपूर्ण सुझाव साझा किए हैं। विवेक प्रधान ने कहा कि परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की असुविधा से बचने के लिए विद्यार्थियों को एडमिट कार्ड में दिए गए सभी निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ना और उनका सख्ती से पालन करना चाहिए। उन्होंने बताया कि सुबह 10 बजे के बाद किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा केंद्र में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी। ऐसे में विद्यार्थियों को परीक्षा केंद्र की दूरी और यातायात व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए समय से पहले घर से निकलना चाहिए, ताकि अंतिम समय की हड़बड़ी और मानसिक तनाव से बचा जा सके। उन्होंने बताया कि परीक्षा केंद्र पर विद्यार्थी केवल विद्यालय की निर्धारित यूनिफॉर्म में ही पहुंचें और अपने साथ एडमिट कार्ड, पहचान पत्र एवं आवश्यक स्टेशनरी सामग्री ही रखें। मोबाइल फोन, स्मार्ट वॉच या किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण परीक्षा केंद्र में ले जाना पूरी तरह प्रतिबंधित है। नियमों की अनदेखी विद्यार्थियों को अनावश्यक परेशानी में डाल सकती है। सोशल मीडिया पर फैल रही भ्रामक सूचनाओं को लेकर भी विद्यार्थियों को सतर्क रहने की सलाह दी गई। उन्होंने कहा कि किसी भी जानकारी के लिए केवल अपने विद्यालय या सीबीएसई की आधिकारिक सूचना पर ही भरोसा करें और अफवाहों से दूर रहें। विवेक प्रधान ने कहा कि बोर्ड परीक्षा जीवन का एक महत्वपूर्ण पड़ाव जरूर है, लेकिन यह डरने का नहीं बल्कि आत्मविश्वास के साथ अपनी मेहनत को साबित करने का अवसर है। विद्यार्थियों ने पूरे वर्ष नियमित अध्ययन किया है और अब समय है उस तैयारी पर भरोसा रखने का। परीक्षा के दौरान शांत मन से प्रश्नपत्र पढ़ें, जल्दबाजी से बचें और जो आता है, उसे स्पष्ट एवं पूरे आत्मविश्वास के साथ लिखें। घबराहट और नकारात्मक सोच से दूर रहकर सकारात्मक दृष्टिकोण और धैर्य बनाए रखना ही सफलता की सबसे बड़ी कुंजी है।

## संक्षिप्त खबरें

### जेएमएम ने बड़की सरिया नगर पंचायत अध्यक्ष पद के लिए चेतना तर्वे को बनाया अपना समर्थित उम्मीदवार



**सरिया :** रविवार को बड़की सरिया नगर पंचायत के अध्यक्ष पद के उम्मीदवार चेतना तर्वे तथा झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष अशोक मंडल ने संयुक्त रूप से संवाददाता सम्मेलन का आयोजन किया। इस दौरान उन्होंने पत्रकारों को बताया कि वरिष्ठ पत्रकार संदीप सर्वे की पत्नी श्रीमती चेतना तर्वे को झारखंड मुक्ति मोर्चा का आधिकारिक समर्थित उम्मीदवार घोषित किया गया है।उन्होंने स्पष्ट किया कि इस संबंध में जिला अध्यक्ष एवं पार्टी के उच्च पदाधिकारियों से आवश्यक सहमति प्राप्त कर ली गई है। चेतना तर्वे ने पार्टी का आभार व्यक्त करते हुए कहा, रजिस तरह पार्टी ने मुझे अपना समर्थन दिया है, उसी तरह यदि सरिया की जनता मुझे अध्यक्ष पद के लिए चुनेगी, तो मैं सरिया के सर्वांगीण विकास के लिए रात-दिन मेहनत करूंगी। यह घोषणा नगर पंचायत चुनाव के मद्देनजर महत्वपूर्ण मानी जा रही है, जहां बड़की सरिया में कई उम्मीदवार मैदान में हैं और राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। चेतना तर्वे को पार्टी का मजबूत समर्थन मिलने से उनके पक्ष में माहौल बनता दिख रहा है। उन्होंने विकास, स्वास्थ्य और सुंदर सरिया बनाने के अपने संकल्प पर जोर दिया। जनता से अपील करते हुए उन्होंने कहा कि सोच-समझकर मतदान करें, ताकि क्षेत्र का उचित प्रतिनिधित्व सुनिश्चित हो सके।

### पारगामा में कलश यात्रा के साथ नवान्ह पारायण महायज्ञ का शुभारंभ



**ईचागढ़ :** कुकडू प्रखंड के पारगामा में स्थित प्राचीनकालीन शिव मंदिर प्रांगण में आयोजित होने वाले श्री श्री राम चरितमानस पाठ एवं नवान्ह परायण महायज्ञ की शुरूआत कलश स्थापना के साथ रविवार को हो गई। इससे पहले धार्मिक परिधानों से सुसज्जित महिलाएं व युवतियां सिर पर कलश रखकर किसुनडीह स्थित नहर पहुंची। इसके बाद वहां से जलभर सभी महायज्ञ स्थल पहुंची, फिर वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ कलश स्थापना कराई गई। इस भव्य कलश यात्रा में कई स्थानीय जनप्रतिनिधि समेत सैकड़ों लोग मौजूद रहे। इस दौरान जय श्री राम, हर हर महादेव एवं अन्य भक्ति गीतों से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया। बता दे कि यह नवान्ह परायण महायज्ञ कुकडू प्रखंड के पारगामा में स्थित प्राचीनकालीन शिव मंदिर प्रांगण में 8 फरवरी से 16 फरवरी 2026 तक आयोजित होगा। इस महायज्ञ के व्यासपीठ में मंचासीन है परम पूजनीय श्री अजीत पाण्डेय जी तथा इस महायज्ञ में झारखंड, पश्चिम बंगाल के कई नामी-गिरामी पंडित व प्रवचनकर्ता कार्यक्रम में शामिल होंगे ओर लोगों रामचरित मानस का प्रवचन सुमधुर भाव से सुनाएंगे।

### टेंट हाउस के गोदाम में लगी आग, विधायक मौके पर पहुंचीं, दमकल की गाड़ियों ने आग पर पाया काबू



**जमशेदपुर :** जमशेदपुर पूर्वी की विधायक पूर्णिमा साहू ने भुइयांडीह क्षेत्र अंतर्गत छाया नगर में टेंट हाउस गोदाम में आग लगने की सूचना मिलते ही त्वरित कार्रवाई की। उन्होंने तत्काल सीतारामडेरा थाना प्रभारी के माध्यम से दमकल विभाग को सूचना दी और स्वयं घटना स्थल पर पहुंचकर स्थिति का विस्तृत जायजा लिया। इस दौरान विधायक पूर्णिमा साहू ने स्थानीय नागरिकों से बातचीत कर आग लगने के कारणों की जानकारी प्राप्त की और लोगों से सावधानी बरतने की अपील की। समय पर दमकल वाहन के पहुंचने से आग पर जल्द ही नियंत्रण पा लिया गया, जिससे बड़ा नुकसान टल गया। घटना के बाद क्षेत्र में स्थिति सामान्य बताई जा रही है। वहीं, प्राप्त जानकारी के अनुसार आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है।

### अध्यक्ष पद प्रत्याशी सुरपति देवी ने चलाया जनसंपर्क अभियान



**रामगढ़ :** नगर परिषद रामगढ़ क्षेत्र से अध्यक्ष पद की प्रत्याशी सुरपति देवी ने जनसंपर्क अभियान के तहत चांगड़ा एवं बरकाखाना स्थित सी आई सी बस्ती का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने घर-घर जाकर स्थानीय नागरिकों से संवाद किया और उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना। जनसंपर्क के दौरान सुरपति देवी ने कहा कि नगर परिषद क्षेत्र में स्वच्छता, पेयजल, आवास, रोजगार, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी मूलभूत सुविधाओं को मजबूत करना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि जनता का समर्थन मिलने पर नगर के विकास को जनहित के अनुरूप दिशा दी जाएगी। स्थानीय लोगों ने प्रत्याशी के सामने क्षेत्र में व्याप्त समस्याओं को रखा, जिनमें साफ-सफाई, रोजगार के अवसर, आवास व्यवस्था और बुनियादी सुविधाओं की कमी प्रमुख रही। सुरपति देवी ने कहा कि विकास योजनाओं में आम जनता की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी, ताकि योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। जनसंपर्क अभियान के दौरान लोगों में उत्साह देखा गया और कई नागरिकों ने प्रत्याशी के विचारों की सराहना की। अभियान के दौरान जनसंवाद के माध्यम से सकारात्मक माहौल बना रहा। जनसंपर्क अभियान में साथ रहे लोग। देवकीनंदन बेदिया, नरेश बडाइक, हीरा गोप, अमल कुमार, शहनवाज खान, अमित प्रजापति, उमेश गोप, देवानंद गोप, मदन प्रजापति, हीरोलाल मुंडा, सोहन बेदिया, मोतीलाल बेदिया, बसुदेव बेदिया, धनमती देवी, हेमंती देवी, फुलो देवी, सीता देवी, दशमी देवी, भुनेश्वर बेदिया, प्रेमसागर महतो, सहजनाथ बेदिया, उमेश बेदिया, ब्रज नारायण मुंडा, तुतियल बेदिया, मेघलाल बेदिया, भरत बेदिया सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# संसद के मकर द्वार पर गुस्से का विस्फोट और राजनीति की मर्यादा पर उठते सवाल

संसद लोकतंत्र का सबसे ऊँचा मंच है, लेकिन 4 फरवरी को इसी संसद के मकर द्वार पर जो हुआ, उसने यह सवाल खड़ा कर दिया कि क्या भारतीय राजनीति में अब संयम और शिष्टाचार पीछे छूटते जा रहे हैं। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू के बीच हुई तीखी नोकझोंक सिर्फ दो नेताओं की व्यक्तिगत नाराजगी नहीं थी, बल्कि यह उस राजनीतिक तनाव की अभिव्यक्ति थी, जो पिछले कुछ वर्षों से अंदर ही अंदर पक रहा था। घटना उस समय की है जब बजट सत्र के दौरान कांग्रेस सांसद तख्तियाँ लेकर प्रदर्शन कर रहे थे। राहुल गांधी खुद इस प्रदर्शन में मौजूद थे। इसी दौरान सामने से केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू आते दिखे। राहुल गांधी ने उन्हें देखते ही बिना किसी भूमिका के तीखे शब्द कह दिए ये गद्दार जा रहा है, जरा इसका चेहरा देखो। यह टिप्पणी वहीं खड़े कांग्रेस सांसदों के बीच ठहाकों के साथ गूंज गई। इसके बाद राहुल गांधी ने हाथ बढ़ाते हुए कहा, हेलो ब्रो मेरे गद्दार दोस्त चिंता मत करोङ्क तुम वापस आ जाओगे। यह कोई मंचीय भाषण नहीं था, न ही कोई लिखी हुई टिप्पणी। यह क्षणिक गुस्से से निकली प्रतिक्रिया थी। लेकिन राजनीति में कई बार यही क्षणिक प्रतिक्रियाएं सबसे भारी पड़ जाती हैं। बिट्टू ने राहुल गांधी का हाथ नहीं पकड़ा। उन्होंने पलटकर कहा, देश के दुश्मन के साथ मैं हाथ नहीं मिलाता, और सीधे संसद के भीतर चले गए।यहीं से यह मामला शब्दों की लड़ाई से निकलकर राष्ट्रीय राजनीतिक बहस बन गया।रवनीत सिंह बिट्टू कोई साधारण नेता नहीं हैं। वे पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री बेअंत सिंह के पोते हैं, जिनकी 1995 में आतंकवादियों द्वारा हत्या कर दी गई थी। बिट्टू ने 2009 में कांग्रेस के टिकट पर पहली बार लोकसभा चुनाव जीता। इसके बाद 2014 और 2019 में भी वे सांसद बने। कुल मिलाकर उन्होंने 15 साल तक कांग्रेस का प्रतिनिधित्व संसद में किया। लेकिन 2024 के आम चुनाव से ठीक पहले उन्होंने कांग्रेस छोड़ दी और भाजपा में शामिल हो गए।2024 के चुनाव में बिट्टू लुधियाना सीट से भाजपा के उम्मीदवार थे। उन्हें कांग्रेस के अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग से करीब 20 हजार वोटों से हार का सामना करना पड़ा। इसके बावजूद भाजपा ने उन्हें राज्यसभा भेजा और केंद्र सरकार में मंत्री बनाया। यहीं से राहुल गांधी और बिट्टू के रिश्तों में तल्खी खुलकर सामने आने लगी। राहुल गांधी के गद्दार शब्द ने इसलिए ज्यादा विवाद खड़ा किया, क्योंकि भारतीय राजनीति में यह शब्द सिर्फ दल बदलने तक सीमित नहीं माना जाता। यह शब्द देश, संविधान और जनता के साथ विश्वासघात से जोड़कर देखा जाता है। यही कारण है कि भाजपा नेताओं ने इसे केवल राजनीतिक टिप्पणी नहीं, बल्कि नैतिक और सामाजिक हमला बताया।भाजपा नेताओं का तर्क है कि एक सिख नेता, जिसके परिवार ने आतंकवाद के खिलाफ संघर्ष में बलिदान दिया, उसे सार्वजनिक रूप से गद्दार कहना असंवेदनशील है। दूसरी ओर कांग्रेस नेताओं का कहना है कि यह टिप्पणी राजनीतिक संदर्भ में थी और पार्टी छोड़कर जाने वालों पर राहुल गांधी पहले भी तीखे शब्दों का इस्तेमाल करते रहे हैं।यह पहला मौका नहीं है जब बिट्टू ने राहुल गांधी को देश का दुश्मन कहा हो। इससे पहले अमेरिका में दिए गए राहुल गांधी के एक बयान को लेकर बिट्टू ने सार्वजनिक रूप से उन्हें भारत का सबसे बड़ा दुश्मन तक कहा था। राहुल गांधी ने उस बयान में सिख समुदाय की धार्मिक स्वतंत्रता को लेकर सवाल उठाया था, जिसे भाजपा और बिट्टू ने भारत की छवि खराब करने की कोशिश बताया।यह पूरा विवाद ऐसे समय में सामने आया, जब राहुल गांधी पहले से ही सरकार पर हमलावर रुख अपनाए हुए हैं। लोकसभा चुनाव के बाद कभी वे हाथ में संविधान की प्रति लेकर नजर आए, तो अब संसद परिसर में वे पूर्व सेना प्रमुख जनरल मनोज मुकुंद नरवणे की किताब फोर स्टार्स ऑफ डेस्टिनी हाथ में लिए दिखाई दिए।

## सूडोकु नवताल- 7700

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2 | | | | 1 | | |
| | | | | 2 | 5 | 7 | 3 | |
| | 9 | 4 | | 6 | 7 | | | 2 |
| | 5 | | 4 | | 3 | | | 9 |
| | 8 | | | 9 | | | 7 | |
| 1 | | | 6 | | 8 | | 2 | |
| 6 | | | 7 | 4 | | 9 | 5 | |
| | 4 | 5 | 8 | 3 | | | | |
| | | 8 | | | | 6 | | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -7699 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 1 | 6 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 8 |
| 8 | 2 | 3 | 4 | 5 | 9 | 1 | 7 | 6 |
| 4 | 5 | 7 | 1 | 6 | 8 | 3 | 9 | 2 |
| 5 | 6 | 8 | 7 | 1 | 2 | 9 | 3 | 4 |
| 1 | 7 | 4 | 9 | 8 | 3 | 2 | 6 | 5 |
| 2 | 3 | 9 | 5 | 4 | 6 | 8 | 1 | 7 |
| 7 | 4 | 1 | 8 | 9 | 5 | 6 | 2 | 3 |
| 3 | 8 | 5 | 6 | 2 | 1 | 7 | 4 | 9 |
| 6 | 9 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 8 | 1 |

# खराब कचरा प्रबंधन पर्यावरण के लिए बड़ी चुनौती

मनोज कुमार मिश्र



कचरा अब केवल शहरों की समस्या नहीं है। शहरीकरण और आधुनिकीकरण की होड़ में गांव-देहात भी कचरे की समस्या को झेलने को मजबूर हो गए हैं। पर्यावरण के लिए घरों के निकलने वाले कूड़ों से अधिक प्लास्टिक कचरा, मेडिकल कचरा, इलेक्ट्रोनिक कचरा ज्यादा नुकसानदेह है। एक अनुमान के मुताबिक देशभर से हर रोज निकलने वाले करीब तीन लाख मीट्रिक टन कचरे में तमाम नए तरह के कूड़ा पैदा होने के चलते केवल एक चौथाई कूड़े का निबटान आसानी से हो पा रहा है। हिमालय की ऊंची चोटियों से लेकर पवित्र केदारनाथ धाम भी कचरा और खास कर प्लास्टिक कचरे से तबाह है। खुद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को अपने मन की बात में इसके लिए अपील करनी पड़ी।

दिल्ली, मुंबई या दूसरे बड़े शहरों में कचरों के पहाड़ (लैंडफिल) से लोगों को खतरा है ही, उसे खत्म करने के कई प्रयासों के दौरान निकलने वाले गैस से बड़ी संख्या में लोग बीमार हो रहे हैं। जिस तरह से आए दिन दिल्ली के गाजीपुर, भलस्वा और ओखला या मुंबई के मुलूंग के कूड़े के पहाड़ों में आग लगती रहती है वैसी ही आग दिल्ली, मुंबई, देहरादून आदि के कूड़े घर में लगने लगी है। प्लास्टिक और दूसरे कचरों से बड़ी संख्या में समुद्री जीव लगातार मर रहे हैं। शहरों और देहातों में गाय और पालतू जानवरों की मौत का एक बड़ी कारण प्लास्टिक और मेडिकल कचरा है। उत्तराखंड के जंगलों में हाथियों के लीद ((शौच) में प्लास्टिक कचरा मिलने के बाद तो वन जीवों पर संकट के बादल छाने लगे हैं।

घरों से हर निकलने वाले कूड़े प्रबंधन एक समस्या है ही क्योंकि माना जाता है कि अगर अलग-अलग कूड़े की छंटाई शुरूवात में घरों से नहीं हुई तो बाद में उन्हें अलग करना कठिन हो जाता है। बड़ी समस्या दूसरे प्रकार के कूड़े से है। अब घरों को तोड़ने से होने वाले मलबे को सड़क बनाने में उपयोग किया जाने लगा है। प्लास्टिक के पुराने बोतलों आदि को भी री-साईकिल कर दूसरी चीज बनाए जाने लगे हैं। बड़ी समस्या मेडिकल कूड़े की है। एक अनुमान के मुताबिक कोरोना महामारी के दौरान हर रोज 710 टन मेडिकल कचरा निकल रहा था। मेडिकल कचरो का सही प्रबंधन न करने पर तो उनमें आपस में ही रासायनिक प्रतिक्रिया होने से खतरनाक गैस निकलने लगते हैं। इसी तरह इलेक्ट्रोनिक कचरा प्रबंधन बड़ी समस्या बन चुका है। अब मोबाइल, टीवी, फ्रिज, एसी, कूलर, गीजर, हीटर इत्यादि सामान हर घर तक पहुंच गया है। उनके बेकार होने पर उसके पुराने सामानों का उपयोग एक हद तक ही होता है। बाद में तो वह कूड़ा ही बन जाता है। इस कूड़े की मात्रा भी लगातार बढ़ रही है।

समस्या इसलिए ज्यादा विकराल होती जा रही है कि हम जिन दुनियां के अमीर देशों की नकल करके आधुनिकता के अंधी दौड़ में फंसे हुए है, वहां भी कचरा प्रबंधन समस्या है लेकिन वहां अपने देश जैसी न तो भारी आबादी है और न कम संसाधन। कुछ दशक पहले तक कूड़ा प्रबंधन शहरों की समस्या थी। गांव में गिनती के पक्के मकान थे। मिट्टी या बांस-फूस के मकानों को तोड़ तक वापस कुछ और मिट्टी या बांस- फूस से नया मकान बनाया जाता था। घरों से निकलने वाला कूड़ा खाद बन जाता था क्योंकि उसमें मिलावटी चीजें नहीं या कम से कम होती थी। गांव में प्लास्टिक के थैलों और बोतलों आदि का उपयोग तो कुछ दशकों से शुरू हुआ है। लोग सामान लाने-ले-जाने के लिए अपने थैलों आदि का उपयोग करते थे। गांव में इलेक्ट्रोनिक सामान गिनती के थे। अब गांव में भी ज्यादातर घर पक्के बन गए। इलेक्ट्रोनिक और मेडिकल कचरा शहरों की तरह गांव में भी इकट्ठा होने लगा है। शहरीकरण की बढ़ती रफ्तार ने देश के गांवों की आबादी को भी वही सारे रोग दे दिए हैं, जिसे झेलने के लिए शहरों के लोग पहले अभिशप्त थे।

अब कचरा प्रबंधन केवल महानगरों या शहरों की समस्या नहीं है, यह देश की बड़ी समस्या बन गया है। बिना कूड़ा प्रबंधन के प्रदूषण से निजात नहीं मिलने वाला है। यह साबित हो चुका है कि प्रदूषण का एक बड़ा कारण कूड़ा-कचरा है। दुनिया के अमीर देश भी इस समस्या को झेल रहे हैं और उससे निजात पाने के विभिन्न उपाय खोज चुके हैं और हर रोज नए उपाय मिलने की उम्मीद दिखाते हैं। उनका कूड़ा प्रबंधन बेहतर होने से उन देशों में प्रदूषण के मुख्य कारणों में कचरा या कूड़ा नहीं है। उनका खानपान और रहन-सहन उन्हें बीमार बना रहा है। भारत जैसे बड़ी आबादी वाले विकासशील देश में से प्रदूषण के बड़े कारणों में एक कारण मानव के उपयोग में आने वाले विभिन्न तरीके के कचरे हैं। दुर्भाग्य से इस समस्या से हम निजात नहीं पा सके हैं और अमीर देशों की नकल में जीवन शैली में बदलाव कर प्रकृति का सही उपयोग के बजाए उसका दोहन करके अपने को ज्यादा बीमार कर रहे हैं। यही हाल अपने देश में भी अंधाधुंध हो रहे शहरीकरण और विदेशी जीवन शैली का नकल करने से हो रहा है।

नरेन्द्र मोदी साल 2014 में पहली बार प्रधानमंत्री बनते ही जिन चीजों का लगातार और बार-बार आग्रह कर रहे हैं उसमें स्वच्छता, स्वावलंबन और कचरा मुक्त देश बनाने का आग्रह प्रमुख है। सभी को पक्का मकान सरकार दिला रही है, सभी घरों में साफ पानी, शौचालय, बिजली और हर गांव को पक्की सड़क से जोड़ रही है। इसमें सरकार को काफी सफलता भी मिली है। इन योजनाओं का लाभ ज्यादातर देश की आबादी को मिल रहा है। इसी तरह से सभी को शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधा भी सरकार उपलब्ध करा रही है। इन सभी योजनाओं पर लाइलाज हो रही कूड़े-कचरे की समस्या पानी फेर रही है।

उत्पादन बढ़ाने की होड़ से अन्न के अवशेष भी जहर बनते जा रहे हैं। पहले अन्न के जिन अवशेषों को प्राथमिकता से घरेलू जानवरों और मवेशियों को खिलाकर उन्हें ताकतवर और ज्यादा उपयोगी बनाते थे। अब वे उन्हीं को खाकर बीमार हो रहे हैं। भारतीय संस्कृति में गाय का गोबर सबसे पवित्र माना जाता है। उसका उपयोग हर पूजा-पाठ से लेकर घरों को शुद्ध करने के लिए किया जाता था। आज प्रदूषित अन्न के अवशेषों ने उसकी पवित्रता को ही खत्म कर दिया। गाय सबसे बड़ी संख्या में प्लास्टिक के पैकेट निगलने और प्रदूषित अन्न अवशेष खाकर मर रही हैं। इन कचरों का सही निबटारा न होने से गांव से लेकर शहरों तक के नदी-नाले भी कचरों की ढेर में तब्दील हो रहे हैं। इससे पानी का संकट तो भयावह होता ही जा रहा है, हर शहर में थोड़ी बरसात से ही बाढ़ आने लगी है। हालात ऐसे बनते जा रहे हैं कि गांव से लेकर शहरों और दिल्ली, मुंबई जैसे महानगरों में आपातकाल जैसे हालात मानकर कचरा प्रबंध प्राथमिकता पर करना जरूरी हो गया है।

# संसदीय व्यवधान के विकल्प



हृदयनारायण दीक्षित

संसद की गरिमा के प्रश्न स्थाई भाव बन रहे हैं। संसद देश काल का दर्पण होती है। यह केवल बजट पास करने या कानून बनाने का ही संवैधानिक निकाय नहीं होती। सदन की गरिमा और मयार्दा बहुधा तार-तार हो रही है। संसद की गरिमा को उच्च स्तर पर बनाए रखने का कर्तव्य सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों का है। उत्तरदायित्व का निर्वाहन शोर-शराबे से नहीं होता। कांग्रेस दीर्घकाल तक सत्ता में रही है। देश की संसदीय राजनीतिक संस्कृति को विकसित करने की जिम्मेदारी कांग्रेस की ही रही है। लेकिन विपक्षी दल की भूमिका में कांग्रेस वैचारिक विकल्प नहीं दे पाई। दुनिया भर के संसदीय जनतंत्रों में सत्ता पक्ष का विकल्प देने की जिम्मेदारी विपक्ष की होती है। सदन में अचानक किसी मुद्दे पर उबाल आ जाना बड़ी बात नहीं है। तीखी नोकझोंक भी संभव है। लेकिन योजना बनाकर सदन के भीतर उत्पात करना किसी भी दशा में उचित नहीं कहा जा सकता।

भारतीय संसद में बहुत कुछ अप्रिय घटित हो रहा है। ऐसा उत्पात सदन की मयार्दा का हनन है। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा है कि, ह्वकांग्रेस के सांसद किसी अप्रत्याशित घटना को योजनाबद्ध तरीके से अंजाम देना चाहते थे।ह्व बिरला ने कहा कि उन्होंने नेता सदन और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को सतर्क किया था कि ऐसी कोई बड़ी घटना संभव थी। बिरला ने यह भी कहा कि अभी बुधवार को विपक्ष के कुछ सदस्यों ने जैसा व्यवहार किया वैसा लोकसभा की शुरूआत से लेकर आज तक कभी नहीं हुआ। यद्यपि कांग्रेस ने लोकसभा अध्यक्ष के दावे को झूठ बताया है। लेकिन मूलभूत प्रश्न है कि प्रधानमंत्री के आसन के सामने तीन महिला सदस्यों का खड़े होना किस दृष्टि से संसदीय है। लोकसभा अध्यक्ष के अनुसार उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से अनुरोध किया था कि वे सदन में न आएं।

18वीं संसद में प्रेरक घटनाएं नहीं दिखाई पड़ती। विपक्ष अपने संसदीय दायित्वों के निर्वाहन में सफल नहीं रहा। व्यवधान और शोर बार-बार के स्थगन और संसदीय शब्दों का प्रयोग लगातार हो रहा है। राष्ट्रीय विमर्श के प्रश्न बहस का मुद्दा नहीं बन पाए। वैकल्पिक विषयों पर सदन के पटल पर विकल्प देना, विकल्प के क्रियान्वयन के लिए सुझाव देना विपक्ष की जिम्मेदारी है। यूरोपीय संसदीय राजनीति के विद्वान हेराल्ड लास्की ने विपक्ष के तीन कर्तव्य बताए थे। पहला टू प्रपोज दि गवर्नमेंट- सुझाव देना। दूसरा टू अपोज दि गवर्नमेंट- राष्ट्रीय मुद्दों पर सकारात्मक विरोध करना और तीसरा विकल्प देने के लिए तैयार रहना-टू डिपोज दि गवर्नमेंट। ब्रिटिश संसदीय परंपरा में विपक्ष को गवर्नमेंट इन वेटिंग कहा जाता है। लेकिन यहां शोर और स्थगन ही विपक्ष के हथियार बन गए हैं। संसद के विशेषाधिकार महत्वपूर्ण हैं। प्रधानमंत्री सदन का नेता होता है। नेता प्रतिपक्ष की जिम्मेदारी भी कम नहीं होती। सदन की गरिमा को बनाए रखते हुए उसे सरकार की नीतियों की आलोचना करनी चाहिए। उस आलोचना का आधार होना चाहिए। सदन में प्रयुक्त की जाने वाली भाषा संसदीय व्यवहार का प्रमुख हिस्सा है। अपशब्द विचार प्रकट करने का सही माध्यम नहीं होते। अपशब्दों का प्रयोग संसदीय कर्तव्य के आदर्श निर्वाहन का विकल्प नहीं होता। लेकिन यहां प्रधानमंत्री के आसन के समक्ष खड़े होकर शोर मचाना, महिला सांसदों का आसन को घेर कर खड़े होना जैसे प्रसंग रोजमर्रा की कार्यवाही का हिस्सा बन रहे हैं। प्रधानमंत्री के विरुद्ध किसी अनहोनी के सम्बंध में बिरला का रहस्योद्घाटन गंभीर प्रकृति का है। यह छोटी-मोटी घटना नहीं है। योजना बनाकर संसद की कार्यवाही को किसी भी रूप में प्रभावित करने की इच्छा भी खतरनाक है। यह सदन के विशेषाधिकार का भी उल्लंघन है। लोकसभा अध्यक्ष को घटना के सभी तथ्यों की जानकारी है। इसलिए ऐसे गंभीर मुद्दे पर विशेषाधिकार के अवमान की कार्यवाही होनी चाहिए।

यद्यपि ब्रिटिश संसद को संसदीय मामलों में लोकतंत्र की जननी कहा जाता है, लेकिन ब्रिटिश संसद के जन्म के बहुत पहले भारत में लोकतांत्रिक संस्थाएं थीं। लुडविग जैसे विद्वानों ने वैदिक काल में ही भारत की संसदीय संस्थाओं का उल्लेख किया है। सभा और समितियां ऋग्वेद में हैं। अथर्ववेद में हैं। महाभारत में हैं। वैदिक साहित्य में सभा के सदस्य सभासद कहलाते थे। जो सभेय थे, सभा में सुंदर बोलते थे, वे सभ्य कहे जाते थे। उत्तर वैदिक काल और पुराणों के समय भिन्न-भिन्न जनहितकारी विषयों पर विचार गोष्ठियां होती थीं। भाषा में मधुरता थी। आचार और विचार मर्यादित थे। लेकिन आधुनिक भारत की संसद तमाम प्रतिभाओं के बावजूद मर्यादित रूप में नहीं चलती। संसदीय कार्यवाही प्रेरित नहीं करती। यह हताश और निराश करती है।

संविधान सभा की कार्यवाही लंबे समय तक चली थी। सभा में पंडित जवाहरलाल नेहरू, डॉ. आम्बेडकर, कमलापति त्रिपाठी, विशंभर दयालु त्रिपाठी, मौलाना हजरत मोहानी, हरि विष्णु कामथ, हृदयनाथ कुंजूरू, डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी जैसे विद्वान सदस्य थे। इस लंबी कार्यवाही में कहीं कोई कटुता नहीं दिखाई पड़ी। डॉ. राजेन्द्र प्रसाद सभा की अध्यक्षता कर रहे थे। संविधान सभा ने देश को एक राज व्यवस्था दी। राष्ट्रवादी मूल और आदर्श दिए लेकिन आश्चर्य है कि ऐसी परंपराओं के उत्तराधिकारी होकर भी हम अपनी संसद को सुव्यवस्थित नहीं चला पा रहे हैं। दुर्भाग्य का विषय है कि प्रमुख विपक्षी पार्टी कांग्रेस के पास नीतियों के स्तर पर कोई विकल्प नहीं है। शोर स्थाई भाव है। सदन राष्ट्रीय विमर्श के संवैधानिक मंच हैं। विपक्ष को तथ्य और तर्क सहित चर्चा करनी चाहिए। मूलभूत प्रश्न है कि प्रश्नों का उद्देश्य क्या है? क्या लोकतंत्र की मजबूती हंगामे से ही संभव है। क्या शोर शराबा और हंगामा ही बहस का उपकरण हो सकते हैं। लोकसभा के मंच से लगातार विपक्ष द्वारा यही कहा जा रहा है कि हंगामा हथियार हो गया है। विपक्ष के पास तथ्य नहीं है। विपक्ष को लगता है कि विपक्ष के पास तथ्य और तर्क से ज्यादा हंगामा और नारेबाजी के उपकरण ही हैं। विपक्ष सरकार को घेरने के अलावा और किसी लक्ष्य से प्रेरित नहीं है। वह राष्ट्रीय आवश्यकता की रणनीति पर कम और हंगामा द्वारा राजनीतिक बढ़त लेने का हथियार ज्यादा है। सदन में अंतर्राष्ट्रीय विषयों पर कम से कम विपक्ष से अपेक्षा की जा सकती है कि वह उत्तरदायी बने। प्रश्न पूछे। विकल्प दे। सुझाव रखे। सरकार को जवाबदेह बनाए। विपक्ष का यह भी कर्तव्य है कि वह सदन को हंगामे का मंच न बनाएं।

# बाबा आमटे का संपूर्ण जीवन कुष्ठ रोगियों के कल्याण को समर्पित रहा था

विजय केसरी

महान स्वाधीनता सेनानी, सामाजिक कार्यकर्ता सह गांधीवादी विचारक बाबा आमटे का संपूर्ण जीवन कुष्ठ रोगों के कल्याण को समर्पित रहा था।बाबा आमटे ने कुष्ठ रोगियों के कल्याण के लिए जमी जमाई वकालत छोड़ कर चंद्रपुर में आनंदवन की स्थापना कर उन्हें सम्मानजनक जीवन प्रदान किया। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के विचारों से प्रभावित होकर आजीवन गांधीवाद को न सिर्फ अपनाया बल्कि आजीवन प्रचार प्रसार भी किया। इसलिए उन्हें आजाद भारत का 'आधुनिक गांधी' के रूप में भी जाना जाता है। जिस काल खंड में उन्होंने कुष्ठ रोगियों के कल्याण के लिए अपना कदम आगे बढ़ाया था, कई तरह की भ्रांतियां इस रोग से संबंधित समाज में फैली हुई थी, लेकिन सभी भ्रांतियों को नजरअंदाज कर जो कुछ भी किया,सदा याद किया जाता रहेगा । उन्होंने कुष्ठ रोगियों की न सिर्फ सेवा की बल्कि और उन सबों के पुनर्वास के लिए जो कदम उठाया, उसकी प्रासंगिकता आज तक बनी हुई है। कुष्ठ रोग के विषय में कई ऐसी भ्रांतियां फैली हुई थी कि अगर किसी को यह रोग लग जाए, तो उसे अपने ही परिवार और समाज से अलग हो जाना पड़ता था । एक और जहां कुष्ठ रोगी अपने रोग से परेशान थे, वहीं परिवार और समाज से भी उपेक्षित हो रहे थे। ऐसे समय में बाबा आमटे ने उन सबों का थाम कर अद्वितीयय उदाहरण प्रस्तुत किया था। इसके साथ ही उन्होंने स्वाधीनता आंदोलन को गति प्रदान करने के लिए वकीलों को संगठित करने का भी काम किया था। फलस्वरूप वे ब्रिटिश हुकूमत की आंखें किरकिरी भी बन गए थे । उन्होंने इसकी परवाह किए बिना भारत के स्वाधीनता आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की थी।

बाबा आमटे का जन्म 26 दिसंबर 1914 को हिंगनघाट, महाराष्ट्र में हुआ था। उनका पूरा नाम मुरलीधर देवीदास आमटे था। लेकिन बचपन से ही उन्हें बाबा - बाबा कहकर बुलाया जाता था। आगे चलकर यही उपनाम से वे लोकप्रिय हुए । वे एक समृद्ध जमींदार परिवार से ताल्लुक रखते थे, लेकिन उन्होंने विलासिता का जीवन छोड़कर समाज सेवा का रास्ता चुना। उन्होंने नागपुर विश्वविद्यालय से कानून की पढ़ाई पूरी कर वकील बने थे। उन्होंने कुष्ठ रोगियों की ऐसी खिदमत की थी कि उन्हें उनके ही जीवन काल में कुष्ठ रोगियों के मसीहा के अलंकार जाना जाने लगा था। उन्होंने कुष्ठ रोगियों के बदतर जीवन को देखकर महसूस किया कि कुष्ठ रोगियों को समाज से बाहर कर दिया जाता है। यह पूरी तरह गलत परंपरा है। फिर उन्होंने अंतः प्रेरणा से कुछ रोगियों के कल्याण का संकल्प लिया। फिर उन्होंने अपना कदम कभी पीछे नहीं किया । आगे चलकर 1949 में उन्होंने आनंदवन, अशोकवन, और सोमनाथ जैसे केंद्रों की स्थापना की थी। इन तीनों केन्द्रों में कुष्ठ रोगियों को मुफ्त इलाज के साथ-साथ आत्मनिर्भर बनने की ट्रेनिंग दी जाती थी।

उनका मत था कि दान विनाश करता है, कर्म निर्माण करता है। वे आजीवन इसी मूल मंत्र को मान कर आगे बढ़ते रहे थे। प्रारंभिक दिनों में उनके उक्त विचार के लिए उनकी जमकर आलोचना हुई थी। लेकिन उन्होंने आलोचना पर बिल्कुल ध्यान नहीं दिया था। बल्कि वे उस मूल मंत्र को जीवन का अंतिम सत्य मान कर कुष्ठ रोगियों के कल्याण के लिए निरंतर कदम बढ़ते रहे थे। तब लोगों ने मानना शुरू कर दिया था कि बाबा आमटे अपने विचार के बिल्कुल पक्के हैं । तब उन्हें जो सम्मान सामाजिक तौर पर मिलना चाहिए, मिलना प्रारंभ हुआ था। इससे पूर्व उन्हें अपने रिश्तेदारों से भी दूर होना पड़ा था। लेकिन वे इस दूरी की भी परवाह किए बिना कुष्ठ रोगों को गले लगाकर जो कुछ किए, भारतीय इतिहास के लिए ऐसा समाज सेवा करने वाले पहला व्यक्ति बन गए थे।

इसके साथ ही पर्यावरण संरक्षण और समाज के लिए जो कुछ भी किया अपने आप में अद्वितीय था। उन्होंने पर्यावरण प्रदूषण की चिंता से भारत सहित विश्व को अवगत कराया था। ?उन्होंने 'नर्मदा बचाओ आंदोलन' के माध्यम से देश की एक नई तस्वीर प्रस्तुत की थी। उनका मत था पर्यावरण और विस्थापन की कीमत पर विकास नहीं होना चाहिए। ? उन्होंने नर्मदा बचाओ आंदोलन के माध्यम से आदिवासियों के अधिकारों के लिए जमकर संघर्ष किया था। उन्होंने संघर्ष कर विस्थापित आदिवासियों को उसका हक भी दिलवाया था ।

वे स्वतंत्र भारत में बढ़ती सांप्रदायिकता और जात-पात से बहुत दुखी थे। वे देश के चतुर्दिक विकास के लिए सांप्रदायिकता और जात-पात को एक बड़ी रूप के रूप में देखते थे । देश के विकास के लिए देश की एकता और अखंडता बहुत जरूरी है । इसलिए उन्होंने 1980 में भारत जोड़ो यात्रा कर देशवासियों को यह समझाने का प्रयास किया कि देश की एकता और अखंडता के लिए हम सभी मिलजुल कर रहे हैं। हम सभी भाईचारे के साथ रहें। तभी देश सुरक्षित रहेगा। तभी देश की आजादी का अर्थ सार्थक हो पाएगा। उन्होंने 'भारत जोड़ो' यात्रा को एक आंदोलन का रुप प्रदान किया था। भारत जोड़ो यात्रा के माध्यम से उन्होंने संपूर्ण देश की यात्रा कर हजारों जन सभाओं को संबोधित किया था। उनके इस देशव्यापी आंदोलन को संपूर्ण देश में समर्थन मिला था। तब सत्ता पक्ष और विपक्ष के नेताओं ने भी माना कि बाबा आमटे की भारत जोड़ो यात्रा देश की एकता अखंडता के लिए बहुत ही जरूरी है । सत्ता पक्ष और विपक्ष नेताओं ने भी उनके सुर में अपना सुर मिलाया था। ध्यातव्य है कि बाबा आमटे के पिता देवीदास हरबाजी आम्टे शासकीय सेवा में थे। उनका बचपन बहुत ही ठाट-बाट से बीता।

## दैनिक पंचांग

**9 फरवरी 2026 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मकर में | कुंभ | 06.53 बजे से |
| चंद्र | तुला में | मीन | 08.26 बजे से |
| मंगल | मकर में | मेष | 09.56 बजे से |
| बुध | कुंभ में | वृष | 11.36 बजे से |
| गुरु | मिथुन में | मिथुन | 13.35 बजे से |
| शुक्र | कुंभ में | कर्क | 15.48 बजे से |
| शनि | मीन में | सिंह | 18.04 बजे से |
| राहु | कुंभ में | कन्या | 20.16 बजे से |
| केतु | सिंह में | तुला | 22.27 बजे से |
| राहुकाल | | वृश्चिक | 00.41 ब.से |
| 7.30 से 9.00 | | धनु | 02.57 बजे से |
| बजे तक | | मकर | 05.03 बजे से |

**सोमवार** 2026 वर्ष का 40 वा दिन
**दिशाशूल** पूर्व **ऋतु** शिशिर।
**विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1947
**मास** फाल्गुन (दक्षिण भारत में माघ)
**पक्ष** कृष्ण
**तिथि** अष्टमी अहोरात्र।
**नक्षत्र** विशाखा अहोरात्र।
**योग** वृद्धि 00.52 बजे रात्र को समाप्त।
**करण** बालव 18.13 बजे को समाप्त।
**चन्द्रायु** 21.2 घण्टे
**रवि क्रान्ति** दक्षिण 14° 44'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1872615
**जूलियन दिन** 2461080.5
**कलियुग संवत्** 5126
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2552
**हिजरी सन्** 1447
**महीना** सावान
**तारीख** 20
**विशेष** सीताष्टमी, जानकी जयंती।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| अमृत | 05.53 से | 07.22 बजे तक | चर | 05.43 से | 07.14 बजे तक |
| काल | 07.22 से | 08.50 बजे तक | रोग | 07.14 से | 08.45 बजे तक |
| शुभ | 08.50 से | 10.19 बजे तक | काल | 08.45 से | 10.17 बजे तक |
| रोग | 10.19 से | 11.48 बजे तक | लाभ | 10.17 से | 11.48 बजे तक |
| उद्वेग | 11.48 से | 01.17 बजे तक | उद्वेग | 11.48 से | 01.19 बजे तक |
| चर | 01.17 से | 02.45 बजे तक | शुभ | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| लाभ | 02.45 से | 04.14 बजे तक | अमृत | 02.51 से | 04.2 बजे तक |
| अमृत | 04.14 से | 05.43 बजे तक | चर | 04.22 से | 05.53 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

## एक नजर

### अगलगी में घर का सामान जलकर राख

**साहिबगंज** : उधवा प्रखंड क्षेत्र के पूर्वी उधवा पंचायत अंतर्गत केवटपाड़ा गांव में रविवार की दोपहर एक घर में आग लग गई। जिससे घर का सामान, कपड़े एवं नगदी जलकर राख हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार केवटपाड़ा निवासी काजल देवी के घर में शॉर्ट सर्किट से आग लगी थी। जिसने देखते ही देखते पूरे घर को अपनी चपेट में ले लिया। ग्रामीणों की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। पीड़ित काजल देवी ने प्रशासन से मुआवजा व सरकारी सहायता उपलब्ध कराने की मांग की।

### रतनपुर गांव में 14 वर्षीय किशोर की संदिग्ध मौत



**साहिबगंज**: बरहरवा थाना क्षेत्र के रतनपुर गाँव मे रविवार की सुबह 14 वर्षीय किशोर का शव बरामद किया गया। जानकारी के मुताबिक किशोर कों परिजनों ने शनिवार की देर शाम ही अचेत अवस्था मे 14 वर्षीय किशोर आयुष कुमार कों घर के पीछे झाड़ी से उठाकर अस्पताल लाया था। जहाँ से उसे रेफर कर दिया गया। जिसके बाद परिजनों ने उसे लेकर सोना जोड़ी हॉस्पिटल पाकुड़ पहुंचे, जहां उन्हें मृत करार दे दिया। जिसके बाद परिजनों द्वारा अंतिम संस्कार की तैयारी होने लगी इसी बीच सूचना मिलते ही बरहरवा प्रभाग पुलिस इंस्पेक्टर संतोष कुमार राणा, बरहरवा थाना प्रभारी सुमित कुमार सिंह ने मौके पर पहुंचकर शव कों अपने कब्जे मे ले कर छानबीन करने लगे। छानबीन के दौरान मृतक के गले एवं पीठ पर कुछ निशान सा देखा गया हैं, वहीं परिजनों का भी आरोप है कि उक्त किशोर की हत्या की गई है। फिलहाल पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है। वही इंस्पेक्टर संतोष कुमार राणा ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के पश्चात ही कुछ कहा जा सकेगा, फिलहाल यह हत्या प्रतीत हो रहा है।

### गमहरिया रेलवे स्टेशन पर अवैध शराब बरामद



**सरायकेला** : अधीक्षक उत्पाद, सरायकेला के निदेशानुसार अवैध शराब के निर्माण एवं तस्करी के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत 7 फरवरी 2026 को गमहरिया थाना क्षेत्र स्थित गमहरिया रेलवे स्टेशन पर छापेमारी की गई। प्राप्त गुप्त सूचना के आधार पर उत्पाद विभाग की टीम ने आरपीएफ के सहयोग से 'टाटा-छपरा एक्सप्रेस' ट्रेन में सवार एक संदिग्ध यात्री की तलाशी ली। तलाशी के दौरान उसके नीले रंग के बैग से 30 पाउच टेट्रा पैक 'ऑफिसर चॉइस एलिट व्हिस्की - फॉर सेल इन वेस्ट बंगाल' बरामद किया गया। बरामद शराब अवैध रूप से परिवहन की जा रही थी। आरोपी को विधिवत हिरासत में लेकर आवश्यक उत्पाद अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई तथा न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। उत्पाद विभाग की टीम ने स्पष्ट किया है कि अवैध शराब के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# झारखंड सरकार से मान्यता प्राप्त सर्टिफिकेट एवं आईडी कार्ड का किया गया वितरण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज** : तालझारी प्रखंड अंतर्गत दामिन डाक बंगला स्थित तालझारी पंचायत भवन में रविवार को एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर दर्जनों ग्रामीण चिकित्सकों को झारखंड सरकार से मान्यता प्राप्त प्रमाण-पत्र (सर्टिफिकेट) एवं पहचान पत्र (आईडी कार्ड) प्रदान किए गए। साथ ही, कई नए इच्छुक ग्रामीण चिकित्सकों का संगठन में पंजीकरण (रजिस्ट्रेशन) भी सफलतापूर्वक किया गया। ग्रामीण चिकित्सक एसोसिएशन साहेबगंज जिला सचिव हरदेव पंडित को नियुक्ति पत्र दिया गया। तालझारी प्रखंड अध्यक्ष पद पर लोबिन हांसदा, प्रखंड सचिव जितेंद्र ठाकुर को नियुक्ति पत्र दिया गया। वही



कार्यक्रम में उपस्थित सभी ग्रामीण चिकित्सकों ने झारखंड सरकार की इस पहल की सराहना की और ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को सशक्त बनाने के लिए संगठन को और अधिक मजबूत करने का संकल्प लिया। इस दौरान कुछ योग्य एवं समर्पित नए ग्रामीण चिकित्सकों को संगठन की ओर से मनोनीत भी किया गया, ताकि वे ग्रामीण स्वास्थ्य सेवा में सक्रिय भूमिका निभा सकें। यह कार्यक्रम ग्रामीण इलाकों में स्वास्थ्य सुविधाओं की उपलब्धता बढ़ाने और स्थानीय स्तर पर योग्य चिकित्सकों को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ है। ग्रामीण चिकित्सक संगठन के पदाधिकारियों ने बताया कि ऐसे आयोजन नियमित रूप से विभिन्न प्रखंडों में आयोजित किए जा रहे हैं, जिससे ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार हो रहा है और युवा चिकित्सकों को प्रेरणा मिल रही है। सभी ग्रामीण चिकित्सक एवं संगठन के सदस्यों ने झारखंड सरकार का आभार व्यक्त किया है तथा ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं के लिए निरंतर प्रयास करने का वचन दिया है।

## हरिसाधना आश्रम दगड़ीगोड़ा में तीन दिवसीय धार्मिक अनुष्ठा का उद्घाटन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पटमदा** : पटमदा प्रखंड के कमलपुर थाना क्षेत्र के दगड़ीगोड़ा श्री श्री हरिसाधना आश्रम में आयोजित तीन दिवसीय धार्मिक अनुष्ठा का विधिवत उद्घाटन विधायक प्रतिनिधि चंद्र शेखर टुडू ने फीता काटकर किया। संबोधन में उन्होंने कहा कि श्री श्री हरिसाधना आश्रम दगड़ीगोड़ा में काफी लंबे समय से धार्मिक अनुष्ठा होते आ रहा हैं। ये आश्रम काफी प्रचलित हैं। आश्रम में आने से मन को शांति की अनुभूति होती हैं। आश्रम के संचालक शंभू दास द्वारा धार्मिक अनुष्ठा के दौरान तीनों दिन साधु महात्माओं को भोजन सेवा के साथ साथ अंगवस्त्र व कम्बल का वितरण करते हैं। ये काफी पुण्य का काम है। जिला पार्षद खगेन चंद्र



महतो ने कार्यक्रम में घोषणा किया कि बहुत जल्द श्री श्री हरिसाधना आश्रम दगड़ीगोड़ा परिसर में जिला परिषद मद से होगा। अनुष्ठान उद्घाटन समारोह में, विधायक प्रतिनिधि चंद्र शेखर टुडू ,पार्षद खगेन चंद्र महतो, आश्रम संचालक शंभू दास बाबाजी, मुखिया प्रतिनिधि खादु सिंह ,हराधन घोषाल, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष अश्वनी महतो, जमीनी प्रामाणिक, जगन्नाथ मंदिर कमिटी अध्यक्ष गिरिजा प्रसाद मिश्रा,प्रेम चांद महतो, उमा, बुलू माताजी सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## आरपीएफ ने अवैध शराब और टिकटिंग गतिविधियों पर विशेष कार्रवाई की

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज** : मालदा मंडल के मंडल रेलवे प्रबंधक मनीष कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन एवं अशिम कुमार कुल्लू, मंडल सुरक्षा आयुक्त, आरपीएफ, मालदा की देखरेख में, मालदा मंडल की रेलवे सुरक्षा बल रेलवे स्टेशनों और ट्रेनों पर सुरक्षा, कानून का पालन और सुचारू संचालन सुनिश्चित करने के लिए सतत निगरानी कर रही है। जहां तीनपहाड़ रेलवे स्टेशन पर, आरपीएफ की सीआईबी/मालदा और पोस्ट/बरहरवा टीमों ने ऑपरेशन सुरक्षा के तहत अवैध टिकटिंग गतिविधियों पर छापेमारी की। दो व्यक्तियों, साहिब अंसारी और आनंद तुरि, को पीआरएस काउंटर के पास संदिग्ध गतिविधियों के दौरान रोका गया। उनकी जांच में



अप्रयुक्त तत्काल टिकट अनभरे आरक्षण/रद्दीकरण फॉर्म, मोबाइल फोन और नकद राशि, जिनका कुल मूल्य लगभग 10,625 रुपए बरामद हुआ। दोनों व्यक्तियों ने व्यक्तिगत लाभ के लिए रेलवे टिकट की अवैध खरीद और बिक्री में संलिप्त होने की बात स्वीकार की। रेलवे अधिनियम के तहत आवश्यक कार्रवाई शुरू की गई और सभी बरामद सामग्री कानूनी कार्रवाई हेतु सुरक्षित रखी गई। कुल मिलाकर, इन अभियानों के दौरान ऑपरेशन सुरक्षा के तहत तीन व्यक्ति संलिप्त पाए गए। आरपीएफ ने अवैध शराब और रेलवे टिकट/सामग्री, जिनका कुल मूल्य लगभग 21,765/ रुपए बरामद किया। सभी बरामद वस्तुएँ संबंधित अधिकारियों के पास आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए भेजी गईं और रेलवे अधिनियम एवं संबंधित कानूनों के तहत कार्रवाई की गई।

## नगर पंचायत चुनाव को लेकर चाकुलिया में पुलिस सतर्क, अवैध शराब के दो अड्डे किए ध्वस्त

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पूर्वी सिंहभूम** : पूर्वी सिंहभूम जिले के चाकुलिया में नगर पंचायत चुनाव को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और भयमुक्त वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। इसी क्रम में रविवार को चाकुलिया थाना क्षेत्र के मौराबांधी गांव में पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई करते हुए शराब निर्माण के दो प्रमुख ठिकानों को ध्वस्त कर दिया। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि चुनाव को प्रभावित करने के उद्देश्य से इलाके में अवैध शराब का निर्माण और भंडारण किया जा रहा है। सूचना के सत्यापन के बाद पुलिस ने सशस्त्र



बलों के सहयोग से संयुक्त छापेमारी अभियान चलाया। इस कार्रवाई के दौरान मौके से लगभग 350 किलोग्राम जावा महुआ, शराब निर्माण में प्रयुक्त उपकरण तथा करीब 15 लीटर तैयार देसी शराब जब्त की गई। मामले की गंभीरता और सुरक्षा कारणों को ध्यान में रखते हुए पुलिस ने बरामद जावा महुआ, भट्ठियों और अन्य सामग्री को मौके पर ही नष्ट कर दिया। इस संबंध में उत्पाद विभाग को भी आधिकारिक रूप से सूचित कर दिया गया है, ताकि अवैध शराब कारोबार में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध नियमानुसार सख्त कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। पुलिस की इस अचानक और प्रभावी कार्रवाई से क्षेत्र के अवैध शराब कारोबारियों में हड़कंप मच गया है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि चुनाव के दौरान किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और इस तरह की कार्रवाइयां आगे भी जारी रहेंगी।

### बजरंग दल-गौ रक्षा दल ने नौ गायों को कराया मुक्त, दो आरोपित हिरासत में

**पश्चिमी सिंहभूम** : पश्चिमी सिंहभूम थाना क्षेत्र अंतर्गत मोची साई इलाके में शनिवार देर रात गौ तस्करी के खिलाफ बजरंग दल और गौ रक्षा दल ने बड़ी कार्रवाई करते हुए तस्करों के चंगुल से नौ गायों को सुरक्षित मुक्त कराया। इस दौरान दो संदिग्ध तस्करों को पकड़कर पुलिस के हवाले किया गया। पूरी कार्रवाई गुप्त सूचना के आधार पर चलाए गए विशेष अभियान के तहत की गई। जानकारी के अनुसार बजरंग दल के गौ रक्षकों को देर रात सूचना मिली थी कि कुछ लोग गौ तस्करी के उद्देश्य से गायों को एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जा रहे हैं।

## संदिग्ध अवस्था में सेवा निवृत्त शिक्षक की हत्या

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज** : तीनपहाड़ थाना क्षेत्र के जोंका ग्राम में बीते शनिवार की सुबह एक सेवा निवृत शिक्षक की हत्या हो जाने को लेकर स्थानीय ग्रामीण के साथ साथ मृतक के परिजन हत्या की दवा कर रहे है। मृतक निर्भय कुमार राय एक सेवा निवृत शिक्षक थे। वही रविवार की दिन डॉग स्कॉट व फॉरेंसिक टीम ने आकर जांच किया जिसमें डॉग ने घटना स्थल से तीन सो मीटर दूरी तक जांच किया। हालांकि पुलिस को समाचार लिखे जाने तक किसी प्रकार का हत्या होने की साक्ष्य प्राप्त नहीं हुई है। पुलिस का दावा है कि घटना को काफी बारीकी से जांच की जा रही है जल्द ही इसका उद्भेदन कर ली जाएगी। वही मृतक के पुत्र जो कि जैप 9 में कार्यरत है। वही मृतक के पुत्री का कहना है कि उनके पापा काफी सरल प्रवृत्ति के व्यक्ति थे उनके साथ किसी का कोई विवाद नहीं हुआ था पर बीते लगभग एक



वर्ष पूर्व घर में चोरी की घटना घटी थी जिसमें कुछ लोगों ने उनके पापा को धमकी भी दिया था पर उनके पापा किसी को नहीं बताया था कि आखिर में उनको कौन धमकी दिया था। इस तरह थाना क्षेत्र में किसी सेवा निवृत शिक्षक की मृत्यु से स्थानीय ग्रामीणों में रोष का माहौल है। डॉग स्कॉट के साथ साथ फॉरेंसिक टीम व थाना प्रभारी मृतुन्जय कुमार पांडे के अलावा पुलिस दल बल मौजूद थे।

## सीबीएसई परीक्षार्थियों के लिए उन्मुखीकरण कार्यशाला आयोजित

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पाकुड़** : ज़िले के कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, पाकुड़ में सीबीएसई बोर्ड की 10वीं एवं 12 वीं परीक्षा में सम्मिलित होने वाली छात्राओं के लिए उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपायुक्त मनीष कुमार ने कहा कि सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता और सतत परिश्रम, अनुशासन एवं सकारात्मक सोच से ही बेहतर परिणाम प्राप्त किए जा सकते हैं।उन्होंने छात्राओं को नियमित अध्ययन, समय का सदुपयोग तथा निरंतर अभ्यास एवं पुनरावृत्ति पर विशेष ध्यान देने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि बोर्ड परीक्षा विद्यार्थियों के जीवन का महत्वपूर्ण पड़ाव होती है, जो उनके भविष्य की दिशा तय करती है। उपायुक्त ने कहा कि जिला प्रशासन शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिए



निरंतर प्रयासरत है। विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से विभिन्न शैक्षणिक पहल एवं विशेष अभियान संचालित किए जा रहे हैं, जिसके सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि छात्राओं की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन एवं अभिभावकों के सहयोग से इस वर्ष जिले का परीक्षा परिणाम और बेहतर होगा। उपायुक्त ने छात्राओं को परीक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण सुझाव देते हुए कहा कि वे परीक्षा केंद्र पर निर्धारित समय से पूर्व पहुंचें, शांत एवं एकाग्रचित्त होकर परीक्षा दें तथा प्रश्नपत्र को ध्यानपूर्वक पढ़कर ही उत्तर लिखें। उन्होंने परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार के अनुचित साधनों से दूर रहने तथा आत्मविश्वास के साथ परीक्षा में सम्मिलित होने का आह्वान किया। उन्होंने छात्राओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि यदि किसी प्रश्न का उत्तर पूर्ण रूप से ज्ञात नहीं हो, तब भी उससे संबंधित महत्वपूर्ण बिंदुओं को अवश्य लिखें, जिससे अंक प्राप्त करने की संभावना बनी रहती है। साथ ही उत्तर पुस्तिका में स्वच्छ, स्पष्ट एवं व्यवस्थित लेखन तथा आवश्यकतानुसार आरेख एवं फ्लोचार्ट के उपयोग पर भी बल दिया। इस अवसर पर उपायुक्त मनीष कुमार ने छात्राओं को एमडीए-आईडीए अभियान (10 फरवरी से 25 फरवरी 2026) के बारे में जानकारी देते हुए फाइलेरिया रोधी दवा सेवन के प्रति जागरूक किया। उन्होंने कहा कि फाइलेरिया एक गंभीर लेकिन पूर्णतः रोके जाने योग्य बीमारी है। दवा का नियमित सेवन कर इस बीमारी के संक्रमण को समाप्त किया जा सकता है। उन्होंने छात्राओं से अपील की कि वे स्वयं दवा का सेवन करें तथा अपने परिवार और समाज के अन्य लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करें। उपायुक्त ने कहा कि जिला प्रशासन विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य एवं जिले के बेहतर स्वास्थ्य के प्रति पूर्णतः प्रतिबद्ध है। उन्होंने सभी छात्राओं से आत्मविश्वास, अनुशासन एवं सकारात्मक सोच के साथ परीक्षा में सम्मिलित होकर जिले एवं राज्य का नाम रोशन करने का आह्वान किया। मौके पर एडीपीओ पीयूष कुमार, एपीओ रघुवर तिवारी, एपीओ राजेश कुमार एवं प्रभारी वार्डेन उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### जिला कोषागार कार्यालय का उपायुक्त ने किया निरीक्षण



**पाकुड़** : ज़िले के उपायुक्त मनीष कुमार ने अनुमंडल कार्यालय परिसर स्थित जिला कोषागार कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने कोषागार से संबंधित विभिन्न अभिलेखों, रोकड़ बही, स्ट्रांग रूम एवं कार्यालय कक्ष का गहन निरीक्षण करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर कोषागार पदाधिकारी सारती तोपनो ने उपायुक्त को पीएल अकाउंट सहित कोषागार से संबंधित विभिन्न कार्यों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कोषागार से जुड़े सभी कार्यों को नियमित रूप से अद्यतन रखा जा रहा है तथा वित्तीय अभिलेखों का संधारण नियमानुसार किया जा रहा है।निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने नॉन-ज्यूडिशियल रजिस्टर, कोर्ट फीस स्टांप रजिस्टर, एडवोकेट वेलफेयर फंड स्टांप रजिस्टर, चेक पंजी, आरडीएस डिवीजन आवंटन व्यय पंजी तथा कोषागार स्थापना रोकड़ बही सहित अन्य बही-खातों का भौतिक सत्यापन किया।उपायुक्त ने कोषागार पदाधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि पेंशनरों के भुगतान से पूर्व जीवन प्रमाण पत्र का नियमित सत्यापन सुनिश्चित किया जाए, ताकि भविष्य में किसी प्रकार की असुविधा उत्पन्न न हो। उन्होंने कोषागार से संबंधित सभी कार्यों को समयबद्ध, पारदर्शी एवं सुव्यवस्थित तरीके से संचालित करने पर बल दिया।

### 25 किसानों को सात दिवसीय मधुमक्खी पालन प्रशिक्षण का आज समापन



**साहिबगंज**: उद्यान विभाग, साहिबगंज द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 के अंतर्गत राष्ट्रीय मधुमक्खी एवं शहद मिशन योजना के तहत चयनित 25 किसानों को सात दिवसीय मधुमक्खी पालन प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण के समापन अवसर पर जिला उद्यान पदाधिकारी, साहिबगंज अमितेश रंजन एवं कृषि वैज्ञानिक संजीव कुमार द्वारा बरहरवा प्रखंड के कालू पंचायत में प्रशिक्षणार्थी किसानों को प्रमाण-पत्र वितरित किए गए। इस अवसर पर जिला उद्यान पदाधिकारी एवं कृषि वैज्ञानिक ने किसानों को संबोधित करते हुए बताया कि मधुमक्खी पालन एक शत-प्रतिशत जैविक व्यवसाय है, जिससे किसानों की आय में वृद्धि होती है तथा फसलों की उत्पादन क्षमता एवं गुणवत्ता में भी उल्लेखनीय सुधार होता है। उन्होंने किसानों को मधुमक्खी पालन को अपनाकर आत्मनिर्भर बनने का आह्वान किया। कार्यक्रम में उद्यान विभाग के मुकेश कुमार सहित आत्मा द्वारा चयनित सभी 25 किसान उपस्थित थे।

### युवाओं के लिए माय भारत क्विज कॉन्टैक्ट 2026 प्रश्न उत्तरी स्पर्धा शुरू



**साहिबगंज** : युवा कार्यक्रम खेल मंत्रालय भारत सरकार मेरा युवा भारत साहिबगंज के तत्वाधान में जिला युवा अधिकारी मोंटू पातर के दिशा निर्देश के अनुसार मेरा युवा भारत के सदस्य चंदन कुमार के नेतृत्व में बाबा तिलका मांझी युवा क्लब, एवं चांद भैरव युवा क्लब के सभी सदस्यों को यह बताया गया कि युवाओं को बजट की जानकारी से जोड़ने के उद्देश्य के साथ से माय भारत बजट कॉन्टैक्ट 2026 नाम से राष्ट्र स्तर की पहल शुरू की गई है। इस अभियान के तहत ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। जिसमें 15 से 29 वर्ष तक के युवा भाग ले सकते हैं। यह प्रतियोगिता 3 फरवरी से शुरू होकर 17 फरवरी 2026 तक लाइव रहेगा। पहले चरण में राष्ट्रीय स्तर की ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता होगी। इसमें सफल प्रतिभागियों को राज्य स्तर पर चयनित कर दूसरे चरण में निबंध, लेखन प्रतियोगिता में भाग लेने का अवसर दिया जाएगा। इसके तहत आज सभी युवा क्लब के सदस्यों को बजट के प्रति जागरूक करने के लिए ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन भी कराया गया। अभियान के तहत ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। इस प्रतियोगिता में युवा क्लब के सभी सदस्यों ने बढ़-कर हिस्सा लिया एवं अपना अहम योगदान प्रदान किया।

### हाइवा की चपेट में आने से एक युवक की दर्दनाक मौत, छाया मातम



**साहिबगंज**: राधानगर थाना क्षेत्र अंतर्गत मोहनपुर-तीनपहाड़ मुख्य सड़क स्थित लालबथान गांव के समीप रविवार की दोपहर करीब 2 बजे एक तेज रफ्तार हाइवा की चपेट में आने से एक 32 वर्षीय युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद हाइवा चालक मौके से फरार हो गया। ग्रामीणों ने हाइवा वाहन रोककर रखा है। आक्रोशित ग्रामीणों ने मुख्य सड़क को जाम कर दिया। जानकारी के अनुसार मोहनपुर पंचायत निवासी मृतक के बड़े भाई महेश साहा ने बताया कि उनके छोटा भाई देबू साहा (32) वर्ष अपने खेत देखकर वापस पैदल अपने घर लौट रहा था। इसी बीच विपरीत दिशा से आ रही तेज रफ्तार हाइवा की चपेट में उक्त युवक आ गया। जिससे युवक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद आसपास लोगों की भीड़ लग गई। स्थानीय लोगों ने युवक की पहचान कर इसकी सूचना परिजनों को दिया। सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं आक्रोशित ग्रामीणों ने मुख्य सड़क को जाम कर दिया। सूचना मिलते ही राधानगर थाना प्रभारी अमर कुमार मिंज,एसआई गंगा प्रसाद यादव,एएसआई मनोज पासवान,कान्हू मुर्मू दलबल के साथ मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी ली।

# अगले हफ्ते स्टॉक स्प्लिट, बोनस और डिविडेंड से बाजार में बढ़ेगी हलचल

**- कॉरपोरेट एक्शन के चलते निवेशकों की नजर बाजार पर**

**नई दिल्ली ।**
आने वाला हफ्ता शेयर बाजार के लिहाज से खास रहने वाला है। बाजार भले ही रोजाना उतार-चढ़ाव से गुजरता हो, लेकिन कुछ हफ्ते ऐसे होते हैं जब एक साथ कई बड़ी वजहें निवेशकों का ध्यान खींचती हैं। इस बार भी ऐसा ही माहौल बनता दिख रहा है। स्टॉक स्प्लिट, बोनस इश्यू और डिविडेंड जैसे कॉरपोरेट एक्शन बाजार में नई हलचल पैदा कर सकते हैं। ऐसे में यह हफ्ता न सिर्फ ट्रेडर्स बल्कि लॉन्ग टर्म निवेशकों के लिए भी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। अगले हफ्ते शेयर बाजार में डेल्फी वर्ल्ड मनी लिमिटेड निवेशकों के रडार पर रहेगी। कंपनी ने अपने शेयर के स्टॉक स्प्लिट का ऐलान किया है। बीएसई पर उपलब्ध जानकारी के अनुसार, कंपनी के स्टॉक स्प्लिट की एक्स-डेट 13 फरवरी 2026 तय की गई है, जबकि रिकॉर्ड डेट 14 फरवरी 2026 रखी गई है। इस स्प्लिट के तहत कंपनी अपने शेयर की फेस वैल्यू 10 रुपये से घटाकर 2 रुपये करने जा रही है। माना जा रहा है कि इससे शेयर की लिक्विडिटी बढ़ सकती है। अगले हफ्ते दो कंपनियां अपने शेयरधारकों को बोनस इश्यू देने जा रही हैं। पहली कंपनी एक्सिटा कॉटन लिमिटेड है, जिसने 1ः10 के अनुपात में बोनस इश्यू घोषित किया है। इसका एक्स-डेट और रिकॉर्ड डेट दोनों 13 फरवरी 2026 तय किया गया है। वहीं दूसरी कंपनी डेल्फी वर्ल्ड मनी लिमिटेड है, जो 2ः1 के अनुपात में बोनस शेयर देगी। इसका एक्स-डेट 13 फरवरी और रिकॉर्ड डेट 14 फरवरी 2026 है। इसके अलावा अगले हफ्ते 50 से अधिक कंपनियां अपने निवेशकों को डिविडेंड देने जा रही हैं। इस लिस्ट में फार्मा, ऑटो, इंफ्रा, पीएसयू, एफएमसीजी, लॉजिस्टिक्स और टेक्नोलॉजी सेक्टर की कंपनियां शामिल हैं। कुल मिलाकर, आने वाला हफ्ता शेयर बाजार में खबरों और निवेशकों की सक्रियता से भरा रहने वाला है।

## हार्ले-डेविडसन समेत बड़ी बाइक्स होंगी सस्ती, इंपोर्ट ड्यूटी होगी जीरो

**- भारत-अमेरिका ट्रेड डील के तहत मार्च तक साइन होने की उम्मीद**



**नई दिल्ली ।**
भारत सरकार अमेरिका से आने वाली प्रीमियम मोटरसाइकिलों को बड़ी राहत देने जा रही है। भारत-अमेरिका ट्रेड डील के तहत 800 सीसी से 1,600 सीसी और उससे ज्यादा इंजन क्षमता वाली मोटरसाइकिलों पर इंपोर्ट ड्यूटी पूरी तरह खत्म की जाएगी। एक सरकारी अधिकारी ने यह जानकारी दी। भारत और अमेरिका ने इसी दिन एक संयुक्त बयान जारी किया, जिसमें अंतरिम व्यापार समझौते का जिक्र किया गया है। उम्मीद है कि यह समझौता मार्च के मध्य तक आधिकारिक रूप से साइन हो जाएगा और इसके लागू होते ही नई ड्यूटी व्यवस्था प्रभाव में आ जाएगी। पिछले साल भारत सरकार ने बड़ी बाइक्स पर इंपोर्ट ड्यूटी कम की थी। 1,600 सीसी तक की पूरी तरह बनी मोटरसाइकिलों पर ड्यूटी 50 फीसदी से घटाकर 40 फीसदी और 1,600 सीसी से ऊपर की बाइक्स पर 30 फीसदी कर दी गई थी। अब नई डील में 800 सीसी से ऊपर की श्रेणी को पूरी तरह ड्यूटी फ्री किया जाएगा। समझौते में अमेरिकी डीजल और पेट्रोल कारों पर ड्यूटी में छूट शामिल है। वहीं अमेरिका भारत से आने वाले कुछ ऑटो पार्ट्स पर टैरिफ हटाएगा, जबकि कुछ पर 18 फीसदी शुल्क बना रहेगा।

## नए साल में भारतीय टू-व्हीलर बाजार में आया जोरदार उछाल



**नईदिल्ली ।**
नए साल में भारतीय टू व्हीलर बाजार में जबर्दस्त उछाल देखने को मिला। बीते महीने जनवरी 2026 में होंडा, हीरो, टीवीएस, बजाज, सुजुकी और रॉयल एनफील्ड जैसी प्रमुख कंपनियों ने मजबूत बिक्री दर्ज की है। जनवरी में टॉप-6 कंपनियों की घरेलू बिक्री 18,31,853 यूनिट्स तक पहुंच गई, जो पिछले साल की तुलना में 26.39 प्रतिशत अधिक है। दिसंबर 2025 की तुलना में भी 25.03प्रतिशत की वृद्धि देखने को मिली। यह आंकड़ा बताता है कि नए साल में उपभोक्ताओं का भरोसा काफी मजबूत हुआ है और बाजार ने रफ्तार पकड़ ली है। हीरो मोटोकॉर्प ने 5,20,208 यूनिट्स की बिक्री के साथ बाजार में बढ़त बनाए रखी। कंपनी ने 26.15प्रतिशत की सालाना वृद्धि दर्ज की और 28.40प्रतिशत मार्केट शेयर हासिल किया।

दूसरी ओर, होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया ने 5,19,579 यूनिट्स की बिक्री दर्ज की, जो 28.94प्रतिशत की वायओवाय ग्रोथ है। मार्केट शेयर 28.36प्रतिशत रहा। बेहद मामूली अंतर से हीरो आगे रहा, लेकिन ग्रोथ रेट में होंडा ने बढ़त दिखाते हुए आने वाले महीनों में कड़ी प्रतिस्पर्धा के संकेत दिए। टीवीएस मोटर ने भी शानदार प्रदर्शन किया और 3,83,262 यूनिट्स की बिक्री के साथ 30.42प्रतिशत की ग्रोथ दर्ज की।

बजाज ऑटो की बिक्री 2,14,727 यूनिट्स रही, जिसमें 25.35प्रतिशत वृद्धि हुई। सुजुकी ने 1,00,296 यूनिट्स और रॉयल एनफील्ड ने 93,781 यूनिट्स बेचे। रॉयल एनफील्ड की बिक्री भले कम हो, लेकिन प्रीमियम सेगमेंट में इसकी पकड़ मजबूत बनी हुई है। कुल मिलाकर, जनवरी 2026 टू-व्हीलर इंडस्ट्री के लिए बेहद सकारात्मक रहा। हीरो और होंडा के बीच बढ़ती प्रतिस्पर्धा, टीवीएस की तेज ग्रोथ और बजाज की स्थिर परफॉर्मेंस यह संकेत देती है कि आने वाले महीने और भी रोमांचक होने वाले हैं। ग्रामीण बाजारों में बढ़ती मांग, शहरी क्षेत्रों में तेजी से रिकवरी और एक्सपोर्ट्स में सुधार ने मिलकर इस सेक्टर को बड़ी बढ़त दी है।

## शीर्ष आठ कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 4.55 लाख करोड़ बढ़ा

**- बाजार पूंजीकरण के लिहाज से रिलायंस इंडस्ट्रीज नंबर वन रही**



**नई दिल्ली ।**
बीते सप्ताह भारतीय शेयर बाजार में शानदार तेजी देखी गई जिससे निवेशकों के बीच उत्साह का माहौल बना। इस तेजी के पीछे बड़ी कंपनियों के मजबूत प्रदर्शन को मुख्य कारण माना जा रहा है। शीर्ष 10 मूल्यवान कंपनियों में आठ कंपनियों का बाजार पूंजीकरण बढ़ा। इनमें रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, बजाज फाइनेंस, एलआईसी और हिंदुस्तान यूनिलीवर शामिल हैं। लाभ में रहने वाली इन आठ कंपनियों का संयुक्त बाजार पूंजीकरण 4,55,336.36 करोड़ रुपये बढ़ा।इस सप्ताह रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार पूंजीकरण 1,41,887.97 करोड़ रुपये बढ़कर 19,63,358.79 करोड़ रुपये हो गया। इसके अलावा एलआईसी का मूल्यांकन 64,926.1 करोड़ रुपये, भारती एयरटेल 52,516.39 करोड़ रुपये और आईसीआईसीआई बैंक 52,476.97 करोड़ रुपये बढ़कर बंद हुआ। हालांकि, इस तेजी के बावजूद टीसीएस और इंफोसिस के शेयर पीछे रहे। टीसीएस का बाजार पूंजीकरण 88,172.8 करोड़ रुपये घटकर 10,64,242.35 करोड़ रुपये और इंफोसिस का 63,462.66 करोड़ रुपये घटकर 6,26,067.95 करोड़ रुपये रह गया। बाजार पूंजीकरण के लिहाज से रिलायंस इंडस्ट्रीज शीर्ष पर, इसके बाद एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, टीसीएस, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, इंफोसिस, बजाज फाइनेंस, एलआईसी और हिंदुस्तान यूनिलीवर का क्रम रहा।

# भारत-यूएस समझौते के बाद रूस से तेल आयात में कटौती की संभावना

**- समझौते के तहत भारत धीरे-धीरे घटा सकता है रूस से कच्चे तेल की खरीद**

**नई दिल्ली ।**
अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को भारत से सभी आयातों पर 25 प्रतिशत शुल्क हटाने का कार्यकारी आदेश जारी किया। इसके पीछे भारत की रूस से तेल आयात कम करने की प्रतिबद्धता मुख्य कारण मानी जा रही है। इस समझौते के तहत भारत धीरे-धीरे रूस से कच्चे तेल की खरीद घटाएगा, जिससे अमेरिकी प्रतिबंधों के साथ तालमेल बैठ सके। सूत्रों के अनुसार अधिकांश भारतीय तेल शोधनशालाएं जैसे इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन, भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड, हिंदुस्तान पेट्रोलियम और मंगलोर रिफाइनरी एंड पेट्रोकेमिकल्स रूस से तेल की नई खरीद धीरे-धीरे रोकेंगी।` रिलायंस इंडस्ट्रीज अगले कुछ हफ्तों में अपनी रूस से खरीदी गई खेप पूरी करने के बाद आयात बंद कर सकती है। नायरा एनर्जी की स्थिति अलग है। रोसनेफ्ट में उसकी 49.13 फीसदी हिस्सेदारी और यूरोपीय एवं ब्रिटिश प्रतिबंधों के कारण कंपनी के पास अन्य विकल्प सीमित हैं। इसलिए नायरा रूस से तेल की खरीद जारी रख सकती है और उसे संभावित छूट भी मिल सकती है। दिसंबर 2025 में भारत का रूस से आयात औसतन 12 लाख बैरल प्रतिदिन था, जो जनवरी 2026 में घटकर 11 लाख बैरल हो गया। आने वाले महीनों में यह 10 लाख बैरल से नीचे जाने की संभावना है। विशेषज्ञों का कहना है कि अमेरिका के साथ समझौते के बाद यह आयात और घटकर लगभग आधा हो सकता है। भारत अपनी तेल जरूरतों का लगभग 90 फीसदी आयात के जरिए पूरा करता है। रूस के अलावा अमेरिका और वेनेजुएला जैसे देश विकल्प के रूप में मौजूद हैं, जिससे भविष्य में तेल आपूर्ति स्थिर बनाए रखना संभव होगा।

## सन फार्मा ऑर्गेनिक ग्रोथ पर कायम, अधिग्रहण में रखेगा अनुशासित रुख

**कंपनी का कहना है कि वह बड़े अधिग्रहणों में जल्दबाजी नहीं करेगी**

**नई दिल्ली ।**
दवा क्षेत्र की दिग्गज कंपनी सन फार्मा ने स्पष्ट किया है कि उसका मुख्य ध्यान खुद की मेहनत और संसाधनों से विकास (ऑर्गेनिक ग्रोथ) पर रहेगा। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि यह रणनीति शेयरधारकों के लिए निवेश को आकर्षक बनाए रखने के उद्देश्य से अपनाई जा रही है। उन्होंने कहा कि कंपनी बड़े अधिग्रहणों में जल्दबाजी नहीं करेगी। अधिग्रहण पर विचार केवल तब किया जाएगा जब इससे कंपनी की दीर्घकालिक रणनीतिक क्षमता मजबूत हो। अधिकारी ने अमेरिका को कंपनी की रणनीति का प्रमुख केंद्र बताया, खासकर नई और आधुनिक दवाओं के क्षेत्र में। इसके साथ ही कंपनी वैश्विक स्तर पर इन दवाओं की पहुँच बढ़ाने पर जोर दे रही है। भारत जैसे उभरते बाजारों के लिए कंपनी छोटे और रणनीतिक अधिग्रहण (टेक-इन्स) पर ध्यान दे रही है। यह रणनीति मौजूदा कारोबार के साथ एकीकृत करके बाजार में विस्तार करने में मदद करेगी।



## अमेरिका ने भारत को 'पैक्स सिलिका' पहल में शामिल होने का निमंत्रण दिया

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका ने भारत को 'पैक्स सिलिका' नामक आपूर्ति श्रृंखला सुरक्षा और नवाचार पहल में शामिल होने का निमंत्रण देकर उत्साह जताया है। अमेरिका ने कहा है कि जल्द ही भारत सरकार के साथ इस पहल पर आधिकारिक समझौते पर हस्ताक्षर किए जाएंगे। पैक्स सिलिका दिसंबर 2025 में शुरू की गई एक रणनीतिक पहल है, जिसका उद्देश्य सुरक्षित और नवाचार आधारित सिलिकॉन आपूर्ति श्रृंखला तैयार करना है। यह पहल महत्वपूर्ण खनिज, ऊर्जा इनपुट, उन्नत विनिर्माण, सेमीकंडक्टर, एआई बुनियादी ढांचे और लॉजिस्टिक सहित कई क्षेत्रों को कवर करती है। शुरुआत में इसके सदस्य देश ऑस्ट्रेलिया, ग्रीस, इज़राइल, जापान, कतर, दक्षिण कोरिया, सिंगापुर, यूएई और ब्रिटेन थे। अमेरिकी आर्थिक मामलों के अवर सचिव जैकब हेलबर्ग ने कहा कि जनवरी 2026 तक भारत की वैचारिक सहमति बन चुकी थी और अब दोनों देशों के बीच जल्द ही बड़े समझौते पर हस्ताक्षर होंगे। उन्होंने भारत की युवा और तकनीकी प्रतिभा को चीन के मुकाबले महत्वपूर्ण बताया। अमेरिका के लिए भारत वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में एक मजबूत और भरोसेमंद भागीदार है। हेलबर्ग ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बीच शानदार संबंधों को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि भारत की इस पहल में शामिल होने से वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में स्थिरता और नवाचार को बढ़ावा मिलेगा।

## अदाणी मुंद्रा पोर्ट ने जनवरी 2026 में वाहनों और तरल माल में तोड़ा रिकॉर्ड

**- रो-रो टर्मिनल के माध्यम से इस महीने 25,762 वाहन विदेशों में भेजे गए**

**नई दिल्ली ।**
गुजरात स्थित अदाणी मुंद्रा पोर्ट ने जनवरी 2026 में वाहनों के निर्यात में अब तक का सर्वोच्च मासिक रिकॉर्ड दर्ज किया है। बंदरगाह के अदाणी मुंद्रा कंटेनर टर्मिनल (सीटी2) के समर्पित रोल-ऑन/रोल-ऑफ (रो-रो) टर्मिनल के माध्यम से इस महीने 25,762 वाहन विदेशों में भेजे गए। यह आंकड़ा मई 2024 में स्थापित पिछले रिकॉर्ड को पार करता है। पोर्ट अधिकारियों के अनुसार, मारुति सुजुकी और टोयोटा जैसे वाहन निर्माताओं ने अफ्रीका, यूरोप, पूर्वी एशिया, ऑस्ट्रेलिया और पश्चिमी देशों के लिए निर्यात में वृद्धि की। इस दौरान एक ही जहाज पर 5,701 वाहनों को लोड किया गया, जो किसी भी पोत पर अब तक की सबसे बड़ी लोडिंग है। अदाणी मुंद्रा का लिक्विड टर्मिनल जनवरी में 11.20 लाख टन तरल माल संभालने में सफल रहा, जो इसका अब तक का सबसे अधिक मासिक रिकॉर्ड है। यह पिछले उच्च स्तर (दिसंबर 2025) से भी अधिक है। इस तरल माल में ऊर्जा उत्पाद, रसायन और औद्योगिक तरल पदार्थ शामिल हैं। अधिकारियों ने बताया कि यह आंकड़ा मुंद्रा की बहु-श्रेणी कार्गो प्रबंधन क्षमता को स्पष्ट करता है। ये उपलब्धियाँ भारत में बड़े, एकीकृत बंदरगाहों की वैश्विक व्यापार और निर्यात प्रवाह में बढ़ती भूमिका को दर्शाती हैं। वाहनों और तरल माल दोनों क्षेत्रों में उच्च प्रदर्शन न केवल निर्यातकों के लिए अवसर बढ़ाता है, बल्कि भारत की अंतरराष्ट्रीय बाजार में प्रतिस्पर्धात्मक स्थिति को भी मजबूत करता है। अदाणी मुंद्रा पोर्ट के ये रिकॉर्ड यह दिखाते हैं कि देश के बंदरगाह अब उच्च मात्रा में माल को तेज़ी से संभालने और वैश्विक मांग को पूरा करने में सक्षम हैं।

# इस सप्ताह शेयर बाजार की निगाहें मुद्रास्फीति और तिमाही नतीजों पर रहेगी

**- भू-राजनीतिक घटनाक्रम और जिंस बाजार में उतार-चढ़ाव का प्रभाव भी महत्वपूर्ण रहेगा**




**नई दिल्ली ।**
विश्लेषकों का मानना है कि इस सप्ताह भारतीय शेयर बाजार में निवेशकों की धारणा घरेलू आर्थिक आंकड़ों पर निर्भर करेगी। 12 फरवरी को खुदरा मुद्रास्फीति के आंकड़े आने वाले हैं, जो बाजार को महंगाई और आरबीआई की मौद्रिक नीतियों के बारे में संकेत देंगे। इसके एक दिन बाद 13 फरवरी को विदेशी मुद्रा भंडार के आंकड़े जारी होंगे, जो विदेशी निवेशकों के रुझान और रुपये की स्थिति पर असर डाल सकते हैं। इस सप्ताह कई प्रमुख कंपनियों के तिमाही नतीजे आने वाले हैं। टाइटन, महिंद्रा एंड महिंद्रा, अशोक लेलैंड, ओएनजीसी, बजाज इलेक्ट्रिकल्स और आयशर मोटर्स के परिणाम निवेशकों की रुचि का केंद्र होंगे। बाजार के जानकारों के अनुसार, इन नतीजों से न केवल इन कंपनियों के शेयर बल्कि व्यापक बाजार पर भी असर दिखाई देगा। वैश्विक स्तर पर निवेशक अमेरिकी आर्थिक आंकड़ों और नैस्डैक कंपोजिट के हालिया प्रदर्शन पर नजर रखेंगे। इसके साथ ही, भू-राजनीतिक घटनाक्रम और जिंस (कमोडिटी) बाजार में उतार-चढ़ाव का प्रभाव भी महत्वपूर्ण रहेगा। भारत और अमेरिका ने हाल ही में एक अंतरिम व्यापार समझौते पर सहमति जताई है, जिसके तहत दोनों देशों के बीच कुछ वस्तुओं पर आयात शुल्क में कमी होगी। यह कदम द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ावा देने के साथ ही बाजार में सकारात्मक संकेत दे सकता है। अमेरिका और भारत के बीच अंतरिम व्यापार समझौते पर दोनों देशों ने शनिवार को एक साझा बयान जारी किया जिसमें बताया गया है कि किन-किन वस्तुओं पर दोनों देशों में कितना-कितना आयात शुल्क और सीमा शुल्क घटाया जायेगा। इस समझौते से सेक्टर विशेष को लेकर निवेशकों की धारणा प्रभावित होगी। बाजार विशेषज्ञ कहते हैं कि भारतीय इक्विटी बाजार सुदृढ़ीकरण चरण में प्रवेश कर चुका है। अब निवेशकों का ध्यान पूंजीगत व्यय और वास्तविक खर्च पर केंद्रित है।

## एएआई ने सरकारी कैब सर्विस भारत टैक्सी के साथ किया समझौता

**नई दिल्ली ।** एयरपोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एएआई) ने हाल ही में लांच हुई देश की पहली सरकारी कैब सर्विस भारत टैक्सी के साथ एग्रीमेंट (एमओयू) साइन किया है। इसके तहत भारत टैक्सी देश के कई एयरपोर्ट्स पर कैब सेवाएं देगी। एएआई के चेयरमैन विपिन कुमार ने एमओयू का आदान-प्रदान किया। इस समझौते का मकसद एयरपोर्ट्स पर यात्रियों को सही किराया, तय दरों और सुरक्षित यात्रा उपलब्ध कराना है। भारत टैक्सी, सहकार टैक्सी कोऑपरेटिव लिमिटेड द्वारा संचालित एक ड्राइवर-ओनर्ड सेवा है, जिसमें टैक्सी चालक स्वयं कोऑपरेटिव के सदस्य होते हैं। अधिकारियों के मुताबिक, इस पहल से एयरपोर्ट पर कैब सेवाओं में पारदर्शिता, किराए की स्पष्टता और यात्री-अनुकूल अनुभव सुनिश्चित होगा। साथ ही, ड्राइवरों को भी संगठित प्लेटफॉर्म के जरिए स्थिर और सम्मानजनक रोजगार मिलेगा। एएआई का कहना है कि यह साझेदारी यात्रियों की सुविधा बढ़ाने के साथ-साथ समावेशी परिवहन मॉडल को बढ़ावा देगी। आने वाले समय में इस व्यवस्था को चरणबद्ध तरीके से विभिन्न एयरपोर्ट्स पर लागू किया जाएगा।

# तेल-तिलहन बाजार में कारोबारियों की धारणा बिगड़ी, दाम में गिरावट

**बढ़ती मांग के कारण मूंगफली तेल-तिलहन के दाम मजबूत बने रहे**

**नई दिल्ली ।** बीते सप्ताह तेल-तिलहन बाजार में सामान्य उतार-चढ़ाव देखा गया, लेकिन सप्ताहांत में अमेरिका-भारत अंतरिम व्यापार समझौते की खबर और सोयाबीन तेल के शुल्क मुक्त आयात की अफवाह फैलने से कारोबारी धारणा कमजोर हुई। इस वजह से अधिकांश तेल-तिलहन के दाम गिरावट के साथ बंद हुए। अच्छी गुणवत्ता वाले मूंगफली तेल और साबुत मूंगफली की बढ़ती मांग के कारण मूंगफली तेल-तिलहन के दाम मजबूत बने रहे। सरसों तेल का कारोबार पहले से कमजोर था, नई फसल आने और अफवाहों के चलते दामों पर दबाव बढ़ा। महाराष्ट्र में सोयाबीन का दाम 6,200 रुपये प्रति क्विंटल से घटकर 5,850 रुपये प्रति क्विंटल और मंडियों में हाजिर भाव 5,750-5,800 रुपये प्रति क्विंटल से गिरकर 5,300-5,400 रुपये प्रति क्विंटल हो गया। मध्य प्रदेश में दाम एमएसपी से नीचे चले गए। जाड़े की कमजोर मांग और धारणा प्रभावित होने से पाम-पामोलीन तेल के दाम भी नीचे आए। आगे का रुख मलेशिया एक्सचेंज के खुलने के बाद स्पष्ट होगा। सूत्रों ने बताया कि बीते सप्ताह सरसों दाना 200 रुपये की गिरावट के साथ 6,950-6,975 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। दादरी मंडी में बिकने वाला सरसों तेल 550 रुपये की गिरावट के साथ 14,250 रुपये प्रति क्विंटल, सरसों पक्की और कच्ची घानी तेल का भाव क्रमशः 75-75 रुपये की गिरावट के साथ क्रमशः 2,400-2,500 रुपये और 2,400-2,545 रुपये टिन (15 किलो) पर बंद हुए। समीक्षाधीन सप्ताह में सोयाबीन दाने और सोयाबीन लूज के थोक भाव क्रमशः 125-125 रुपये की गिरावट के साथ क्रमशः 5,600-5,650 रुपये और 5,200-5,250 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुए। इसी प्रकार दिल्ली में सोयाबीन तेल 100 रुपये की गिरावट के साथ 14,600 रुपये प्रति क्विंटल, इंदौर में सोयाबीन तेल 50 रुपये की गिरावट के साथ 14,200 रुपये और सोयाबीन डीगम तेल का दाम 50 रुपये की गिरावट के साथ 11,500 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। मूंगफली तिलहन 50 रुपये सुधरकर 7,000-7,375 रुपये क्विंटल, मूंगफली तेल गुजरात 250 रुपये के सुधार के साथ 17,100 रुपये क्विंटल और मूंगफली साल्वेंट रिफाइंड तेल 40 रुपये के सुधार के साथ 2,725-3,025 रुपये प्रति टिन पर बंद हुए।

## फार्मा से ऑटो तक, अमेरिका में इन सेक्टरों की चमक बढ़ेगी कई गुना

**नई दिल्ली ।** भारत और अमेरिका ने एक अंतरिम व्यापार ढांचे पर सहमति जताई है। इसका उद्देश्य आने वाले पांच वर्षों में द्विपक्षीय व्यापार को 500 अरब डॉलर तक ले जाना है। समझौते के तहत दोनों देशों के उत्पादों के लिए बाजार पहुंच बढ़ाई जाएगी। कुछ प्रमुख वस्तुओं पर शुल्क में कटौती होगी और संवेदनशील क्षेत्रों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाएगी। प्रारंभ में भारतीय निर्यात पर लगभग 18 फीसदी शुल्क लागू रहेगा, लेकिन बाद में महत्वपूर्ण सेक्टरों में और रियायत संभव है। भारतीय जेनरिक दवाओं और फार्मा सामग्री को अमेरिकी बाजार में बेहतर पहुंच मिलेगी। अमेरिकी समीक्षा के बाद शुल्क में रियायत दी जाएगी। भारत से अमेरिका का फार्मा निर्यात सालाना लगभग 9.78 अरब डॉलर का है। शुल्क कटौती से भारतीय दवाओं की प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी और बाजार हिस्सेदारी में सुधार होगा। अमेरिका भारत से आयातित रत्न और गहनों पर शुल्क घटा रहा है। इससे भारतीय निर्यातकों को लाभ मिलेगा, जबकि विमान और विमान पार्ट्स पर राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े कुछ शुल्क हटाए जा रहे हैं। इसके चलते एल्यूमिनियम, स्टील और तांबे के घटकों सहित विमान उद्योग के उत्पादकों को अमेरिकी बाजार में आसान प्रवेश मिलेगा।

## टाटा मोटर्स अगले हफ्तों में बढ़ा सकती है वाहनों की कीमतें

**- जिंसों और अन्य कीमती धातुओं की बढ़ती लागत कंपनी पर बना रही है दबाव**

**नई दिल्ली ।** टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स लिमिटेड (टीएमपीवीएल) के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा है कि कंपनी अपने वाहनों की कीमतें आने वाले हफ्तों में बढ़ा सकती है। उन्होंने बताया कि पिछले लगभग एक साल से जिंसों और अन्य कीमती धातुओं की बढ़ती लागत कंपनी पर दबाव बना रही है। अधिकारी के अनुसार इस लागत वृद्धि का असर टीएमपीवीएल के राजस्व में लगभग दो प्रतिशत से अधिक देखने को मिला है। इस बीच मारुति सुजुकी इंडिया मूल्य वृद्धि के लिए स्थिति की समीक्षा कर रही है, जबकि हुंडई मोटर इंडिया ने जनवरी में अपने वेंयू मॉडल की कीमतें पहले ही बढ़ा दी हैं। उन्होंने कहा कि कंपनी आने वाले हफ्तों में संभावित मूल्य वृद्धि की घोषणा कर सकती है लेकिन उन्होंने अभी विस्तृत संख्या या प्रतिशत साझा नहीं किया है। विश्लेषकों का मानना है कि बढ़ती कच्चे माल की कीमतों के कारण ऑटोमोबाइल क्षेत्र में मूल्य समायोजन की संभावना बढ़ रही है और टाटा मोटर्स इसका पालन करने वाली प्रमुख कंपनियों में से एक है।

# सीएम पहुंचे बिदुपुर, लिया कार्यों का जायजा



**पटना।** सीएम नीतीश कुमार अचानक बिदुपुर पहुँच गए और वहां चल रहे कार्यों का जायजा लेने लगे। उन्होंने कच्ची दरगाह बिदुपुर 6 लेन गंगा पुल परियोजना के निर्माण कार्य का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि गुणवत्ता के साथ तय समय सीमा के भीतर काम को पूरा कर लीजिए। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज फिर अचानक अपने आवास से निकले बिदुपुर पहुंच गए। वहां उन्होंने कच्ची दरगाह बिदुपुर 6 लेन गंगा पुल परियोजना के निर्माण कार्य का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने चल रहे कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। साथ ही संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए चल रही सभी योजनाओं को गुणवत्ता के साथ तय समय सीमा के भीतर पूरा करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सभी कार्य गुणवत्ता के साथ होना चाहिए। अधिकारियों ने बताया कि बचे हुये कार्य को अप्रैल माह तक पूर्ण कर लिया जायेगा। आवागमन के साथ-साथ कृषि, उद्योग सहित अन्य व्यवसायों का तेजी से होगा विकास निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि कच्ची दरगाह-बिदुपुर 6 लेन गंगा पुल परियोजना के बचे हुये कार्यों को तेजी से पूर्ण कर लीजिए। साथ ही पहुँच पथ का भी निर्माण कार्य पूर्ण कर लीजिए ताकि आवागमन निर्बाध और सुचारू रूप से हो सके। उन्होंने कहा कि कच्ची दरगाह बिदुपुर 6 लेन गंगा पुल परियोजना के पूर्ण होने से इस क्षेत्र के लोगों को राजधानी पटना से निर्बाध सड़क संपर्कता मिलेगी। इस क्षेत्र में कृषि, उद्योग सहित अन्य व्यवसायों का और तेजी से विकास होगा। आकस्मिक चिकित्सा की स्थिति में इलाज के लिये पटना पहुँचने में मरीजों को भी काफी सुविधा होगी। उन्होंने कहा कि कच्ची दरगाह-बिदुपुर 6 लेन गंगा पुल परियोजना के प्रथम चरण के लोकार्पण के बाद पटना से राघोपुर तक की सम्पर्कता बहाल हो चुकी है। इस परियोजना के निर्माण कार्य का नियमित निरीक्षण करते रहे हैं और इसे जल्द पूरा करने के लिये अधिकारियों को निर्देशित करते रहे हैं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि इस परियोजना के पूर्ण होने से महात्मा गांधी सेतु पर भी यातायात का भार कम होगा तथा उत्तर बिहार और दक्षिण बिहार की सम्पर्कता के लिये लोगों को एक और वैकल्पिक मार्ग मिलेगा, जिससे आवागमन और सुगम होगा। इस पुल के निर्माण से पटना शहर के बाहर से ही लोग उत्तर बिहार के विभिन्न जगहों पर आसानी के साथ आवागमन कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि आमस-दरभंगा एक्सप्रेस-वे से कच्ची दरगाह बिदुपुर 6 लेन गंगा पुल परियोजना जुड़ेगा, जिससे समस्तीपुर, दरभंगा, मधुबनी की तरफ जानेवाले लोगों को काफी सहूलियत होगी और समय की बचत होगी। उन्होंने कहा कि हमलोग राज्य में गुणवत्तापूर्ण सड़कों एवं पुलों का लगातार निर्माण कर आवागमन को सुगम बना रहे हैं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की थी ड्रीम प्रोजेक्ट मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने 23 जून 2025 को कच्ची दरगाह, पटना से राघोपुर दियारा, वैशाली तक नवनिर्मित पथांश का उद्घाटन किया था। पटना जिला अन्तर्गत राष्ट्रीय उच्च पथ संख्या-30 पर अवस्थित कच्ची दरगाह एवं वैशाली जिला अन्तर्गत राष्ट्रीय उच्च पथ सख्या-103 पर अवस्थित बिदुपुर के बीच गंगा नदी पर कुल 19.76 कि०मी० लम्बाई के 6 लेन ग्रीन फिल्ड पुल परियोजना का निर्माण किया जा रहा है। इसके अन्तर्गत 9.76 कि०मी० लम्बा पुल तथा 10 कि0मी0 लम्बा पहुंच पथों का निर्माण कार्य होना है। प्रथम चरण में कच्ची दरगाह, पटना से राघोपुर दियारा, वैशाली का उद्घाटन हो चुका है। यह कुल कुल लम्बाई 4.57 कि०मी० है। द्वितीय चरण में हाजीपुर-महनार पथ से चकसिकन्दर तक तथा तृतीय चरण में राघोपुर दियारा से हाजीपुर-महनार पथ का निर्माण किया जा रहा है।

## राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के बाद कल पहली बार बिहार दौरे आएंगे नितिन नवीन



**पटना।** भारतीय जनता पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के बाद नितिन नवीन पहली बार सोमवार यानी कल बिहार दौरे पर आ रह हैं। वह दो दिन पटना में रहेंगे। इसके लिए बिहार भाजपा की ओर से सारी तैयारी लगभग पूरी कर ली गई है। प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के आगमन को लेकर कार्यकताओं में उत्साह है। वह दो दिन कई कार्यक्रमों में शामिल होंगे। सोमवार को बापू सभागार में राष्ट्रीय अध्यक्ष के स्वागत में अभिनंदन समारोह का आयोजन होगा। इसे लेकर कार्यकताओं में जबरदस्त उत्साह भी है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन नौ फरवरी को पटना आएंगे और 10 फरवरी को वापस लौट जाएंगे। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन अपने दो दिनों के पटना प्रवास के दौरान विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे। बैठक में उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में घोषित होने के बाद नितिन नवीन का पटना में पहला आगमन हो रहा है, यह हम सभी कार्यकताओं के लिए गर्व का विषय है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने कहा कि सभी लोगों की जिम्मेदारियां तय की गई हैं। राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के पटना प्रवास के दौरान आयोजित कार्यक्रमों की तैयारियों और सफल संचालन के लिए चार सदस्यीय एक टीम गठित की गई है, जिसमें प्रदेश महामंत्री राधामोहन शर्मा, लाजवंती झा, शिवेश राम और प्रदेश उपाध्यक्ष सिद्धार्थ शंभु शामिल हैं। राष्ट्रीय अध्यक्ष के स्वागत के लिए विशेष तैयारी की जा रही है। राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के पटना आगमन और उनके स्वागत तथा अभिनंदन के लिए उस दिन विभिन्न जिलों के पदाधिकारी और कार्यकर्ता भी बड़ी संख्या में पटना पहुंचेंगे।

## पप्पू यादव के समर्थन में उतरे शिवानंद तिवारी, गिरफ्तारी और कानून व्यवस्था पर उठाए सवाल



**पटना।** राजनीतिक मैदान में आज न तो जदयू के खेमे में हैं और न ही राजद में, लेकिन सोशल मीडिया के मैदान से वह लगातार फायरिंग करते नजर आते हैं। आज पप्पू यादव के समर्थन में उतर कर पुलिस के द्वारा की गई गिरफ्तारी और कानून व्यवस्था पर खूब सवाल किए। शिवानंद तिवारी आज की तारीख में किसी राजनीतिक दल में भले न हों, लेकिन सोशल मीडिया पर अपनी मौजूदगी जताते रहते हैं। राजनीतिक घटनाक्रम पर अक्सर अपनी प्रतिक्रिया देते रहते हैं। आज वह फिर सोशल मीडिया पर आए और अपनी बात रखी। उन्होंने पप्पू यादव को लेकर चर्चा की जिसमें न्याय व्यवस्था और पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए पप्पू यादव की प्रशंसा में खूब कसीदे पढ़े। क्या लिखा सोशल मीडिया पर शिवानंद तिवारी ने सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए लिखा कि, ₹पप्पू यादव बिहार की राजनीति में एक अनोखे और विशिष्ट व्यक्तित्व हैं। वे ऐसे एकमात्र राजनेता हैं, जिन्होंने तीन बार निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में चुनाव जीतने का रिकॉर्ड बनाया है। निर्दलीय उम्मीदवार और भी रहे हैं, लेकिन एक से अधिक बार निर्दलीय चुनाव जीतने का इतिहास सिर्फ पप्पू यादव के नाम दर्ज है। कुल मिलाकर अब तक वे छह मर्तबा लोकसभा का चुनाव जीत चुके हैं। अपने चुनावी सफर की शुरूआत उन्होंने विधानसभा चुनाव से की थी। वह चुनाव भी वे निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में ही लड़े और जीते थे।₹ कोरोना और बाढ़ की त्रासदी के बीच पप्पू यादव की दिलाई याद शिवानंद तिवारी ने आगे लिखा, पप्पू यादव का शरीर भले ही भारी-भरकम हो, लेकिन उनके व्यक्तित्व की सबसे बड़ी खासियत उनकी असाधारण सक्रियता है। बिहार की राजनीति में शायद ही कोई ऐसा नेता हो, जो इतनी ऊर्जा और फुर्ती के साथ हर जगह मौजूद रहता हो। सुबह वे कहीं और दिखाई देते हैं, शाम को किसी दूसरे इलाके में लगातार जनता के बीच। कोरोना महामारी के दौरान यह पूरे बिहार ने देखा कि जब सरकार मृत्यु के आंकड़ों को लेकर सच्चाई से मुंह मोड़ रही थी, तब पप्पू यादव बिना मास्क के श्मशान घाटों पर खड़े होकर सच्चाई सामने ला रहे थे। पटना के विभिन्न श्मशान घाटों में हो रहे दाह-संस्कार इस बात की गवाही दे रहे थे कि सरकारी आंकड़े वास्तविकता से बहुत कम बताए जा रहे हैं। पटना के कंकड़बाग इलाके में जब छाती भर पानी भरा हुआ था, लोग पीने के पानी को तरस रहे थे और सरकारी सहायता कहीं दिखाई नहीं दे रही थी, तब पप्पू यादव उसी पानी में उतरकर लोगों तक पीने का पानी पहुँचा रहे थे। आज वही पप्पू यादव गिरफ्तार हैं।₹ न्याय व्यवस्था पर उठाया सवाल शिवानंद तिवारी ने न्याय व्यवस्था पर भी सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि, ₹बताया जा रहा है कि उनकी गिरफ्तारी किसी अत्यंत पुराने मामले में हुई है। हमारे देश की न्याय व्यवस्था की यह एक विडंबना है कि मुकदमे 25झ्र 30 वर्षों तक चलते रहते हैं और अचानक किसी एक दिन गिरफ्तारी हो जाती है। कागजों में लिखा होता है कि अभियुक्त को समन जारी किया गया, लेकिन वह अभियुक्त तक कभी पहुँचता ही नहीं। अचानक पुलिस गिरफ़्तारी का वारंट लेकर पहुँच जाती है। इसका व्यक्तिगत अनुभव हम लोगों को भी रहा है। शिवानंद तिवारी ने अपनी बात को समाप्त करते हुए पुलिस की कार्यशैली पर भी गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि, ₹पप्पू यादव की गिरफ्तारी ने एक बार फिर न्यायपालिका और पुलिस के काम करने के तरीके पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। हमें विश्वास है कि उन्हें जल्द जमानत मिल जाएगी, लेकिन इस घटना ने हमारी कानून व्यवस्था की कार्यप्रणाली को उजागर अवश्य कर दिया है।

## बिहार के सूर्य शेखर ने रचा इतिहास, अंतरराष्ट्रीय कोडिंग प्रतियोगिता 2026 में हासिल किया पहला स्थान



**पूर्णिया।** बिहार के पूर्णिया जिले के निवासी सूर्य शेखर ने अहमदाबाद में आयोजित अंतरराष्ट्रीय कोडिंग प्रतियोगिता 2026 में पहला स्थान हासिल कर भारत का नाम वैश्विक मंच पर रोशन किया है। बिहार की मिट्टी ने एक बार फिर अपनी मेधा का लोहा पूरी दुनिया में मनवाया है। पूर्णिया जिले के निवासी सूर्य शेखर ने अहमदाबाद में आयोजित अंतरराष्ट्रीय कोडिंग प्रतियोगिता 2026 में पहला स्थान हासिल कर न केवल अपने जिले, बल्कि पूरे भारत का नाम वैश्विक मंच पर रोशन किया है। इस ऐतिहासिक जीत के साथ ही सूर्य शेखर अब दुनिया के उभरते हुए सर्वश्रेष्ठ सॉफ्टवेयर डेवलपर्स की श्रेणी में शामिल हो गए हैं। यह विश्वस्तरीय प्रतियोगिता दुनिया की प्रतिष्ठित टेक कंपनियों के सहयोग से और प्रसिद्ध वेब फ्रेमवर्क लारावेल की देखरेख में आयोजित की गई थी। इस प्रतियोगिता में अमेरिका, ब्रिटेन, जर्मनी और जापान समेत 20 से अधिक विकसित देशों के करीब 1200 चुनिंदा प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया था। प्रतियोगिता के दौरान कोडिंग के जटिलतम लॉजिक्स को सुलझाने, तकनीकी दक्षता दिखाने और आधुनिक सॉफ्टवेयर चुनौतियों का समाधान करने जैसे कई कड़े राउंड आयोजित किए गए थे। सूर्य शेखर ने अपनी तार्किक क्षमता और बेहतरीन कोडिंग स्किल्स के दम पर सभी वैश्विक प्रतिद्वंद्वियों को पीछे छोड़ते हुए सर्वोच्च स्थान हासिल किया। सूर्य की इस असाधारण सफलता पर लारावेल फ्रेमवर्क के संस्थापक और दुनिया के दिग्गज प्रोग्रामर टेलर ओटवेल ने उन्हें विशेष रूप से सम्मानित किया। सम्मान के तौर पर सूर्य को नवीनतमप्रदान किया गया। सूर्य शेखर ने बताया कि टेलर ओटवेल जैसे तकनीकी विजनरी से मिलना और उनसे भविष्य की तकनीक, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (अक) और वेब डेवलपमेंट पर चर्चा करना उनके जीवन का सबसे सुखद अनुभव रहा। अपनी इस बड़ी उपलब्धि पर सूर्य शेखर भावुक नजर आए। उन्होंने कहा कि उनकी इस सफलता के पीछे उनके माता-पिता और बड़े भाई राजशेखर का मार्गदर्शन है। उल्लेखनीय है कि राजशेखर खुद एक अनुभवी सॉफ्टवेयर डेवलपर हैं, जिन्होंने सूर्य को तकनीक की बारीकियों से रूबरू कराया। सूर्य ने कहा, ह्वयह जीत मेरे करियर का एक बड़ा पड़ाव है। मुझे उम्मीद है कि इससे छोटे शहरों के दूसरे छात्रों को भी बड़े वैश्विक लक्ष्यों की ओर बढ़ने की प्रेरणा मिलेगी ह्व बिहार में जश्न का माहौल, युवाओं के लिए बनी मिसाल सूर्य शेखर की इस अंतरराष्ट्रीय सफलता की खबर मिलते ही पूर्णिया समेत पूरे बिहार में जश्न का माहौल है। सोशल मीडिया पर उन्हें लगातार बधाइयाँ दी जा रही हैं। शिक्षाविदों और स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने इस उपलब्धि को बिहार के युवाओं के लिए एक मील का पत्थर बताया है।

## दरभंगा में पुलिस पर पथराव, जवाब में लाठीचार्ज; किस वारदात के बाद गुस्से में लोग




**दरभंगा।** दरभंगा के विश्वविद्यालय थाना क्षेत्र के पटवा पोखरा के पास 8 साल की नाबालिग बच्ची के साथ दुष्कर्म के बाद उसकी बेरहमी से हत्या कर दी गई। बच्ची शाम को खेलने गई थी और देर रात उसका शव खून से लथपथ हालत में मिला। बिहार के दरभंगा जिले में एक दिल दहला देने वाली घटना के बाद माहौल पूरी तरह तनावपूर्ण हो गया। विश्वविद्यालय थाना क्षेत्र के पटवा पोखरा के पास 8 साल की नाबालिग बच्ची से दुष्कर्म के बाद उसकी हत्या कर दी गई। घटना से गुस्साए लोगों ने सड़क जाम कर दिया और आरोपी को तुरंत फांसी देने की मांग करने लगे। इसी दौरान प्रदर्शन कर रहे लोगों ने पुलिस पर पथराव कर दिया, जिसके बाद पुलिस को लाठीचार्ज करना पड़ा। पुलिस ने लोगों को दौड़ा-दौड़ाकर खदेड़ा। इस दौरान कई महिलाएं भी सड़क पर उतरकर पुलिस के खिलाफ हंगामा करती नजर आईं। गुस्साए लोगों ने आरोपी की दुकान और उसके टेम्पो में आग लगा दी, जिससे स्थिति और भी बिगड़ गई। हालात काफी बेकाबू होते नजर आ रहे हैं। पुलिस और प्रशासन की टीमें मौके पर मौजूद हैं और लगातार उपद्रव कर रहे लोगों को शांत कराने में जुटी हुई हैं, ताकि स्थिति को काबू में किया जा सके और कानून-व्यवस्था बहाल रहे। घटना की सूचना मिलते ही एसएसपी जगुनाथ रेड्डी देर रात मौके पर पहुंचे और हालात को संभाला। बच्ची के शव को पोस्टमार्टम के लिए डीएमसीएच भेज दिया गया है। वहीं एफएसएल की टीम भी मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गई है और जरूरी सैंपल जुटाए जा रहे हैं। बताया जा रहा है कि बच्ची शाम के समय घर से बाहर तालाब किनारे दूसरी बच्चियों के साथ खेलने गई थी। काफी देर तक घर नहीं लौटने पर परिजन उसकी तलाश करने लगे, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। देर रात इलाके में कुत्तों के ज्यादा भौंकने की आवाज सुनकर बच्ची के मामा वहां पहुंचे तो देखा कि बच्ची खून से लथपथ हालत में पड़ी हुई थी। शोर मचाने पर आसपास के लोग जुटे और देखा गया कि पास की दीवार पर भी काफी खून पड़ा हुआ था। घटना की सूचना विश्वविद्यालय थाना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू की और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। साथ खेल रही बच्चियों ने बताया कि विकास महतो बच्ची को जबरदस्ती खींचकर अंधेरे की ओर ले गया था। बच्चों की पहचान और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस ने आरोपी विकास महतो को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बच्ची के खून से सने कपड़े भी जब्त कर लिए हैं। इस घटना के बाद पूरे इलाके में भारी आक्रोश है। लोग आरोपी को तुरंत फांसी देने की मांग कर रहे हैं। पुलिस मौके पर तैनात है और हालात पर नजर रखे हुए है। प्रशासन का कहना है कि मामले की हर एंगल से जांच की जा रही है और आरोपी को कड़ी से कड़ी सजा दिलाने की कार्रवाई की जाएगी।

## हरिनगर हिंसा, पीड़ित परिवारों को 6.64 लाख की सहायता



**दरभंगा।** दरभंगा जिला प्रशासन ने बिहार सरकार के निर्देश पर हरिनगर गांव में हुई जातीय हिंसा मामले में पीड़ित परिवारों को आर्थिक सहायता प्रदान की है। जिलाधिकारी कौशल कुमार के निर्देश पर अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग के अधधिकारी शनिवार देर अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत आठ पीड़ित परिवारों को कुल 6 लाख 64 हजार रुपए की सहायता राशि दी गई। जिला कल्याण पदाधिकारी अनिल कुमार सिन्हा और रउ/रळ अत्याचार निवारण अनुश्रवण समिति के सदस्यों ने डीएमसीएच में एडमिट घायलों से मुलाकात कर सहायता राशि प्रदान की। अनिल कुमार सिन्हा ने बताया कि पीड़ितों के घरों और दुकानों में हुई तोड़फोड़ को लेकर संबंधित अंचल अधिकारी (सीओ) की रिपोर्ट प्राप्त हो चुकी है। क्षतिग्रस्त संपत्ति का मुआवजा शीघ्र ही संबंधित पीड़ित परिवारों के बैंक खातों में भेज दिया जाएगा। सभी प्रभावित परिवारों को आवश्यक सहायता उपलब्ध कराने की प्रक्रिया जारी है। कानूनी सहायता भी उपलब्ध कराई जाएगी। अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत आठ पीड़ितों को नियमानुसार सहायता दी गई है। इनमें छह लोगों को 1,00150-1,00150 रुपए और 2 लोगों को 25,150 रुपए की राशि प्रदान की गई है। क्षति का आकलन रिपोर्ट के आधार पर मुआवजा राशि जल्द दी जाएगी।

## बिहार के इस शहर में एक्यू 400 के पार; सांस लेना मुश्किल



**तिरहुत-मुजफ्फरपुर।** मुजफ्फरपुर शहर में प्रदूषण ने फरवरी महीने में सभी रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं और हवा अति खराब श्रेणी में पहुंच गई है। शहर का अदक 439 से अधिक दर्ज किया गया, जो इस महीने का सबसे खराब स्तर है और इस साल दूसरी बार इतना ऊंचा आंकड़ा सामने आया है। मुजफ्फरपुर शहर में प्रदूषण ने सभी रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। फरवरी महीने में शहर की हवा सबसे ज्यादा खराब दर्ज की गई है। प्रदूषण का स्तर अति खराब श्रेणी में पहुंच गया है और शहर का अदक 439 से अधिक दर्ज किया गया, जो इस महीने का सबसे बड़ा रिकॉर्ड माना जा रहा है। प्रदूषण से लोगों को कोई राहत नहीं मिल रही है और शहर की हवा एक बार फिर बेहद दमघोंटू हो गई है, जिससे आम लोगों की मुश्किलें बढ़ गई हैं और बीमारियों का खतरा भी बढ़ता जा रहा है। स्थिति को देखते हुए नगर निगम प्रशासन अब इसकी रोकथाम में जुट गया है। बिहार के मुजफ्फरपुर शहर में प्रदूषण का स्तर रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया है। बताया जा रहा है कि इस साल दूसरी बार शहर का अदक सबसे ज्यादा दर्ज किया गया है। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के ताजा आंकड़ों ने एक बार फिर नगर निगम प्रशासन की चिंता बढ़ा दी है। ये आंकड़े केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की रिपोर्ट पर आधारित हैं। इनके अनुसार मुजफ्फरपुर जिले में प्रदूषण का स्तर 439 दर्ज किया गया है। शहर के अलग-अलग इलाकों में भी स्थिति बेहद खराब रही। मिठनपुरा में अदक 416, ब्रह्मपुरा-दाउदपुर में अदक 406, बुद्ध कॉलोनी में अदक 409 और अरारदह में अदक 413 दर्ज किया गया है। ठंड से कुछ राहत मिलने के बाद प्रदूषण की यह मार लोगों के लिए एक नई परेशानी बन गई है। इसके चलते सांस से जुड़ी बीमारियों के बढ़ने की आशंका भी काफी बढ़ गई है। शहर के कई इलाकों में धूल, मिट्टी और अन्य कणों की वजह से हालात और बिगड़ गए हैं और मरीजों की संख्या भी बढ़ रही है। प्रदूषण पर काबू पाने में नगर निगम प्रशासन फिलहाल बेबस नजर आ रहा है

## आठ साल की बच्ची से दरिंदगी, दुष्कर्म के बाद मार डाला; खेलते समय उठा ले गया था, गिरफ्तार

**दरभंगा।** बिहार के दरभंगा जिले के विश्वविद्यालय थाना क्षेत्र के पटवा पोखरा के पास बीती रात एक 8 वर्षीय नाबालिग बच्ची के साथ दुष्कर्म के बाद उसकी हत्या कर दिए जाने की सनसनीखेज घटना सामने आई है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी विकास महतो को गिरफ्तार कर लिया है। घटना की सूचना मिलते ही एसएसपी जगुनाथ रेड्डी देर रात मौके पर पहुंचे और स्थिति संभाली। बच्ची के शव को पोस्टमार्टम के लिए डीएमसीएच भेज दिया गया है। वहीं, एफएसएल (FSL) की टीम भी मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गई है। बताया जा रहा है कि बच्ची शाम के समय घर से बाहर तालाब किनारे अन्य बच्चों के साथ खेलने गई थी। साथ खेल रही बच्चियों ने पुलिस को बताया कि विकास महतो बच्ची को जबरदस्ती खींचकर अंधेरे की ओर ले गया था। परिजन शाम से ही बच्ची की काफी तलाश कर रहे थे, लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका। देर रात इलाके में कुत्तों के ज्यादा भौंकने की आवाज सुनकर बच्ची के मामा वहां पहुंचे तो देखा कि बच्ची खून से लथपथ हालत में पड़ी हुई थी। उन्होंने शोर मचाकर लोगों को बुलाया, जिसके बाद देखा गया कि पास की दीवार पर भी काफी खून पड़ा हुआ था। घटना की सूचना विश्वविद्यालय थाना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच शुरू की और सीसीटीवी फुटेज खंगाले। साथ खेल रही बच्चियों ने आरोपी विकास महतो की पहचान करते हुए बताया कि वही पीड़िता को खेलने के दौरान खींचकर अपने साथ ले गया था। पहचान होते ही पुलिस ने आरोपी विकास महतो को गिरफ्तार कर लिया। इसके साथ ही बच्ची के खून से लथपथ कपड़े भी जब्त कर लिए गए हैं। एसएसपी जगुनाथ रेड्डी के निर्देश पर एफएसएल टीम को बुलाकर सैंपल जुटाए जा रहे हैं।

## कल हर हाल दफ्तर पहुंचे राजस्व अधिकारी, नहीं तो होगी कार्रवाई'



**पटना।** बिहार में राजस्व अधिकारियों की मांगों पर सरकार सहानुभूतिपूर्वक विचार करेगी। यह बात डिप्टी सीएम विजय सिन्हा ने स्पष्ट कर दिया है। उन्होंने कहा कि नौ फरवरी तक सभी राजस्व अधिकारी ड्यूटी पर लौट जाएं। उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने हड़ताल पर राजस्व सेवा से जुड़े अंचल अधिकारियों एवं राजस्व अधिकारियों के लिए बड़ा आदेश जारी कर दिया है। हड़ताल पर गए सभी अधिकारियों को सोमवार को हर हाल में ड्यूटी पर लौटने का आदेश दिया गया है। जो अधिकारी इस आदेश का पालन नहीं करेंगे, उनपर बड़ी कार्रवाई होगी। डिप्टी सीएम विजय सिन्हा कि तीन सदस्यीय समिति की बैठक शीघ्र आयोजित की जाएगी। यह समिति राजस्व अधिकारियों के कार्य, अधिकार एवं दायित्वों पर विस्तृत रिपोर्ट सरकार को सौंपेगी, जिसके आधार पर आगे निर्णय लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार के स्तर पर सभी अंचल अधिकारियों से तत्काल प्रभाव से योगदान देने की अपील की गई है। कई जिलें में शनिवार को कई अधिकारी ड्यूटी पर लौट गए हैं। यह अच्छी बात है। अधिकारियों के सम्मान में कोई कमी नहीं की जाएगी विजय सिन्हा ने कहा कि जो अधिकारी अब तक ड्यूटी पर नहीं लौटे हैं, वह सोमवार यानी नौ फरवरी को योगदान करें। अगर कोई अधिकारी अनुपस्थित पाए गए तो उनके विरुद्ध कठोर अनुशासनिक कार्रवाई की जाएगी। सोमवर दिन प्रधान सचिव सी.के. अनिल एवं सचिव जय सिंह वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी जिलों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कर स्थिति की समीक्षा करेंगे। उन्होंने कहा कि मेहनत करने वाले अधिकारियों के सम्मान में कोई कमी नहीं की जाएगी। उपमुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि सभी अंचल अधिकारी राज्य सरकार द्वारा संचालित एग्रीस्टैक महाअभियान, ई-मापी महाभियान एवं राजस्व महाअभियान के कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए निष्पादित करें। इन अभियानों के सीधा लाभ राज्य की जनता को मिलेगा। इसलिए इसमें किसी भी स्तर पर कोई लापरवाही उचित नहीं है।

## 'छक्का मारने वाले बॉल को सिंगल-डबल में क्यों बर्बाद करना

**पटना।** अंडर-19 वर्ल्ड कप में वैभव सूर्यवंशी ने अपने शानदार प्रदर्शन से बिहार के साथ पूरे देश का नाम रोशन किया है। इस खास उपलब्धि पर दैनिक भास्कर ने वैभव के कोच मनीष ओझा से बातचीत की। मनीष ने कहा कि वह कभी भी वैभव का लाइव मैच नहीं देखते हैं, क्योंकि उन्हें डर रहता है कि वह आउट ना हो जाए। कोच ने बताया कि जब वैभव 8 साल की उम्र में उनके पास आए थे तो खेल के प्रति काफी जुनून था। क्रिकेट अकादमी में आने के लिए वह सुबह 4 बजे ही उठ जाते थे। वैभव लगातार 8 घंटे प्रैक्टिस करते रहते थे और थकते नहीं थे। वह एक दिन में 500 बॉल से प्रैक्टिस करते थे। वैभव के कोच ने बताया, ह्ववैभव की हर बॉल में बाउंड्री करने की आदत पर जब मैंने टोका तो वैभव ने कहा कि जिस बॉल को छक्का मार सकता हूं, उसको सिंगल-डबल में क्यों बर्बाद करूं ह्व जवाबः हमारे लिए यह बहुत ही गर्व का पल है। एक कोच के लिए इससे बड़ी उपलब्धि क्या हो सकती है कि उसके स्टूडेंट ने भारत के लिए वर्ल्ड कप जीता है। यह मेरे लिए उम्मीद और गौरव का क्षण है। जवाबः वैभव जब मैच खेलते हैं तो मैं मैच नहीं देखता हूं, क्योंकि मुझे काफी नर्वसनेस हो जाती है कि वो कहीं आउट ना हो जाए। मैं आसपास के लोगों से पूछता हूं कि वह मैच खेल रहे हैं या नहीं। जब तक वह 100 रन नहीं बना लेते हैं, तब तक मैं ना मैच देखता हूं और ना स्कोर पूछता हूं। रणजी में वैभव के डेब्यू मैच में भी जब मैं आया था तो मैं दो बॉल से ज्यादा नहीं देख पाया। उस वक्त मेरे दो स्टूडेंट वैभव सूर्यवंशी और सरमन निग्रोध बिहार के लिए ओपनिंग कर रहे थे। तब भी चाहत थी कि दोनों अच्छा प्रदर्शन करें तो वह उत्साह नर्वसनेस में बदल जाता है। इसलिए मैं वैभव का मैच 100 रन पूरा होने के बाद देखता हूं और फिर बाद में हाईलाइट देखता हूं।

## पप्पू यादव को तेजस्वी यादव का खुला समर्थन

**पटना।** पूर्णिया सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव की गिरफ्तारी के बाद उन्हें लगातार राजनीतिक समर्थन मिल रहा है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी और प्रियंका गांधी के बाद अब आरजेडी नेता तेजस्वी यादव ने भी खुलकर उनका समर्थन किया है। विपक्षी दल इस गिरफ्तारी को राजनीतिक बदले की भावना से की गई कार्रवाई बता रहे हैं। पप्पू यादव को 31 साल पुराने एक मामले में गिरफ्तार किया गया है, जिसको लेकर सवाल खड़े किए जा रहे हैं। दिल्ली पहुंचे तेजस्वी यादव ने छात्रा मामले और पप्पू यादव की गिरफ्तारी पर कहा, ह्वआजकल तो तानाशाही चल ही रही है। दोषियों को बचाया जाता है, निदोर्षों को फंसाया जाता है। छात्रा मामले में तो कई बार हम लोगों ने ट्वीट किया है और लिखा भी है। विधानसभा में लगातार हमारे एमएलए, हम सब मामले को उठा रहे हैं। तेजस्वी ने सीबीआई जांच को लेकर कहा कि, हम पहले भी बोले कि सीबीआई जांच हो रहा है तो उस जांच का क्या मतलब है? पहले भी बिहार के कई मामले की सीबीआई जांच कराई गई। आप देखिएगा जो बिहार का सृजन घोटाला है, बालिका गृह कांड है, नागुणा मामला है, सब ठंडे बस्ते पर चला गया। तेजस्वी ने आगे कहा कि, ह्वबिहार में लगातार एनडीए की सरकार 20 साल से है और 20 साल से बिहार देश का सबसे फिसड्डी राज्य है। कई बजट एनडीए की सरकार ने पेश किया, लेकिन कुछ नहीं हुआ। बिहार जहां था, वहीं खड़ा है ह्व राजद के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनाए जाने पर तेजस्वी बोले, ह्वपार्टी के लोगों ने बड़ी जिम्मेवारी दी है, उस जिम्मेदारी को बखूबी निभाया जाएगा। आने वाले समय में पार्टी के संगठन को और मजबूत किया जाएगा और जनता की आवाज को बुलंदियों के साथ हम लोग उठाते रहेंगे।

# लकीर के फकीर



जंगल में चराई के बाद किसी बछड़े को गांव की गौशाला तक लौटना था। नन्हा बछड़ा था तो अबोध ही, वह चट्टानों, मिट्टी के टीलों, और ढलानों पर से उछलता-कूदता हुआ अपने गंतव्य तक पहुंचने में सफल हो गया।

अगले दिन एक कुत्ते ने भी गांव तक पहुंचने के लिए उसी रास्ते का इस्तेमाल किया। उसके अगले दिन एक भेड़ उस रास्ते पर चल पड़ी। एक भेड़ के पीछे अनेक भेड़ चल पडीं। भेड़ जो ठहरीं!

उस रास्ते पर चलाफिरी के निशान देखकर लोगों ने भी उसका इस्तेमाल शुरू कर दिया। ऊंची-नीची पथरीली जमीन पर आते-जाते समय वे-पथ की दुरूहता को कोसते रहते, पथ था ही ऐसा! लेकिन किसी ने भी सरल-सुगम पथ की खोज के लिए प्रयास नहीं किए।

समय बीतने के साथ वह पगडंडी उस गाव तक पहुंचने का मुख्य मार्ग बन गई। जिस पर बेचारे पशु बमुश्किल गाड़ी खींचते रहते। उस कठिन पथ के स्थान पर कोई सुगम पथ होता तो लोगों को यात्रा में न केवल समय की बचत होती वरन वे सुरक्षित भी रहते।

कालांतर में वह गांव एक नगर बन गया और पथ राजमार्ग बन गया। उस पथ की समस्याओं पर चर्चा करते रहने के अतिरिक किसी ने कभी कुछ नहीं किया। बूढ़ा जंगल यह सब बहुत लंबे समय से देख रहा था। वह बरबस मुस्कुराता और यह सोचता रहता कि मनुष्य हमेशा ही सामने खुले पड़े विकल्प को मजबूती से जकड़ लेते हैं और यह विचार नहीं करते कि कहीं कुछ उससे बेहतर भी किया जा सकता है।

# धर्म को पहले स्वयं जीवन में उतारें

**हमें यह धर्मरूपी आसक्ति का चश्मा दर किनार करके सभी धर्मों को एक ही नजरिए से देखने की जरूरत है, तभी हम सभी धर्मों की अच्छाई को ग्रहण करके सभी में एक सी समानता और उनकी शिक्षाओं को पहले खुद ग्रहण करने का नजरिया रखेंगे, तभी भेदभाव की दीवार स्वयं ही ढह जाएगी।**



**अक्सर** हम यही देखते हैं कि जब हम किसी अन्ध मान्यता, अन्ध भावावेश अथवा बौद्धिक तर्कजाल को धर्म मानने की भूल करने लगते हैं तो उसमें कहीं अधिक बुरी तरह से उलझ जाते हैं। हम जिस दार्शनिक, धार्मिक परंपरा को मान रहे हैं, उसके साथ हमारा एक भावनात्मक संबंध जुड़ जाता है। फलस्वरूप उसके विपरीत अन्य किसी दृष्टिकोण को कभी स्वीकार ही नहीं कर पाते। अथवा यह भी होता है कि अपनी तर्कबुद्धि से हमने किसी मान्यता को अपना लिया है तो अपने ही बुद्धिबल को अत्यधिक महत्ता देने के स्वभाववश अन्य किसी मान्यता को सही मानने को प्रस्तुत ही नहीं होते। परंपरागत मान्यता, हृदयगत भावुकता अथवा बौद्धिक तर्कजाल के कारण जब हम किसी भी मान्यता के गुलाम हो जाते हैं तो उसके प्रति इतनी गहरी आसक्ति पैदा कर लेते हैं कि हमेशा के लिए उसी के रंग का चश्मा पहने ही दुनिया को देखने लगते हैं। अत: उस रंग के अतिरिक्त अन्य कोई रंग हमें दिखता ही नहीं। इस प्रकार सच्चाई से, वास्तविकता से बिल्कुल दूर होते चले जाते हैं, क्यों कि हर बात को अपने ही चश्मे से देखने के आदी जो हो चुके होते हैं।

मान लीजिए, अन्धश्रद्धा, अन्धविश्वास, भावावेश अथवा बौद्धिक ऊहापोह के आधार पर हमने कोई सही सिद्धान्त भी स्वीकार कर रखा हो, परन्तु होता क्या है कि उसके प्रति हुई आसक्ति के कारण उस सिद्धान्त को स्वीकारने मात्र को ही हम सारा महत्व देने लगते हैं, जब कि उसके व्यवहारिक पक्ष को सर्वदा भुला बैठते हैं।

कुछ ज्ञानीजन समाज को, देश-दुनिया को धर्म का मार्ग दिखाने में जी-जान से जुटे हुए हैं। एक ओर हिन्दू धर्म की महिमा का बखान किया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर कुछ लोग शान्ति के मसीहा बने दुनिया को मुसलमान होने के फायदे गिनाने में लगे हुए हैं। एक कहता है कि हिन्दू धर्म और उसकी शिक्षाएं महान हैं तो दूसरा कहता है कि आप इस्लाम अपना लो तो आप में आत्म-अनुशासन, आत्म-नियंत्रण,आत्मशिक्षा, आत्म-अनुपालन जैसे गुणों का संचार होने लगेगा।

मैं मानता हूं कि न सिर्फ हिन्दू, न इस्लाम, बल्कि दुनिया का हरेक धर्म, हरेक पंथ, हरेक सम्प्रदाय महान है। उनके धर्मग्रंथ, उनकी शिक्षाएं, पीर-पैगम्बर, महापुरुष इत्यादि सब महान हैं। लेकिन ये नहीं समझ पा रहा हूं कि आप लोग जो दुनिया में धर्म का ज्ञान बांटते फिर रहे हो, पोस्ट दर पोस्ट बड़े लम्बे-चौड़े उपदेश देते रहते हो, लेकिन तुम्हारा धर्म तुम में वो महानता क्यूं नहीं पैदा कर पाया। क्या ये महानता का प्रसाद सिर्फ दूसरों में बांटने के लिए ही रख छोड़ा है, जो तुम्हारे हिस्से न आ सका। दूसरी ओर मैं उन मुस्लिम भाइयों से ये जानना चाहूंगा कि तुम कहते हो कि इस्लाम कबूल करने का सीधा फायदा ये है कि आपमें शांति, प्रेम, आत्म-अनुशासन,आत्म-नियंत्रण, आत्मशिक्षा, आत्म-अनुपालन जैसे गुणों का वास होने लगेगा, लेकिन भाई तुम तो इस्लाम के मानने वाले हो, किन्तु तुम्हारे जीवन में ऐसे किसी सद्‌गुण का संचार क्यों नहीं हो पाया। कमाल है! जिस चीज को आप लोग स्वयं जीवन में धारण नहीं कर सके, उसी के बारे में दुनिया को उपदेश देने में लगे हुए हैं। और लगे हुए हैं, बस दिन-रात एक दूसरे पर कीचड़ उछालने में, एक दूजे को निर्वस्त्र करने में।

# मनुष्यता भलाई में है

**यह मानव स्वभाव है कि किसी का अच्छा हो रहा हो, तो उसमें खलल डालता है। वहीं कुछ ऐसे भी हैं, जो बिगड़ती बात को संवारना ही मनुष्यता की परिभाषा मानते हैं, ऐसे ही बयान करती यह कथा प्रस्तुत है।**

**यह** घटना उस समय की है, जब क्रांतिकारी रोशन सिंह को काकोरी कांड में मृत्युदंड दिया गया। उनके शहीद होते ही उनके परिवार पर मुसीबतों का पहाड़ टूट पड़ा। घर में एक जवान बेटी थी और उसके लिए वर की तलाश चल रही थी। बड़ी मुश्किल से एक जगह बात पक्की हो गई। कन्या का रिश्ता तय होते देखकर वहां के दरोगा ने लड़के वालों को धमकाया और कहा कि क्रांतिकारी की कन्या से विवाह करना राजद्रोह समझा जाएगा और इसके लिए सजा भी हो सकती है। किंतु वर पक्ष वाले दरोगा की धमकियों से नहीं डरे और बोले, 'यह तो हमारा सौभाग्य होगा कि ऐसी कन्या के कदम हमारे घर पड़ेंगे, जिसके पिता ने अपना शीश भारत माता के चरणों पर रख दिया।' वर पक्ष का दृढ़ इरादा देखकर दरोगा वहां से चला आया पर किसी भी तरह इस रिश्ते को तोड़ने के प्रयास करने लगा। जब एक पत्रिका के संपादक को यह पता लगा तो वह आगबबूला हो गए और तुरंत उस दरोगा के पास पहुंचकर बोले, 'मनुष्य होकर जो मनुष्यता ही न जाने वह भला क्या मनुष्य? तुम जैसे लोग बुरे कर्म कर अपना जीवन सफल मानते हैं किंतु यह नहीं सोचते कि तुमने इन कर्मों से अपने आगे के लिए इतने कांटे बो दिए हैं, जिन्हें अभी से उखाड़ना भी शुरू करो तो अपने अंत तक न उखाड़ पाओ। अगर किसी को कुछ दे नहीं सकते तो उससे छीनने का प्रयास भी न करो।' संपादक की खरी-खोटी बातों ने दरोगा की आंखें खोल दीं और उसने न सिर्फ कन्या की मां से माफी मांगी, अपितु विवाह का सारा खर्च भी खुद वहन करने को तैयार हो गया। विवाह की तैयारियां होने लगीं। कन्यादान के समय जब वधू के पिता का सवाल उठा तो वह संपादक उठे और बोले, 'रोशन सिंह के न होने पर मैं कन्या का पिता हूं। कन्यादान मैं करूंगा।'



# कर्तव्य ही सम्मान है

**यह** काफी पुरानी घटना है। मद्रास प्रांत के एक स्टेशन के निकट एक पॉइंटमैन अपना पॉइंट (वह उपकरण जिससे गाड़ियों का ट्रैक बदला जाता है) पकड़े खड़ा था। दोनों ओर से दो गाड़ियां अपनी पूरी गति से दौड़ी चली आ रही थीं। उस दिन मौसम खराब था और वह आंधी-तूफान का संकेत दे रहा था। ऐसे भयावह मौसम में रोशनी के भी भरपूर साधन नहीं थे। पॉइंटमैन अपने काम के लिए मुस्तैदी से तैयार था, तभी उसे अपने पैरों पर कुछ रेंगता हुआ महसूस हुआ। उसने देखा तो दंग रह गया। एक सांप उसके पैरों से लिपट रहा था। पॉइंट उसके हाथ में था। डर के कारण उसकी घिग्घी बंध गई। किंतु तभी उसने सोचा कि यदि वह पॉइंट हाथ से छोड़ देगा तो ऐसे में दोनों गाड़ियां परस्पर भिड़ जाएंगी और असंख्य लोगों की मृत्यु हो जाएगी। सांप के काटने से तो अकेले सिर्फ उसकी जान जाएगी, लेकिन असंख्य लोगों की जान बच जाएगी। कम से कम मरते-मरते वह असंख्य लोगों की जान बचाने का पुण्य तो अर्जित कर ही लेगा। यह सोचकर वह बिना



हिला-डुले पॉइंट को पकड़े खड़ा रहा। कुछ ही देर में दोनों रेलगाड़ियों की घड़घड़ाहट तेज हुई और रेलगाड़ियां आराम से पॉइंट मैन के द्वारा पकड़े गए पॉइंट की सहायता से अलग-अलग ट्रैक पर निकल गईं। उधर सांप रेलगाड़ियों की घड़घड़ाहट सुनकर पॉइंटमैन का पैर छोड़कर चला गया। रेलगाड़ियों के जाने के बाद जब पॉइंटमैन का ध्यान अपने पैरों की ओर गया तो वह यह देखकर दंग रह गया कि वहां कुछ न था। यह देखकर उसके मन से स्वत: ही निकला, 'सच ही है, जो इंसान सच्चे मन से लोगों की मदद करते हैं, उनकी सहायता ईश्वर स्वयं करते हैं।' बाद में जब इस घटना का पता अधिकारियों को चला तो उन्होंने न सिर्फ पॉइंटमैन को शाबासी दी, अपितु उसे पुरस्कार देकर सम्मानित भी किया।



**बुद्धि व भाग्य में विवाद होने लगा, दोनों एक दूसरे को बड़ा साबित कर रहे थे। राजा ने एक कथा के माध्यम से दोनों का निर्णय किया। भाग्य से यदि किसी को राजा बनाने का प्रयास हो और संसार की सभी वस्तुएं भी हों तो भी बुद्धि के अभाव में वह राजा नहीं बन सकता। यह आलेख इसी तथ्य पर आधारित है।**

# बुद्धि बड़ी या भाग्य

एक बार बुद्धि और भाग्य में झगड़ा हुआ। बुद्धि ने कहा, मेरी शक्ति अधिक है। मैं जिसे चाहूं सुखी कर दूं। मेरे बिना कोई बड़ा नहीं हो सकता।'' भाग्य ने कहा, मेरी शक्ति अधिक है। मैं तेरे बिना काम कर सकता हूं। तू मेरे बिना काम नहीं कर सकती।'' इस तरह दोनों ने अपनी-अपनी ओर से दलीलें जोर-शोर से दीं। बुद्धि ने भाग्य से कहा कि उस गड़रिए को जो जंगल में भेड़ें चरा रहा है, मेरी सहायता के बिना राजा बना दो तो समझूं कि तुम बड़े हो। भाग्य ने राजा बनाने का प्रयत्न शुरू कर दिया। उसने बहुत कीमती खड़ाऊं जिसमें लाखों रुपए के नग लगे थे, गड़रिए को दी। भाग्य ने एक व्यापारी को वहां पहुंचा दिया।

व्यापारी उन खड़ाऊंओं को देखकर विस्मित हुआ। उससे कहा, तुम ये खड़ाऊं बेच दो।'' गड़रिए ने वो अनमोल खड़ाऊं जिनमें एक-एक हीरा करोड़ों रुपए का था, दो मन चनों के बदले में बेच डालीं। यह देखकर भाग्य ने और प्रयत्न किया। अब उस व्यापारी ने वे खड़ाऊं राजा को भेंट की तो राजा देखकर हैरान हो गया। व्यापारी से पूछा, ''तुमने ये खड़ाऊं कहां से पाई? व्यापारी ने कहा ''महाराज एक राजा मेरा मित्र है उसने ये मुझे दीं।''

यह सुनकर राजा ने कहा, ''अच्छा जाओ, मेरी लड़की की सगाई उसके लड़के से करा दो।'' ''ठीक है, आपकी लड़की की सगाई पक्की करने जाता हूं।'' तो क्या देखता है कि गड़रिया उससे भी मूल्यवान खड़ाऊं पहने है।

व्यापारी ने सोचा कि हो न हो, यह कोई सिद्ध महात्मा है। उसने वही डेरा लगा दिया और अपना बहुत सा तांबा लदा हुआ सब सामान एक ओर पेड़ के नीचे रख दिया। दोपहरी में गड़रिया धूप से व्याकुल हो उस पेड़ के नीचे तांबे के ढेर के सहारे सिर रखकर सो गया। भाग्य ने उस तांबे के ढेर को सोना कर दिया। व्यापारी ने सोचा कि जिसके छूने से तांबा सोना हो जाता है, उसको राजा बनाना कोई बड़ी बात नहीं। उस व्यापारी ने वहीं जमीन खरीदी और किला बनवा दिया। सेना की भर्ती की जाने लगी और व्यापारी गड़रिए को पकड़कर किले में ले गया। उसको अच्छे-अच्छे मूल्यवान वस्त्र पहनवाए; मंत्री सेवक आदि कर्मचारी रखे और फिर लड़की वाले राजा को पत्र लिखा कि हमारे राजाजी की विवाह की तिथि लिख दो; उसी दिन बारात आ जाएगी। पत्रोत्तर में राजा ने तिथि लिख दी। इस पर विवाह का प्रबंध होने लगा।

विवाह की तिथि आने पर व्यापारी बारात लेकर चल दिया। जब लड़की वाले राजा का नगर निकट आ गया और उधर से मंत्री, बहुत से नौकर-चाकर, सेना, अस्त्र-शस्त्र, हाथी-घोड़े इत्यादि राजा की अगवानी के लिए आए तो गड़रिए ने विचार किया कि कदाचित् मेरी भेड़ें इनके खेत में चली गई हैं और ये मेरे कपड़े-लत्ते छीनने आ रहे हैं। अत: उसने झट व्यापारी से कहा, ये सब मेरे कपड़े-लत्ते छीनने के लिए आ रहे हैं। चूंकि यह बात कान में कही गई थी, अत: व्यापारी के सिवा और किसी को मालूम नहीं हुई। लोगों ने व्यापारी से पूछा, ''कुंवरजी क्या आज्ञा दे रहे हैं? कुंवरजी कहते हैं कि जितने लोग स्वागत में आए हैं, सबको पांच-पांच लाख रुपया पुरस्कृत किया जाए।'' लोग सोचने लगे कि किसी बड़े भारी सम्राट के कुंवर की बारात आई है, लड़की वाला राजा भी घबराया कि मैंने बड़े भारी राजा से नाता जोड़ा है। अब तो ईश्वर ही लाज रखे। अंत: उसी दिन राजा की कन्या का विवाह उस गड़रिए से हो गया। जब राजकुमारी गड़रिए के पास आई, तब गड़रिए ने गहनों की आवाज सुन सोचा, हो न हो, कोई चुड़ैल मुझे मारने के लिए आ रही है। यह सोच वह जल्दी से एक दरवाजे की ओट में छिप गया। राजकुमारी कन्या के जाते ही गड़रिए को विचार आया कि अभी एक चुड़ैल से तो मुश्किल से बचा हूं, न मालूम यहां कितनी और चुड़ैल आएं, अत: यहां से भागना चाहिए। सोच ही रहा था कि उसे एक जीना दिखाई पड़ा। वह झट ऊपर चढ़ गया और वहां एक छेद में हाथ डालकर कूदकर भागने का विचार करने लगा। उसी समय बुद्धि ने भाग्य से कहा, ''देख तेरे बनाने से भी यह राजा न बना। अब यह जल्दी ही गिरकर मृत्यु के मुख में जाना चाहता है।'' अत: सिद्ध है कि यदि संसार की सारी वस्तुएं भी एकत्रित हों, तो भी जब तक मनुष्य को बुद्धि न आए, वह अपने उद्देश्य को पूर्णतया सिद्ध नहीं कर सकता।

# धन-सम्पदा का गर्व चकनाचूर



**यूनान** में आल्सिबाएदीस नामक एक बहुत बड़ा संपन्न जमींदार था। उसकी जमींदारी बहुत बड़ी थी। उसे अपने धन-वैभव एवं जागीर पर बहुत अधिक गर्व था। वह इसका वर्णन करते हुए थकता नहीं था। एक दिन वह प्रसिद्ध दार्शनिक सुकरात के पास जा पहुंचा और अपने ऐश्वर्य का वर्णन करने लगा। सुकरात उसकी बातें कुछ देर तक सुनते रहे। फिर उन्होंने पृथ्वी का एक नक्शा मंगवाया। नक्शा फैला कर उन्होंने आल्सिबाएदिस से पूछा-अपना यूनान देश इस नक्शे में कहां है? जमींदार कुछ देर तक नक्शा देखने के बाद एक जगह अंगुली रख कर बोला 'अपना यूनान देश यह रहा।' सुकरात ने पुन: पूछा-और अपना एटिका राज्य कहां है? बड़ी कठिनाई के बाद जमींदार एटिका राज्य को ढूंढ़ सका। अच्छा, इसमें आपकी जागीर की भूमिका कहां है? सुकरात ने एक बार फिर पूछा। अब जमींदार कुछ सकपका गया। वह बोला- आप भी खूब हैं, इस नक्शे में इतनी छोटी-सी जागीर कैसे बताई जा सकती है? तब सुकरात ने कहा-भाई! इतने बड़े नक्शे में जिस भूमि के लिए एक बिन्दु भी नहीं रखा जा सकता, उस नन्ही-सी भूमि पर आप गर्व करते हैं? इस पूरे ब्रह्माण्ड में आपकी भूमि और आप कहां कितने हैं, जरा यह भी तो सोचिए। सुकरात के मुंह से यह सुनते ही आल्सिबाएदिस का अपनी जागीर और सम्पति पर जो गर्व था, चकनाचूर हो गया। व्यक्ति को अपनी धन-संपदा का बखान तथा उस पर गर्व नहीं करना चाहिए।

# टी20 विश्व कप : उलटफेर से बाल बाल-बचा इंग्लैंड, नेपाल के खिलाफ करीबी मुकाबले में दर्ज की जीत

**मुंबई (एजेंसी)।** दो बार की विश्व चैंपियन इंग्लैंड ने रविवार को यहां टी20 विश्व कप ग्रुप सी के बेहद रोमांचक मुकाबले में नेपाल की चुनौती से निपटते हुए अंत में चार रन की करीबी जीत दर्ज की। नेपाल इस मुकाबले में उलटफेर कर इतिहास रचने के बहुत करीब पहुंच गया था। उसने इंग्लैंड के सात विकेट पर 184 रन के जवाब में छह विकेट पर 180 रन बनाए। लोकेश बाम (20 गेंद में नाबाद 39 रन) ने शानदार प्रदर्शन करते हुए नेपाल की उलटफेर भरी जीत की उम्मीद बनाए रखी, लेकिन आखिरी ओवर में जीत नहीं दिला सके।

आखिरी ओवर में नेपाल को जीत के लिए 10 रन की दरकार थी, लेकिन नेपाल के लिए बाउंड्री नहीं लग सकी। इस तरह बल्ले से उनका शानदार प्रदर्शन करीबी हार से खत्म हो गया। सैम करन ने अंतिम ओवर में लगातार यॉर्कर फेंकीं और नेपाल की टीम सिर्फ पांच रन ही बना पाई। लेकिन फिर भी 17,000 से ज्यादा प्रशंसक वानखेड़े स्टेडियम में मौजूद थे और उन्होंने नेपाल को अपनी क्षमता से कहीं बेहतर प्रदर्शन करते देखा। कप्तान रोहित पौडेल (39), दीपेंद्र सिंह ऐरी (39), कुशाल भुर्तेल (29) और लोकेश बसम (चार चौके, दो छक्के) ने शानदार जज्बा दिखाया लेकिन वे अपनी टीम को जीत नहीं दिला पाए।

नेपाल को आखिरी तीन ओवर में 46 रन चाहिए थे तब बाम ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी की। उन्होंने जोफ्रा आर्चर के 18वें ओवर में दो छक्के और 19वें ओवर में ल्यूक वुड पर लगातार दो चौके लगाए। भुर्तेल ने शुरुआत में तेजी से रन जुटाए जबकि पौडेल और ऐरी के बीच तीसरे विकेट के लिए 82 रन की मजबूत साझेदारी ने नेपाल को मजबूती दी। नेपाल ने आसिफ शेख (07) के रूप में शुरुआती विकेट गंवा दिया था लेकिन भुर्तेल ने 17 गेंद में चार चौकों और एक छक्के की मदद से 29 रन बनाकर लय बनाई। लेकिन छठे ओवर में आउट हो गए।

14वें ओवर में पौडेल ने रन गति बढ़ाकर नेपाल को लक्ष्य की ओर अग्रसर किया। उन्होंने इंग्लैंड के सबसे सीनियर गेंदबाज राशिद खान के ओवर में छक्का और चौका लगाया। हालांकि ड्रिंक्स ब्रेक के बाद ऐरी और पौडेल की लय टूट गई। ऐरी ने 15वें ओवर में सैम करन की गेंद पर आउट हो गए। इसके तुरंत बाद पौडेल भी लियाम डॉसन की गेंद पर स्वीप शॉट खेलने की कोशिश में डीप मिडविकेट पर फिल साल्ट के हाथों कैच आउट हुए।

इससे पहले इंग्लैंड ने कप्तान हैरी ब्रूक (53 रन) और जैकब बेथेल (55 रन) के अर्धशतकों से सात विकेट पर 184 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया। बाएं हाथ के युवा बल्लेबाज बेथेल ने टी20 विश्व कप पर्दापण में तेज अर्धशतक से शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने 35 गेंद में चार छक्के और इतने ही चौके लगाए। कप्तान ब्रूक 32 गेंद में चार चौके और तीन छक्के की मदद से एक महत्वपूर्ण पारी खेलने के बाद आउट हो गए। उन्होंने बेथेल के साथ चौथे विकेट के लिए 71 रन की साझेदारी की। नेपाल के गेंदबाजों ने अपनी तरफ से कड़ी चुनौती पेश की।

शेर मल्ला ने अपने दूसरे ओवर की पहली गेंद पर फिल साल्ट (01) को कैच आउट करवाया तो उनकी खुशी का ठिकाना नहीं रहा। नंदन यादव ने पांचवें ओवर में जोस बटलर (26) का अहम विकेट लिया जो बेथेल के साथ मिलकर पारी को संभालने की कोशिश कर रहे थे। सातवें ओवर में इंग्लैंड ने तीसरा विकेट टॉम बैंटन के रूप में लिया जो स्पिनर संदीप लामिचाने को रिवर्स स्वीप करने की कोशिश में पगबाधा आउट हुए। इससे पहले बेथेल ने उनकी पहली चार गेंदों पर दो चौके और एक छक्का लगाया था। फिर बेथेल का साथ निभाने ब्रूक उतरे।

यह वही पिच है जिस पर शनिवार रात को




भारत ने 77 रन पर छह विकेट गंवा दिए थे। हालांकि इंग्लैंड को निश्चित रूप से उस पिच पर बल्लेबाजी करने में कोई परेशानी नहीं हुई जिस पर कुछ गेंद रूककर आ रही थी। इंग्लैंड के बल्लेबाज काफी हद तक अपने शॉट खेलने में सफल रहे। हालांकि कोई भी भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव की तरह पारी नहीं खेल सका।

इंग्लैंड ने आखिरी तीन ओवरों में 45 रन बनाए जिसमें विल जैक्स चार छक्के और एक चौका लगाकर 18 गेंद में 39 रन बनाकर नाबाद रहे। मैदान में नेपाल के प्रशंसक भारी संख्या में मौजूद थे जो इंग्लैंड के प्रशंसकों की तुलना में कहीं ज्यादा थे। नेपाल के लिए दीपेंद्र सिंह ऐरी और नंदन यादव ने दो दो विकेट झटके। शेर मल्ला और संदीप लामिचाने ने एक एक विकेट प्राप्त किया।

# ऑगर-अलियासिमे ने फ्रेंच क्वालिफायर ड्रोगेट को हराकर फाइनल में वापसी की



**मोंटपेलियर (एजेंसी)।** फेलिक्स ऑगर-अलियासिमे ने शनिवार को मोंटपेलियर में ओपन ऑक्सिटानी में शानदार फिनिशिंग के साथ फ्रेंच क्वालिफायर टिटुआन ड्रोगेट का शानदार प्रदर्शन खत्म किया। टॉप सीड और डिफेंडिंग चैंपियन ने डिसाइडिंग सेट में अपना लेवल बढ़ाया और एटीपी 250 सेमीफाइनल में 6-4, 6-7(5), 6-1 से जीत हासिल की। ऑगर-अलियासिमे अपने 21वें टूर-लेवल फ़ाइनल और 13वें इनडोर फ़ाइनल में पहुँच गए हैं। कनाडाई खिलाड़ी के आठ करियर टाइटल में से सात इनडोर रहे हैं, और एटीपी टूर पर इस दशक में इन कंडीशन में उनकी 87 मैच जीत सबसे ज़्यादा हैं। 25 साल के खिलाड़ी ने कहा, 'मुझे लगा कि दूसरे सेट में भी मेरा मौका आएगा, जो बड़ी सर्विस देने वाले ड्रोगेट के सामने मज़बूती से डटे रहे। यह अच्छा था कि मैंने पहला सेट जीता। इससे मुझे यह समझने का समय मिल रहा था कि उसे कैसे ब्रेक करना है। मुझे लगता है कि मैंने तीसरे सेट में बहुत बेहतर सर्व किया। मुझे लगता है कि मैंने दूसरे सर्व रिटर्न पर भी बेहतर रिटर्न किया। मैं बॉल को ज़्यादा सफाई से मार रहा था और सच में इसे अलग-अलग टारगेट पर अच्छी तरह से मार रहा था।' फ्रेंचमैन आर्थर फिल्स और ड्रोगेट को लगातार हराने के बाद, ऑगर-अलियासिमे का सामना फाइनल में एक और घरेलू उम्मीद एड्रियन मैनारिनो से होगा। मैनारिनो ने 1-6, 6-3, 6-4 से जीत के साथ अमेरिकी क्वालीफायर मार्टिन डैम का सिलसिला खत्म किया। 37 साल के फ्रेंचमैन ने धीमी शुरुआत से उबरते हुए अपने 16वें टूर-लेवल फाइनल और फ्रांस में पहले फाइनल में जगह बनाई। टूर्नामेंट के इतिहास में सबसे उम्रदराज फाइनलिस्ट, मैनारिनो एटीपी लाइव रैंकिंग में 51वें नंबर पर हैं।

# सूर्यकुमार विश्वकप में तेजी से 500 रन बनाने वाले बल्लेबाजों में शामिल हुए

**मुम्बई (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव ने टी20 विश्वकप के अपने पहले ही मैच में अमेरिका के खिलाफ खेली अपनी 84 रनों की नाबाद पारी के साथ ही एक अहम उपलब्धि अपने नाम कर ली है। सूर्यकुमार ने 84 रनों की अपनी इस पारी के साथ टी20 विश्वकप कप में अपने 500 रन पूरे किये हैं। अब उनके नाम इस आईसीसी टूर्नामेंट में 18 पारियों में 564 रन हो गए हैं। इसके साथ ही सूर्यकुमार तेजी से 500 रन बनाने वाले बल्लेबाजों की सूची में शामिल हो गये हैं। सूर्या विश्व कप में 500 रन बनाने वाले छठे और सबसे कम पारियों में ये आंकड़ा हासिल करने वाले चौथे भारतीय बल्लेबाज हैं। इससे पहले ये आंकड़ा महेन्द्र सिंह धोनी और युवराज सिंह के अलावा विराट कोहली , रोहित शर्मा, गौतम गंभीर के नाम है।

वहीं सबसे तेजी से 500 रन का आंकड़ा विराट के नाम है। कोहली ने केवल 11 टी20 विश्व कप पारियों में 500 रन बनाये हैं। सूर्या इस सूची में रोहित शर्मा और गौतम गंभीर के बाद तीसरे स्थान पर है। गंभीर और रोहित संयुक्त रूप से दूसरे नंबर पर हैं। सूर्यकुमार ने टी20 विश्व कप की 18 पारियों में 500 टी20 रन पूरे किए, वहीं युवराज ने 22 जबकि धोनी ने 28 पारियों में किया था।

**सबसे कम पारियों में 500 रन बनाने वाले भारतीय**

11-विराट कोहली
17- गौतम गंभीर
17 - रोहित शर्मा
18 - सूर्यकुमार यादव
22 - युवराज सिंह
28 - महेन्द्र सिंह धोनी

# विराट, रोहित पर कोच गंभीर के दबाव बनानें की बातें गलतः सैकिया

**मुम्बई (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) सचिव देवजीत सैकिया ने कहा है कि विराट कोहली और रोहित शर्मा के मुख्य कोच गौतम गंभीर से कोई मतभेद नहीं हैं। साथ ही कहा कि ये दोनो ही उस स्तर के खिलाड़ी हैं जिन्हें कोई भी दबाव बनाकर बाहर नहीं कर सकता है। इस प्रकार बोर्ड ने एक प्रकार से कोच गौतम गंभीर के रोहित शर्मा और विराट कोहली से मतभेदों की खबरों को खारिज कर दिया है। सैकिया ने कहा कि पिछले कुछ समय से ऐसी खबरें आ रही है कि गंभीर इन दोनो को बाहर होने के लिए मजबूर कर रहे हैं जो सही नहीं है। इससे पहले कई लोगों का आरोप था कि टी20 विश्वकप 2024 जीतने के बाद रोहित और विराट ने इस प्रारुप से संन्यास ले लिया था। इसके बाद टेस्ट क्रिकेट को भी छोड़ दिया। अब दोनों केवल एकदिवसीय ही खेलते हैं और इसमें भी उनपर दबाव बनाया जा रहा है।

सैकिया ने कहा कि लोगों की अपनी धारणा हो सकती है पर गंभीर क्या कोई भी विराट और रोहित जैसे खिलाड़ियों पर दबाव नहीं बना सकता है। उन्होंने कहा, 'ऐसी धारणा हो सकती है पर विराट हमेशा टीम में हैं। गंभीर भी टीम में हैं। हम परिणाम देखते हैं और कुछ नहीं ।'

साथ ही कहा कि विराट पर टेस्ट से संन्यास लेने के लिए दबाव नहीं बनाया गया। उन्होंने कहा कि कोहली जैसे बड़े खिलाड़ी को कोई भी किसी फैसले के लिए मजबूर नहीं कर सकता। उनके जैसे खिलाड़ी को कोई भी बदलने या कोई फैसला लेने के लिए मजबूर नहीं कर सकता। वह भारतीय क्रिकेट के सितारे हैं। जब तक वह स्वयं चाहें, कोई भी उन्हें किसी फैसले के लिए मजबूर नहीं कर सकता। बोर्ड किसी भी खिलाड़ी के करियर में हस्तपेक्ष नहीं करता है।

विराट और रोहित के टेस्ट से संन्यास के बाद उनके एकदिवसीय करियर को लेकर भी अटकलें लगाई जा रही थीं। कई रिपोर्ट्स में दावा किया गया था कि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हुई सीरीज के बाद दोनों अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास से लेंगे पर ऐसा नहीं हुआ। दोनो ने ही काफी अच्छा खेल दिखाकर अपने आलोचकों को शांत करा दिया. साथ ही कहा कि लोग क्या कहते हैं उसपर हम न तो जवाब दे सकते हैं न ही कुछ कर सकते हैं। सैकिया ने कहा कि दोनों के बीच सब कुछ सामान्य है और कोई लड़ाई नहीं हो रही है। सैकिया ने कहा.'मैंने कभी उन्हें लड़ते हुए नहीं देखा। दोनों के बीच बहुत अच्छा रिश्ता है।'

# भारतीय टीम ग्रुप ए में पहले, वहीं पाक दूसरे नंबर

मुम्बई ।भारतीय क्रिकेट टीम टी20 विश्वकप के पहले ही मैच में अमेरिका के खिलाफ 29 रनों से मिली जीत के साथ ही अंक तालिका में नंबर एक पर पहुंच गयी हैं। वहीं पाकिस्तान टीम को अपने पहले ही मुकाबले में नीदरलैंड के खिलाफ मुश्किल से जीत मिली।फहीम अशरफ की पारी से टीम हालांकि अंतिम ओवर में तीन विकेट से जीती। इस जीत के साथ पाकिस्तान के ग्रुप ए में दो अंक हो गए हैं।टीम का नेट रन रेट प्लस 0.240 है।वहीं भारतीय टीम ने कप्तान सूर्यकुमार यादव की 84 रनों की शानदार पारी के बाद कसी हुई गेंदबाजों की सहायता से विश्वप के अपने पहले ही मैच में अमेरिका को 29 रन से हराया।इस जीत के साथ भारत ने पाकिस्तान को ग्रुप ए की अंक तालिका में पीछे छोड़ दिया है। अब दोनो ही टीमों के दो-दो अंक हैं पर बेहतर रन औसत प्लसे 1.450 के साथ ही भारतीय टीम पहले नंबर पर है।भारतीय टीम अब ग्रुप ए के अपने दूसरे मुकाबले में 12 फरवरी को नामीबिया से भिड़ेगी।

# अफगानिस्तान में अंतरराष्ट्रीय मैच खेलना विश्व कप जीतने से भी बड़ा सपना : राशिद खान

नई दिल्ली ।अफगानिस्तान के स्टार लेग स्पिनर राशिद खान भले ही दुनिया भर में क्रिकेट खेलकर कई उपलब्धियां हासिल कर चुके हों, लेकिन अपने देश में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेलने का उनका सपना आज भी अधूरा है। युद्ध और अस्थिरता से प्रभावित अफगानिस्तान में अब तक एक भी अंतरराष्ट्रीय मुकाबला आयोजित नहीं हो सका है।हालात इतने चुनौतीपूर्ण रहे कि टीम को अपने घरेलू मैच विदेशों में खेलने पड़ते हैं।भारत के ग्रेटर नोएडा, देहरादून और लखनऊ से लेकर यूएई के शारजाह और अबूधाबी तक, कई शहर लंबे समय तक अफगानिस्तान टीम के 'घरेलू मैदान' बने रहे।इसके बावजूद राशिद अपने इस सपने को छोड़ने को तैयार नहीं हैं। न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 विश्व कप 2026 मैच से पहले राशिद भावुक नजर आए।उन्होंने कहा, 'ईमानदारी से कहूं तो यह हमारे लिए विश्व कप से भी बड़ा सपना है।अगर हम अफगानिस्तान में कोई अंतरराष्ट्रीय मैच खेल पाते हैं, तो दुनिया देखेगी कि वहां लोग खिलाड़ियों का कितना सम्मान करते हैं और क्रिकेट का कितना आनंद लेते हैं। अपने देश में खेलना किसी सपने से बढ़कर है।' राशिद ने बताया कि दुनिया के हर कोने में, खासकर आईपीएल के दौरान, उन्हें अपार प्यार मिलता है, लेकिन घरेलू दर्शकों के सामने खेलने का अनुभव अद्वितीय होगा।उन्होंने कहा, 'भारत में आईपीएल या अंतरराष्ट्रीय मैच खेलते हुए हमें हमेशा लगा कि लोग अपने सितारों को कितना प्यार देते हैं। हमें भी ढेर सारा स्नेह मिला है, खासकर 2023 विश्व कप में।लेकिन अफगानिस्तान में खेलना एक अलग एहसास देगा। तब दुनिया हमारे देश की खूबसूरती भी देखेगी।' राशिद को उम्मीद है कि एक दिन ऐसा माहौल जरूर बनेगा, जब कोई अंतरराष्ट्रीय टीम अफगानिस्तान में सीरीज खेलने पहुंचेगी।

# टी20 विश्वकप : सिफर्ट के अर्धशतक से न्यूजीलैंड ने अफगानिस्तान को 5 विकेट से हराया

**ला नुसिया (एजेंसी)।** चेन्नई (ईएमएस)। टिम सिफर्ट के शानदार अर्धशतक से न्यूजीलैंड ने यहां टी20 विश्वकप क्रिकेट ग्रुप-डी पहले ही मैच में अफगानिस्तान को 5 विकेट से हरा दिया। इस मैच में टॉस जीत पहले बल्लेबाजी करते हुए अफगानिस्तान ने 6 विकेट पर 182 रन बनाये थे। इसके बाद जीत के लिए मिले लक्ष्य को कीवी टीम ने 17.5 ओवर में ही हासिल कर लिया। इस मैच में कीवी टीम को जीत के लिए खास संघर्ष करना पड़ा। 183 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी न्यूजीलैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही। दूसरे ही ओवर में मुजीब उर रहमान ने फिन ऐलन को 1 और रचिन रविंद्र को खाता खोले बिन ही लगातार गेंदों पर आउट कर टीम को दबाव में ल दिया। इसके सिफर्ट और फिलिप्स के बीच तीसर विकेट के लिए 74 रन की अहम साझेदारी से टीम संभली। इन दोनों ने दबाव में भी आक्रामक रुख अपनाया । फिलिप्स ने 25 गेंदों में 42 रन बनाए, जिसमें सात चौके और एक छक्का शामिल रहा। वहीं सिफर्ट ने 39 गेंदों में अर्धशतक लगाया। उन्होंने 42 गेंदों में 65 रन की पारी खेली, जिसमें सात चौके और तीन छक्के शामिल थे। वह मोहम्मद नबी का शिकार बने। अंत में डैरिल मिचेल ने 14 गेंदों में 25 रन और कप्तान मिचेल सैंटनर ने 8 गेंद में 17 रन बनाकर टीम को लक्ष्य तक पहुंचाया। पहले बल्लेबाजी करते हुए अफगान टीम की ओर से बल्लेबाज़ गुलबदिन नायब ने अर्धशतक लगाया। जिससे अफगानिस्तान की टीम एक अच्छा स्कोर बनाने में सफल रही। इस मेच में कीवी बल्लेबाजों को अपने अनुसार खेलने का अवसर नहीं मिला। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाज़ी करने उतरी अफगानिस्तान की टीम ने शुरुआत में ही दो विके खो दिये। सलामी बल्लेबाज़ रहमानुल्लाह गुरबाज़ ने 27 रन बनाये पर वह इसके बाद लॉकी फर्ग्युसन की धीमी गेंद पर पेवेलियन लौट गये। इसी ओवर में फर्ग्युसन ने इब्राहिम जादरान को अंतिम गेंद पर आउट कर दिया। जादरान ने 10 रन बनाये थे। इसके बाद गुलबदिन नायब ने 63 रन और सेदिकुल्लाह अटल ने 29 रन बनाकर पारी को आगे बढ़ाया। गुलबदिन ने 29 गेंदों में ही 50 रन बना दिये। अंतिम ओवरों में गुलबदिन ने 17 गेंदों में 33 रन बनाकर स्कोर को 150 के ऊपर पहुंचाया। बाद अजमतुल्लाह उमरजई ने 14 रन बनाकर फगानिस्तान को 180 रनों के उपर पहुंचाया ।न्यूजीलैंड की ओर से लॉकी फर्ग्युसन ने 40 रन देकर 2 विकेट लिए। न्यूजीलैंड के लिए लॉकी फर्ग्युसन ने दो विकेट जबकि मैट हेनरी, जेकब डफी और रचिन रविंद्र को एक-एक विकेट मिला।




# टी20 वर्ल्ड कप 2026 में पहली हैट्रिक रोमारियो शेपर्ड के नाम

नई दिल्ली (एजेंसी)। वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाज रोमारियो शेपर्ड ने टी20 वर्ल्ड कप 2026 में इतिहास रचते हुए टूर्नामेंट की पहली हैट्रिक अपने नाम कर ली।शनिवार को कोलकाता के ईडन गार्डन्स में खेले गए स्कॉटलैंड के खिलाफ मुकाबले में शेपर्ड ने 17वें ओवर में यह बड़ी उपलब्धि हासिल की।उनके इस शानदार स्पेल ने स्कॉटलैंड की बल्लेबाजी पूरी तरह बिखेर दी और वेस्टइंडीज को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया। रोमारियो शेपर्ड ने बतौर ऑलराउंडर मैच में महत्वपूर्ण योगदान देते हुए न सिर्फ हैट्रिक ली, बल्कि कुल 5 विकेट झटके।17वें ओवर में उन्होंने तीन लगातार गेंदों पर मैथ्यू क्रॉस, माइकल लीस्क और ओलिवर डेविडसन को पवेलियन भेजकर स्टेडियम में मौजूद दर्शकों को रोमांचित कर दिया।खास बात यह रही कि इसी ओवर की आखिरी गेंद पर भी उन्होंने एक और विकेट लेकर स्कॉटलैंड पर दबाव को कई गुना बढ़ा दिया।उनके इस स्पेल ने मुकाबले का रुख वेस्टइंडीज की ओर मोड़ दिया, क्योंकि स्कॉटलैंड की टीम लगातार विकेट गंवाकर बड़े स्कोर की ओर बढ़ ही नहीं पाई।शेपर्ड की गेंदबाजी की लाइन और लेंथ इतनी सटीक रही कि स्कॉटलैंड के बल्लेबाज संभलने का कोई मौका ही नहीं पा सके।उनकी हैट्रिक ओवर न केवल तकनीकी रूप से बेहतरीन रहा, बल्कि मानसिक रूप से भी स्कॉटिश खिलाड़ियों पर भारी पड़ा।टी20 वर्ल्ड कप 2026 में यह पहली हैट्रिक है और इस उपलब्धि के साथ शेपर्ड टूर्नामेंट के सबसे प्रभावशाली गेंदबाजों में शामिल हो गए हैं। अंतरराष्ट्रीय मंच पर उनकी इस शानदार परफॉर्मेंस ने वेस्टइंडीज की गेंदबाजी इकाई का आत्मविश्वास भी बढ़ा दिया है।मैच के बाद क्रिकेट विशेषज्ञों ने भी शेपर्ड की तारीफ करते हुए कहा कि उनकी गेंदबाजी ने वेस्टइंडीज को जीत की सबसे मजबूत राह पर ला खड़ा किया है।



# लवलीना और अरुंधति की अगुवाई में भारत ने 9 गोल्ड जीते

**ला नुसिया (एजेंसी)।** भारत ने आखिरी दिन शानदार प्रदर्शन करते हुए बॉक्सम एलीट इंटरनेशनल 2026 को बहुत सफल तरीके से खत्म किया, जिसमें ओलंपिक मेडलिस्ट लवलीना बोरगोहेन और पूर्व यूथ वर्ल्ड चैंपियन अरुंधति चौधरी ने ला नुसिया, एलिकांटे में शानदार फिनिश करते हुए नौ गोल्ड मेडल जीते। एक खास उपलब्धि यह रही कि शनिवार को भारत ने सात एलीट विमेंस फाइनल में हिस्सा लिया - जिसमें 54किग्रा डिवीजन में एक ऑल-इंडियन टाइटल क्लैश भी शामिल था - और हर एक में गोल्ड मेडल जीता।

ला नुसिया, एलिकांटे में हुए बॉक्सम एलीट 2026 में 20 देशों के 200 से ज़्यादा बॉक्सर्स ने हिस्सा लिया, जिससे सीजन की शुरुआत में ही एक हाई-क्वालिटी इंटरनेशनल टेस्ट मिला। भारत नौ गोल्ड, तीन सिल्वर और सात ब्रॉन्ज मेडल के साथ कॉम्पिटिशन का सबसे सफल देश रहा। बीएफआई के अध्यक्ष अजय सिंह ने कहा, 'बॉक्सम एलीट ने ठीक वैसा ही मौका दिया जैसा हम सीजन के इस स्टेज पर ढूंढ रहे थे, जिसमें मजबूत इंटरनेशनल मुकाबले, अलग-अलग वेट कैटेगरी में गहराई और हाई-प्रेशर वाले मुकाबले शामिल थे। स्पेन में परफॉर्मेंस, खासकर फाइनल में कन्वर्ज़न रेट, हमारे प्रोग्राम की प्रोग्रेस को दिखाता है। आने वाला साल मुश्किल होने के साथ, यह टूर्नामेंट हमारे बॉक्सर्स को आने वाली चुनौतियों के लिए तैयार करने में एक अहम कदम रहा है। पूरे दल को शानदार कैंपेन के लिए बधाई।'

भारत की महिलाओं ने आखिरी दिन बेंचमार्क सेट किया। मंजू रानी (48किग्रा) और नीतू (51) ने स्पेन की माटर लोपेज़ और नोएलिया गुटिरेज़ पर एकमत से ज़बरदस्त जीत के साथ शुरुआत की, इससे पहले पूनम (54) ने कड़े मुकाबले वाले ऑल-इंडियन फाइनल में हमवतन प्रीति को हराया। प्रिया (60) और अरुंधति (70) ने यूक्रेनी विरोधियों पर 5ः0 से शानदार जीत हासिल की, जबकि लवलीना (75) ने अपना खास कंट्रोल और संयम दिखाते हुए इंग्लैंड की मैरी-केट स्मिथ को 4:1 से हराया। नैना (80) ने यूक्रेन की रईसा पिस्कुन पर आसान जीत के साथ स्वीप पूरा किया।

महिलाओं के प्रदर्शन पर बात करते हुए, भारतीय महिला टीम के हेड कोच सैंटियागो नीवा ने कहा, 'यह महिलाओं का शानदार प्रदर्शन था, सिर्फ़ मेडल के मामले में ही नहीं, बल्कि जिस तरह से उन्होंने अनुशासन, स्पष्टता और आत्मविश्वास के साथ बॉक्सिंग की। सात फाइनल में पहुँचना और सभी सातों जीतना पूरे सिस्टम में किए जा रहे काम के बारे में बहुत कुछ बताता है। इसका क्रेडिट पूरी भारतीय टीम को भी जाता है, पुरुषों और महिलाओं ने पूरे टूर्नामेंट में एक-दूसरे को आगे बढ़ाया, और यह सामूहिक माहौल लगातार सफलता की कुंजी है।'

पुरुषों के फाइनल में सचिन (60) ने दिन के सबसे रोमांचक मुकाबलों में से एक में कनाडा के केओमा-अली अल अहमदीह को 3ः2 से हराया, जबकि आकाश (75) ने कज़ाकिस्तान के अमन कोंसबेकोव पर 3ः2 से रोमांचक जीत के बाद एक और गोल्ड मेडल जीता। दीपक (70) और अंकुश (80) को क्रमशः कज़ाकिस्तान और यूक्रेन से कड़ी टक्कर मिलने के बाद सिल्वर मेडल से संतोष करना पड़ा।



# सूर्यकुमार ने अमेरिक के खिलाफ मैच में सफलता का श्रेय गंभीर को दिया

मुम्बई ।भारतीय क्रिकेट टीम को अंडर-19 विश्वकप के पहले ही मुकाबले में कप्तानी पारी खेलकर जीत दिलाने वाले सूर्यकुमार यादव ने इसका श्रेय कोच गौतम गंभीर की एक सलाह को दिया है। सूर्या ने कहा कि एक समय जब आधी टीम 77 रनों पर पेवेलियन लौट गयी थी तब उनपर काफी अधिक दबाव था पर बेक्र के दौरान कोच कोच ने उनसे अंत तक टिके रहने को कहा था। कोच का मानना था कि अगर वह अंत तक खेलेंगे तो रन बन जाएंगे।सूर्यकुमार ने इस मैच में 49 गेंदों में 10 चौके और 4 छक्के लगाकर नाबाद 84 रन बनाए। इससे भारतीय टीम ने 20 ओवर में 9 विकेट पर 161 रन बनाकर 29 रन से जीत हासिल की।सूर्यकुमार ने बताया कि गंभीर ने उनसे कहा था कि वह अंत तक तक बल्लेबाजी करें क्योंकि वह जमने के बाद बड़े शॉट लगा सकते हैं।सूर्यकुमार ने कहा, मुझे बल्लेबाज के समय अंदाजा हो गय था कि इस विकेट पर 140 रन ही काफी हैं।मुझे इस प्रकार के विकेटों पर खेलने आ अनुभव है।इसलिए मेरा मानना था कि मैं यहां बड़ी पारी खेल सकता हूं।सूर्यकुमार छठे ओवर में बल्लेबाजी करने आए थे और शुरुआत में उन्होंने धीमी बल्लेबाजी करते हुए केवल 7 रन बनाये।बाद में उन्होंने तेजी से खेलते हुए कमी पूरी कर दी।सूर्यकुमार ने 36 गेंदों में ही अर्धशतक लगा दिया।अंतिम ओवर में उन्हों चौके, छक्के लगाकर टीम को एक अच्छे स्कोर तक पहुंचा दिया।



## सफारी में मोबाइल ले जाने पर एफआईआर होगी

सवाई माधोपुर (एजेंसी)। राजस्थान के सबसे बड़े रणथंभौर टाइगर रिजर्व समेत कुल चार टाइगर रिजर्व में रील बनाने, वीडियो शूट करने और सेल्फी लेने जैसी गतिविधियों पर रोक लगा दी गई है। यह कदम सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन के तहत उठाया गया है, जिससे वन्यजीवों के प्राकृतिक व्यवहार में कोई बाधा न आए। सफारी के टूरिस्ट और गाइड मोबाइल नहीं ले जा सकेंगे। वन विभाग ने सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों का हवाला देते हुए एक आदेश जारी किया है। इसके तहत टाइगर रिजर्व में पोस्टर और फ्लैक्स भी लगा दिए गए हैं। साथ ही गाइड को भी निर्देश दिए है कि वे मोबाइल फोन के रोक संबंधी आदेश के बारे में टूरिस्ट्?स को भी अवगत करा दें। राजस्थान में फिलहाल चार टाइगर रिजर्व है। इनमें रणथंभौर टाइगर रिजर्व, सरिस्का टाइगर रिजर्व (अलवर), मुकुंदरा हिल्स टाइगर रिजर्व (कोटा) और रामगढ़ विषधारी टाइगर रिजर्व (बूंदी) शामिल हैं। धौलपुर-करौली और कुंभलगढ़ को भी टाइगर रिजर्व बनाने की प्रक्रिया चल रही है, लेकिन ये अभी पूरी नहीं हो पाई है।

## ट्रेनिंग विमान दुर्घटनाग्रस्त, कैप्टन व ट्रेनी घायल

विजयपुरा (एजेंसी)। कर्नाटक के विजयपुरा जिले के बाबलेश्वर तालुक के मंगलूर गांव में रविवार को रेड बर्ड एविएशन का निजी ट्रेनिंग विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। विमान में कैप्टन और एक ट्रेनी पायलट सवार थे, दोनों को गंभीर चोटें आई हैं। स्थानीय लोगों ने हादसे की सूचना पुलिस को दी। यह विमान कलबुर्गी से बेलगावी जा रहा था। उड़ान के दौरान इंजन में अचानक खराबी आ गई, जिससे पायलट कंट्रोल खो बैठे और खेत में क्रैश लैंडिंग हो गई। विमान सीसना 172 मॉडल का दो सीटर ट्रेनिंग प्लेन था। पुलिस अधिकारी ने बताया कि यह विमान रेड बर्ड एविएशन कंपनी का था और ट्रेनिंग के लिए इस्तेमाल किया जा रहा था। शुरुआती जांच में हादसे की वजह इंजन की तकनीकी खराबी सामने आई है, लेकिन दुर्घटना के सही कारणों का पता विस्तृत जांच के बाद ही चलेगा। प्रशासन और पुलिस ने साफ़ किया है कि मामले की गंभीरता को देखते हुए सभी जरूरी तकनीकी और कानूनी जांच की जा रही है तथा जांच पूरी होने के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## हरियाणा में नायब सरकार ने अपराधियों के आगे सरेंडर कर चुकी : आप

नई दिल्ली (एजेंसी)। हरियाणा में अपराध की बढ़ती घटनाओं को लेकर राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप तेज हो गया है। आम आदमी पार्टी (आप) के वरिष्ठ नेता और पार्टी के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी अनुराग ढांडा ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की बीजेपी सरकार की आलोचना कर राज्य की कानून-व्यवस्था पर गंभीर सवाल उठाकर दावा किया हैं कि हरियाणा में अपराधी खुलेआम व्यापारियों से फिरौती मांग रहे हैं। उन्होंने यमुनानगर की घटना का जिक्र कर आरोप लगाया कि सैनी सरकार ने पूरे प्रदेश को अपराधियों का खेल का मैदान बना दिया है। दरअसल, यमुनानगर में दो बदमाशों ने रेलवे रोड के पास स्थित मल्टी स्पेशलिटी वरयाम अस्पताल फायरिंग की। बदमाशों ने अस्पताल के रिसेप्शन इलाके में 13 से 14 राउंड फायरिंग की। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल हो रहा है। आप नेता ढांडा ने पोस्ट में लिखा, नायब सरकार ने पूरे हरियाणा को अपराधियों का खेल का मैदान बना दिया है। यमुनानगर में अपराधी खुलेआम बेखौफ होकर गोलियां बरसा रहे हैं, जगह-जगह व्यापारियों से फिरौती मांगी जा रही है। हर दिन होती ऐसी वारदातें साफ हैं कि बीजेपी की नायब सरकार ने अपराधियों के आगे सरेंडर कर चुकी है। पोस्ट के साथ उन्होंने वीडियो साझा किया है, जिसमें 3 नकाबपोश व्यक्ति एक इमारत के अंदर प्रवेश करते दिखाई दे रहे हैं, जो संभवतः कोई कार्यालय प्रतीत हो रहा है। इसके बाद ये लोग फायरिंग करते हुए वहां से निकल जाते हैं।

## मुंबई से 100 नॉटिकल मील दूर बड़ी हलचल, कोस्ट गार्ड ने तीन संदिग्ध जहाजों को पकड़ा

मुंबई (एजेंसी)। इंडियन कोस्ट गार्ड ने मुंबई के तट से लगभग 100 मील दूर एक बड़ा ऑपरेशन किया। इस ऑपरेशन से काफी हलचल मच गई। दरअसल मुंबई तट के बहुत करीब तीन बड़े जहाजों पर कार्रवाई की गई। इस कार्रवाई में एक बड़े रैकेट का भंडाफोड़ हुआ। दरअसल कोस्ट गार्ड ने मुंबई से 100 नॉटिकल मील पश्चिम में तीन संदिग्ध जहाजों को देखा। इन जहाजों पर नज़र रखी जा रही थी। इस दौरान, इंडियन कोस्ट गार्ड ने जहाजों का निरीक्षण किया और दस्तावेजों की जांच की, जिससे एक बड़ा खुलासा हुआ। जब कोस्ट गार्ड ने जहाजों का निरीक्षण किया, तो पता चला कि इन जहाजों के मालिक दूसरे देशों में बसे हुए हैं। बताया गया है कि कोस्ट गार्ड 5 फरवरी से इन जहाजों पर कड़ी नज़र रख रहा था। इसके अलावा, जहाजों पर संदिग्ध गतिविधियां हो रही थीं। फिर कोस्ट गार्ड ने जहाजों का निरीक्षण किया। पूछताछ के दौरान, यह साफ हो गया कि ये जहाज तेल की तस्करी में शामिल थे। पता चला कि ये तीनों जहाज समुद्र में अवैध रूप से तेल और अन्य पेट्रोलियम उत्पादों को दूसरे जहाजों में ट्रांसफर कर रहे थे। आखिरकार, शनिवार दिनांक 7 फरवरी को कार्रवाई की गई। पूछताछ के बाद, तीनों जहाजों को मुंबई बंदरगाह लाया गया है और आगे की कार्रवाई की जा रही है। इसके अलावा, तीनों जहाजों के चालक दल के सदस्य भी भारत की हिरासत में हैं। मामले की हर एंगल से जांच की जा रही है। यह पता लगाने के लिए जांच चल रही है कि ये जहाज कहां से आए थे और मुंबई तट से कहां जा रहे थे।

## सबूतों के अभाव में अदालत ने मुजफ्फरनगर दंगा केस में 22 आरोपियों को बरी किया

मुजफ्फरनगर (एजेंसी)। उत्तरप्रदेश के मुजफ्फरनगर जिले की अदालत ने 2013 के मुजफ्फरनगर दंगों से जुड़े हत्या, लूट और आगजनी के एक मामले में साक्ष्यों के अभाव में 22 आरोपियों को बरी किया। शासकीय अधिवक्ता ने इसकी जानकारी दी। शासकीय अधिवक्ता ने बताया कि अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कनिष्क कुमार ने कहकर आरोपियों को बरी किया कि अभियोजन पक्ष आरोपों को संदेह से परे साबित करने में नाकाम रहा। उन्होंने बताया कि विशेष जांच दल (एसआईटी) ने आठ सितंबर 2013 को मोहम्मदपुर रायसिंह गांव में हुई घटनाओं के संबंध में 26 लोगों के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया था। मुकदमे की सुनवाई के दौरान चार आरोपियों की मृत्यु हुई। जिसके बाद शेष 22 आरोपियों के खिलाफ अभियोजन कार्रवाई जारी थी। अभियोजन पक्ष के अनुसार, हनीफ ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया था कि सैकड़ों दंगाइयों ने गांव में घरों पर हमला किया, संपत्ति लूटी और बाद में घरों में आग लगा दी।

# भारत-अमेरिका ट्रेड डील ऐतिहासिक, किसानों के हितों पर कोई आंच नहीं आने दी जाएगी

### केंद्रीय कृषि मंत्री ने कहा-अमेरिका ने कई कृषि उत्पादों पर टैरिफ घटाकर शून्य किया



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत और अमेरिका के बीच हुई अंतरिम ट्रेड डील को लेकर केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल में प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि यह डील ऐतिहासिक है और पूरी दुनिया को यह संदेश देती है कि भारत की नीति समझौते की है, झुकने की नहीं। उन्होंने दो टूक कहा कि किसानों के हितों पर कोई आंच नहीं आने दी जाएगी और इस समझौते में ऐसा कोई भी उत्पाद शामिल नहीं है, जिससे भारतीय किसानों को नुकसान पहुंचे।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक चौहान ने साफ किया कि भारत में किसी भी प्रकार के आनुवंशिक रूप से संशोधित यानी जीएम कृषि उत्पादों को प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी। उन्होंने इसे भारतीय कृषि के लिए बेहद अहम फैसला बताया और कहा कि इससे हमारी मिट्टी, हमारे बीज और कृषि की शुद्धता सुरक्षित रहेगी। उन्होंने कहा कि इस ट्रेड डील में सभी संवेदनशील कृषि उत्पादों को पूरी तरह बाहर रखा गया है। सोयाबीन, मक्का, चावल, गेहूं, चीनी, मोटे अनाज, पोल्ट्री, डेयरी, केले, स्ट्रॉबेरी, चेरी, खट्टे फल, हरी मटर, काबुली चना, मूंग, तिलहन, इथेनॉल और तंबाकू जैसे उत्पादों पर किसी भी तरह की टैरिफ छूट नहीं दी गई है। उन्होंने कहा कि सबसे ज्यादा चिंता हमारे प्रमुख अनाजों को लेकर थी और ये सभी सुरक्षित रखे गए हैं।

केंद्रीय मंत्री ने साफ किया कि अमेरिका के लिए भारत ने अपने प्रमुख अनाज, फल और डेयरी उत्पादों का कोई द्वार नहीं खोला है। छिलका रहित अनाज, आटा, गेहूं, मक्का, चावल, बाजरा, आलू, प्याज, मटर, बीन्स, खीरा, मशरूम, दलहन, फ्रोजन सब्जियां, संतरे, अंगूर, नींबू और स्ट्रॉबेरी जैसे अमेरिकी कृषि उत्पाद भारत में नहीं आएंगे। इसके अलावा मिक्स डिब्बाबंद सब्जियों को भी भारत में अनुमति नहीं दी जाएगी। केंद्रीय कृषि मंत्री ने कहा कि दुग्ध उत्पादों में भी भारत ने अपनी सीमाएं स्पष्ट कर दी हैं। अमेरिका से लिक्विड दूध, मिल्क पाउडर, क्रीम, योगर्ट, बटरमिल्क, मक्खन, घी, बटर ऑयल, पनीर और चीज को भारत में प्रवेश नहीं मिलेगा। इससे भारतीय डेयरी सेक्टर और किसान परिवारों की आजीविका पूरी तरह सुरक्षित रहेगी।

चौहान ने कहा कि इस समझौते के तहत भारतीय किसानों के कृषि उत्पादों को अमेरिका में शून्य शुल्क पर निर्यात किया जाएगा, जबकि अमेरिकी कृषि उत्पादों को भारतीय बाजार में ऐसी कोई रियायत नहीं दी गई है। उन्होंने बताया कि अमेरिका ने कई कृषि उत्पादों पर टैरिफ 50 फीसदी से घटाकर शून्य कर दिया है। उन्होंने कहा कि मसालों के निर्यात में भारत ने बड़ी छलांग लगाई है। भारत के मसाला निर्यात में 88 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है और भारतीय मसाले व मसाला उत्पाद दुनिया के 200 देशों तक पहुंच रहे हैं। 2024-25 में भारत का कुल निर्यात 4.45 बिलियन डॉलर तक पहुंच चुका है।

केंद्रीय मंत्री चौहान ने पीएम मोदी का जिक्र करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री ने साफ कहा था कि देश को झुकने नहीं देंगे और किसानों के हितों से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस ट्रेड डील में दोनों बातों का पूरा ध्यान रखा गया है। उन्होंने बताया कि पीएम मोदी के नेतृत्व में अब तक 9 फ्री ट्रेड एग्रीमेंट हो चुके हैं। अमेरिका के अलावा यूएई के 27 देश, ओमान, न्यूजीलैंड और यूके के साथ भारत एफटीए कर चुका है, जबकि अन्य देशों से बातचीत चल रही है। चौहान ने कहा कि इन सभी समझौतों का फायदा भारतीय अर्थव्यवस्था, किसानों, मजदूरों, गरीबों, निर्यातकों और निर्माताओं को मिलेगा और 2047 तक विकसित और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में ये मील का पत्थर साबित होंगे।

कृषि मंत्री ने कहा कि टेक्सटाइल सेक्टर में भारत का टैरिफ अब प्रतिस्पर्धी देशों के मुकाबले काफी कम होकर 18 फीसदी रह गया है। इससे कपास किसानों, टेक्सटाइल निर्माताओं, जेम्स एंड ज्वेलरी सेक्टर, ऑटो कंपोनेंट्स, इंजीनियरिंग गुड्स को नई गति मिलेगी, साथ ही महिला स्वयं सहायता समूहों की आजीविका भी इस समझौते से मजबूत होगी।

## रील का जुनून : बांदा में फंदा लगाकर वीडियो शूट करते समय महिला की मौत

बांदा (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश के बांदा जिले में सोशल मीडिया पर रील बनाने के चक्कर में एक दिल दहला देने वाला हादसा सामने आया है। वायरल होने की चाहत में अपनी जान जोखिम में डालना एक महिला के लिए जानलेवा साबित हुआ। मामला बबेरू कोतवाली कस्बे के करूड्या पुरवा का है, जहां 27 वर्षीय मोहिनी नाम की महिला रील के लिए फांसी का सीन रिकॉर्ड कर रही थी, लेकिन तभी अचानक फंदा कस गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, मोहिनी को सोशल मीडिया पर रील बनाने का काफी शौक था और वह अक्सर नए-नए तरीकों से वीडियो शूट करती रहती थी। जिस समय यह घटना हुई, महिला का पति जगदीश काम के सिलसिले में घर से बाहर गया हुआ था। अकेलेपन का फायदा उठाकर मोहिनी ने रील बनाने की योजना बनाई। उसने छत के हुक पर रस्सी डालकर फांसी का एक फंदा तैयार किया और सामने मोबाइल कैमरा सेट कर वीडियो रिकॉर्डिंग शुरू कर दी। अभिनय के दौरान अचानक उसका संतुलन बिगड़ गया और गले में पड़ा फंदा वास्तव में कस गया। मोहिनी ने खुद को बचाने की काफी जद्दोजहद की, लेकिन फंदा कसता चला गया और दम घुटने से उसकी जान चली गई। हादसे का पता तब चला जब महिला की 4 वर्षीय बेटी कमरे में पहुंची। अपनी मां को फंदे पर लटका देख वह बुरी तरह डर गई और जोर-जोर से चीखने-चिल्लाने लगी। बच्ची की आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण और पड़ोसी मौके पर पहुंचे, तो वहां का नजारा देखकर उनके होश उड़ गए। तुरंत घटना की सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को फंदे से नीचे उतारा और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस के आला अधिकारियों का कहना है कि शुरुआती जांच में मामला रील बनाने के दौरान हुए हादसे का लग रहा है, क्योंकि मौके पर मोबाइल कैमरा रिकॉर्डिंग मोड में मिला था। हालांकि, पुलिस हत्या और आत्महत्या समेत अन्य सभी पहलुओं पर भी गहनता से जांच कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के सही कारणों का खुलासा हो सकेगा।

## कांग्रेस ने नवजोत कौर को किया निष्कासित, सिद्धू ने राहुल गांधी को कहा पप्पू

**-नवजोत कौर का यह बयान उनके रिश्तों की कड़वाहट को चरम पर ले गया**

**चंडीगढ़ (एजेंसी)।** पंजाब की राजनीति में पिछले दो महीनों से जारी अनिश्चितता और बयानबाजी के दौर का अंत आखिरकार एक बड़े धमाके के साथ हुआ है। पूर्व विधायक डॉ. नवजोत कौर सिद्धू को कांग्रेस से निष्कासित कर दिया है। इस निष्कासन से पहले ही 31 जनवरी को नवजोत कौर ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया था, लेकिन कांग्रेस आलाकमान के इस कड़े कदम ने यह साफ कर दिया है कि पार्टी अब सिद्धू परिवार की बयानबाजी को बर्दाश्त नहीं करेगी। पार्टी से बाहर का रास्ता दिखाए जाने के बाद नवजोत कौर के तेवर और भी तीखे हो गए। उन्होंने न केवल इस फैसले पर तीखी प्रतिक्रिया दी, बल्कि लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के खिलाफ बेहद अपमानजनक शब्दों का इस्तेमाल किया।

उन्होंने राहुल गांधी को पप्पू कहकर संबोधित किया जो आमतौर पर विपक्षी खेमे द्वारा उनके उपहास के लिए इस्तेमाल किया जाता है। नवजोत कौर का यह बयान कांग्रेस के साथ उनके रिश्तों की कड़वाहट को चरम पर ले गया है। विवाद की जड़ें पिछले साल दिसंबर में जमीं, जब नवजोत कौर ने कांग्रेस नेतृत्व पर गंभीर आरोप लगाए थे। उन्होंने आरोप लगाया था कि कांग्रेस में मुख्यमंत्री का चेहरा वही बनता है जो 500 करोड़ रुपए का सूटकेस देता है। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा था कि उनके पति नवजोत सिंह सिद्धू सक्रिय राजनीति में तभी लौटेंगे जब उन्हें सीएम पद का चेहरा बनाया जाएगा। उस समय उन्होंने कहा था कि कांग्रेस में इतनी गुटबाजी है कि वे नवजोत सिद्धू को आगे नहीं बढ़ने देंगे। वहां पहले से ही पांच दावेदार सीएम बनने का सपना देख रहे हैं और वे खुद कांग्रेस को हराने पर तुले हुए हैं।

# एसआईआर के नाम पर मुस्लिम मतदाताओं का वोट काटा जा रहा: अखिलेश यादव



**लखनऊ (एजेंसी)।** समाजवादी पार्टी अध्यक्ष और पूर्व सीएम अखिलेश यादव ने एसआईआर को लेकर एक प्रेसवार्ता की। इस दौरान उन्होंने बीजेपी, चुनाव आयोग और केंद्र सरकार पर जमकर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि एसआईआर के माध्यम से बिहार का चुनाव जीता गया है। अब पश्चिम बंगाल में लगातार यही कोशिश हो रही है। इसकारण बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को बीजेपी की काली करतूत को उजागर करने के लिए काला कोट पहनकर सुप्रीम कोर्ट जाना पड़ा।

प्रेसवार्ता में सपा अध्यक्ष अखिलेश अपने साथ सुल्तानपुर निवासी नंदलाल को भी लेकर आए थे। उन्होंने चुनाव आयोग और बीजेपी पर आरोप लगाकर कहा कि नंदलाल से बीजेपी ने एसआईआर का फॉर्म 7 भरा लिया। बीजेपी पर हमला बोलकर अखिलेश यादव ने कहा कि द्वापर और त्रेता के नाम वाले लोगों, दशरथ और नंदलाल से हमें बहुत मदद मिल गई। बता दें कि नंदलाल अंगूठा लगाते हैं। इसके बाद बीजेपी ने इनके फर्जी दस्तखत कर फॉर्म भरवा दिया। अखिलेश यादव ने कहा कि सपा की तरफ से नंदलाल को 1 लाख रुपये का इनाम दिया गया है। हमारी मांग है कि चुनाव आयोग फॉर्म 7, जिससे नाम पर आपत्ति दर्ज होती है भरवाना तुरंत बंद करे।

अखिलेश ने कहा कि आयोग को सिर्फ फॉर्म-6 नाम जोड़ने वाले फॉर्म ही भरवाने चाहिए। नंदलाल के नाम पर 26 फॉर्म-7 भरे गए थे। एसआईआर के जरिए चुनाव आयोग द्वारा जानबूझकर मुस्लिम मतदाताओं का वोट काटा जा रहा है। इसलिए मैं कह रहा हूं कि यह एसआईआर, नहीं एनआरसी है।

इसके पहले समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बीजेपी पर बड़ा आरोप लगाया था। उन्होंने कहा था कि बीजेपी एक समुदाय के कुछ लोगों का इस्तेमाल उसी समुदाय के खिलाफ करती है। वहीं जब विवाद बढ़ जाता है, तब वह दिखावे के लिए नकली कार्रवाई का नाटक करती है। आपको बता दें कि अखिलेश के ये बयान जाहिर तौर पर घूसखोर पंडित नाम की एक फिल्म को लेकर हुए विवाद के बारे में थे। जो एक ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज होने वाली है।

# मौसम में बड़े बदलाव के संकेत, उत्तर भारत में बारिश-बर्फबारी और कोहरे का अलर्ट



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत के विभिन्न हिस्सों में अगले कुछ दिनों के दौरान मौसम का मिजाज एक बार फिर करवट लेने वाला है। भारत मौसम विज्ञान विभाग की ताजा रिपोर्ट के अनुसार, पश्चिमी विक्षोभ, चक्रवाती परिसंचरण और सब-ट्रॉपिकल पश्चिमी जेट स्ट्रीम के सक्रिय होने से देश के कई राज्यों में मौसम की गतिविधियों में बदलाव देखा जाएगा। इसके प्रभाव से कहीं तेज हवाएं चलेंगी, तो कहीं बारिश और बर्फबारी का दौर शुरू होगा।

मौसम विभाग ने जानकारी दी है कि उत्तर-पश्चिम भारत में अगले दो से तीन दिनों तक 20 से 30 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से सतही हवाएं चलने की संभावना है। इसके साथ ही पहाड़ी इलाकों में सुबह और रात के समय घना कोहरा छाए रहने की चेतावनी जारी की गई है, जिससे दृश्यता कम हो सकती है और सड़क व हवाई यातायात पर असर पड़ सकता है। पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र में 9 से 11 फरवरी के बीच मौसम बिगड़ने के आसार हैं। एक नया पश्चिमी विक्षोभ 8 फरवरी की रात से सक्रिय हो रहा है, जिसके प्रभाव से जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में बारिश और बर्फबारी की संभावना है। 10 फरवरी को इन राज्यों के कई इलाकों में हल्की से मध्यम बारिश या बर्फबारी हो सकती है। इस दौरान मौसम विभाग ने गरज-चमक, बिजली गिरने और 30-40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की भी आशंका जताई है। पर्यटकों और स्थानीय निवासियों को ऊंचे इलाकों में जाने से बचने की सलाह दी गई है। उत्तर भारत के कुछ राज्यों में घने कोहरे और कोल्ड डे (ठंडा दिन) जैसी स्थिति बनी रह सकती है। विशेष रूप से उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश के मैदानी व घाटी वाले इलाकों में सुबह और रात के समय विजिबिलिटी काफी कम रह सकती है। कोहरे के कारण लंबी दूरी की ट्रेनों और उड़ानों के समय में भी देरी होने की संभावना है।

**दिल्ली-एनसीआर में कैसा रहेगा हाल?**

राजधानी दिल्ली और आसपास के इलाकों में फिलहाल मौसम शुष्क रहने की उम्मीद है। रविवार को आसमान मुख्य रूप से साफ रहेगा, हालांकि सुबह के समय हल्की धुंध महसूस की जा सकती है। दिल्ली में न्यूनतम तापमान 9 से 11 डिग्री सेल्सियस और अधिकतम तापमान 22 से 24 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने का अनुमान है। आने वाले पूरे हफ्ते में दिल्ली-एनसीआर में किसी बड़े मौसमी उलटफेर की संभावना नहीं है, लेकिन सुबह और शाम की ठंड बरकरार रहेगी। न्यूनतम तापमान को लेकर आईएमडी का कहना है कि उत्तर-पश्चिम भारत में अगले दो दिनों तक पारे में कोई खास गिरावट या बढ़ोतरी नहीं होगी। हालांकि, इसके बाद तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस की क्रमिक वृद्धि देखी जा सकती है। मध्य भारत में भी दो दिनों के बाद न्यूनतम तापमान बढ़ने के आसार हैं, जबकि पूर्वी भारत में अगले चार दिनों तक तापमान स्थिर रहने के बाद धीरे-धीरे बढ़ेगा। कुल मिलाकर, फरवरी का दूसरा सप्ताह देश के उत्तर और उत्तर-पश्चिमी हिस्सों के लिए मिश्रित मौसमी प्रभाव वाला रहने वाला है।

# सांसद पप्पू यादव और उनके समर्थकों के खिलाफ एक और एफआईआर दर्ज

### -गिरफ्तारी के समय सांसद के समर्थकों और पुलिस के बीच हुई थी तीखी नोकझोंक



**पटना (एजेंसी)।** बिहार के पूर्णिया सांसद पप्पू यादव और उनके समर्थकों के खिलाफ बुद्धा कॉलोनी थाना में एक और एफआईआर दर्ज की गई। यह मामला सरकारी कार्य में बाधा डालने और पुलिस कार्रवाई में रुकावट को लेकर दर्ज किया गया है। बताया जा रहा है कि शुक्रवार देर रात पुलिस सांसद पप्पू यादव को गिरफ्तार करने उनके घर पहुंची थी, लेकिन उस दौरान उन्होंने गिरफ्तारी देने से इनकार कर दिया। इस दौरान सांसद के समर्थकों और पुलिस के बीच तीखी नोकझोंक भी हुई थी। हालात बिगड़ते देख सिटी एसपी भानु प्रताप सिंह मौके पर पहुंचे और स्थिति को संभालते हुए बाद में पप्पू यादव को गिरफ्तार किया गया, जिसके बाद उनकी तबीयत बिगड़ गई। उन्हें अस्पताल ले जाया गया था। जहां से पीएमसीएच शिफ्ट किया गया था। जमानत याचिका पर सोमवार को सुनवाई होना है।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक पप्पू यादव की पटना में आधी रात को हुई गिरफ्तारी के विरोध में शनिवार को पूर्णिया में जन अधिकार पार्टी के कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया। इस मौके पर जाप कार्यकर्ताओं ने शहर में मशाल जुलूस निकाला और पप्पू यादव को अविलम्ब रिहा करने की मांग की। जन अधिकार पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष बबलू भगत ने कहा कि सरकार विपक्ष की आवाज को दबाना चाहती है। सांसद पप्पू यादव लगातार सदन में आम जनता की आवाज उठाते हैं। पीड़ितों को न्याय दिलाते हैं, लेकिन सरकार को यह हजम नहीं होता। सांसद पप्पू यादव पूर्णिया के 25 लाख लोगों का प्रतिनिधित्व करते हैं। यहां की जनता इससे बर्दाश्त नहीं करेगी।

केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने पूर्णिया सांसद पप्पू यादव के मामले में कहा कि हर चीज को इतना बड़ा चढ़ा कर पेश करना कि हर चीज में साजिश हो रही है जान से मारने यह नॉर्मल एक प्रक्रिया का हिस्सा है। क्या कोई किसी सांसद को ऐसे ही नहीं गिरफ्तार कर सकता है। यकीनन कहीं ना कहीं कुछ तथ्य सामने आए होंगे। कुछ ऐसे प्रमाण मिले होंगे जिसके आधार पर यह कार्रवाई की गई है। पप्पू यादव के मामले में राहुल गांधी के समर्थन करने पर एनडीए की सरकार में एक बात स्पष्ट है अगर कोई दोषी है तो वह बक्शा नहीं जाएगा। अगर कोई बेगुनाह है तो उसके ऊपर कोई आंच नहीं आएगी।

बता दें पप्पू यादव को 31 साल पुराने केस में बेल टूटने पर गिरफ्तार किया गया। दरअसल, पटना के शास्त्री नगर थाने में साल 1995 केस दर्ज किया गया था। यह केस विनोद बिहारी लाल ने दर्ज कराया था। बार-बार बुलाने के बाद भी पप्पू यादव और दो अन्य अभियुक्त कोर्ट नहीं आ रहे थे। आरोप था कि पप्पू यादव 1994 में जब पहली बार सांसद बने थे। तब इन्होंने पटना में ऑफिस बनाने के लिए एक मकान किराए के लिए लिया था। रहने के नाम पर और उसमें ऑफ़िस बनाया।

# वायुसेना की शक्ति में ऐतिहासिक इजाफा: 3.25 लाख करोड़ के राफेल सौदे पर मुहर !

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय वायुसेना अपनी मारक क्षमता को विश्वस्तरीय बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाने जा रही है। अत्याधुनिक राफेल विमानों की सफलता के बाद अब 114 अतिरिक्त राफेल लड़ाकू विमानों की खरीद प्रक्रिया ने गति पकड़ ली है। रक्षा गलियारों से मिल रही जानकारी के अनुसार, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के आगामी भारत दौरे से पहले रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में रक्षा अधिग्रहण परिषद (डीएसी) की एक महत्वपूर्ण बैठक होने वाली है। इस बैठक में लगभग 3.25 लाख करोड़ रुपये की अनुमानित लागत वाले इस महा-प्रोजेक्ट को अंतिम मंजूरी मिल सकती है। ऑपरेशन सिंदूर के बाद बदली हुई परिस्थितियों में भारत अपने रक्षा क्षेत्र को अभूतपूर्व तेजी से मजबूत कर रहा है।

आगामी 18 से 20 फरवरी तक भारत में आयोजित होने वाली एआई समिट में राष्ट्रपति मैक्रों की भागीदारी के दौरान इस सौदे को अंतिम रूप दिया जा सकता है। प्रस्तावित योजना के मुताबिक, इस प्रोजेक्ट के तहत कुल 114 विमानों में से 18 विमान फ्लाई अवे यानी पूरी तरह तैयार स्थिति में फ्रांस से सीधे भारत आएंगे। वहीं, शेष विमानों का बड़ा हिस्सा मेक इन इंडिया अभियान के तहत भारत में ही निर्मित किया जाएगा। रिपोर्टों के अनुसार, लगभग 60 से 80 फीसदी विमानों का निर्माण भारतीय धरती पर होगा, जिसमें फ्रांसीसी कंपनी दसॉ और भारतीय निजी क्षेत्र की कंपनियां मिलकर काम करेंगी। इस बेड़े में 88 सिंगल सीटर और 26 ट्विन सीटर विमान शामिल होने की संभावना है। रक्षा खरीद बोर्ड से हरी झंडी मिलने के बाद अब यह मामला अगले स्तर की मंजूरी के करीब है, जिसके बाद तकनीकी और वाणिज्यिक स्तर पर औपचारिक बातचीत का दौर शुरू होगा।

रक्षा क्षेत्र में यह निवेश भारत की दूरगामी रणनीति का हिस्सा है। चालू वित्त वर्ष में रक्षा मंत्रालय के लिए 7.85 लाख करोड़ रुपये का भारी-भरकम बजट आवंटित किया गया है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 15 प्रतिशत अधिक है। यह कुल सकल घरेलू उत्पाद का 1.99 प्रतिशत है। इस बजट में सेनाओं के आधुनिकीकरण पर विशेष जोर दिया गया है, जिसके लिए 1.85 लाख करोड़ रुपये का प्रावधान है। रक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि क्षेत्रीय सुरक्षा चुनौतियों, विशेषकर पड़ोसी देशों के बीच बढ़ती नजदीकियों और सीमा पर उभरते नए समीकरणों को देखते हुए भारत के लिए अपनी वायु शक्ति को बढ़ाना अनिवार्य हो गया है। इस डील के पूरा होने के बाद भारतीय वायुसेना के पास राफेल विमानों की कुल संख्या 176 हो जाएगी, जो किसी भी आकस्मिक स्थिति से निपटने के लिए एक मजबूत सुरक्षा कवच प्रदान करेगी। सरकार न केवल हथियारों की खरीद पर, बल्कि अनुसंधान और विकास पर भी निवेश बढ़ा रही है। इस बार अनुसंधान के लिए 17,250 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। साथ ही, रक्षा पेंशन के लिए भी बजट बढ़ाकर 1.71 लाख करोड़ रुपये किया गया है। यह निवेश और राफेल जैसा रणनीतिक सौदा यह स्पष्ट करता है कि भारत अब रक्षा उत्पादन में आत्मनिर्भरता के साथ-साथ तकनीकी श्रेष्ठता के मामले में दुनिया के शीर्ष देशों की श्रेणी में अपनी जगह पक्की कर रहा है।



नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशनंस एलएलपी की ओर से शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 A कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित।
**संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, कार्यकारी संपादक- भीष्म सिंह, प्रबंध संपादक- पंकज कु. सिंह*, प्रधान संपादक- देवेंद्र सिंह** ( *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), **प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह.** 9334331934, 7903538992, 9570107019, **RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902**